चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


गुरुवार, 18 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 151, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com


पहाड़ों में बारिश और मैदान में लू का प्रकोप 14
धीमी ओवर गति के लिए अय्यर पर 12 लाख का जुर्माना 13





एक नजर

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मनाई रामनवमी

**पुवायां।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को वंदना सत्र में श्री राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमदेव मिश्र व मुख्य वक्ता ज्ञानेंद्र एवं संयोजक कृष्ण रहे। विद्यालय के भैया-बहनों ने श्रीराम नवमी के पावन पर्व पर अपने विचार एवं भजनों के माध्यम से श्री राम के बारे में बताया। अंत में मुख्य वक्ता ज्ञानेंद्र, प्रधानाचार्य सोमदेव मिश्र ने श्री राम के चरित्र के बारे में बताया।

### बच्चों को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**पुवायां।** द सेक्रेड हार्ट एकेडमी में कक्षा चार के छात्रों को आत्मरक्षा के लिए बचाव करना और लड़ना सिखाया गया। स्कूली बच्चों को व्यायाम शिक्षक के द्वारा आत्मरक्षा के लिए शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। व्यायाम शिक्षक ने कहा कि हर किसी के लिए अपना बचाव करने के लिए मुक्केबाजी कौशल बहुत महत्वपूर्ण है।

### सटोरिया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** कलान पुलिस को सोमवार की शाम छह बजे सूचना मिली कि मिलकिया मोड़ पर एक युवक सट्टे की पर्ची लिख रहा है। पुलिस ने सटोरिये को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी राजीव निवासी कस्बा कलान है। पुलिस ने उसके कब्जे से सट्टे की पर्ची तथा 420 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर शोभायात्राओं से राममय हुआ महानगर

## श्री हनुमान आराधना सेवा समिति और अखिल भारतीय हिंदू शक्ति सेना के तत्वाधान में निकालीं शोभायात्राएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


शोभायात्रा में आकर्षक वेशभूषा में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल मां दुर्गा की झांकी।


शोभायात्रा में शामिल मां काली की झांकी।

**अमृत विचार:** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर नगर में भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं। एक शोभायात्रा श्री हनुमान आराधना सेवा समिति के बैनर तले हनुमतधाम से और दूसरी अखिल भारतीय हिंदू शक्ति सेना की ओर से भोलागंज (केरूगंज) से पारंपरिक ढंग से निकाली गई। देव स्वरूपों की आकर्षक झांकियों और बैंड बाजे के साथ निकाली गईं शोभायात्राओं का शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

श्री हनुमान आराधना सेवा समिति के तत्वावधान में हनुमतधाम से दोपहर बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। राजेश अवस्थी, डॉ. विजय पाठक और गोविंद मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी, मां दुर्गा, मां काली, शिव-पार्वती, श्री गणेश जी, भारत माता समेत तमाम आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। डीजे पर बज रहे भजनों पर युवाओं ने नृत्य कर खुशियां मनाईं। शोभायात्रा चौक, मालखाना मोड़, घंटाघर, बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए टाउनहाल स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर में देर रात विसर्जित हुई। व्यवस्था में राजेंद्र पटवा, हरिशरण वाजपेयी, सौरभ सोमवंशी, अनिल सिंह चौहान, अंकुर यादव, अंकुर शुक्ला, सत्येंद्र शुक्ला आदि का सहयोग रहा।

- आकर्षक झांकियों ने मन मोहा बैंड बाजों पर झूमे युवा
- शोभायात्राओं का शहरवासियों ने किया पुष्पवर्षा से स्वागत

इधर, अखिल भारतीय हिंदू शक्ति सेना के बैनर तले श्रीराम नवमी शोभायात्रा कमेटी की ओर से प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा भोलागंज (केरूगंज) से आरंभ हुई। चारखंभा, चौक, घंटाघर, बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए शोभायात्रा का समापन बाबा विश्वनाथ मंदिर में ही किया गया। शोभायात्रा में देव स्वरूपों की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। ढोल और बैंड बाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। आयोजन में कमेटी अध्यक्ष हरिकृष्ण कन्हैया, संयोजक आशीष हिंदू, मनोज अग्निहोत्री, पुनीत त्रिवेदी, सर्वेश कुमार आदि का योगदान रहा।


अखिल भारतीय हिंदू शक्ति सेना की शोभायात्रा में शामिल श्रीराम दरबार। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल राधा-कृष्ण की झांकी। ● अमृत विचार

## इंग्लिश मीडियम स्कूलों की जांच कराने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** प्राइवेट स्कूलों में मनमानी फीस और मनचाही दुकानों से किताबें खरीदने की बाध्यता से अभिभावक परेशान हैं। वहीं कई इंग्लिश मीडयम स्कूल अपने पास से ही किताबें खरीदने का दबाव बनाते हैं। इसे लेकर अभिभावकों ने माध्यमिक शिक्षा परिषद को पत्र भेजकर प्राइवेट स्कूलों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

तिलहर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी कौशल कुमार गुप्ता की ओर से सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के नाम भेजे पत्र में कहा गया है कि प्राइवेट विद्यालयों में शिक्षक ही विद्यालय से कॉपी और किताबें देते हैं। इसके बदले अभिभावकों से वास्तविक मूल्य से कहीं ज्यादा पैसा वसूला जाता है। इस तरह निजी व इंग्लिश मीडियम विद्यालयों में भ्रष्टाचार की जड़ें मजबूत हो रही हैं। निजी स्कूल फीस भी मनमानी ले रहे हैं, हर साल फीस बढ़ा दी जाती है जिसके चलते आम अभिभावकों को बच्चों को पढ़ाने में काफी परेशानी हो रही है। विद्यालयों की जांच करवा कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए ताकि एक आम अभिभावक भी अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलवा सके।

पत्र भेजने वालों में डॉ. आलोक अग्रवाल, परविंदर सिंह, सुमित गुप्ता, शशांक गुप्ता आदि के नाम शामिल हैं।

# भ्रातृ प्रेम का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

संवाददाता, खुटार

- बुधवार को हवन पूजन, कन्या भोज के साथ कथा समापन
- मां पंथवारी मंदिर परिसर में चल रही थी भागवत कथा

**अमृत विचार:** मां पंथवारी मंदिर परिसर में सात दिवसीय चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन मंगलवार रात को कथा व्यास ने भ्रातृ प्रेम का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। वहीं बुधवार दोपहर बाद हवन पूजन और कन्या भोज के साथ कथा का समापन हो गया। आयोजक सत्यपाल गुप्ता ने पीलीभीत के कस्बा पूरनपुर के गांव मुजफ्फरनगर निवासी कथावाचक सूरज शास्त्री और उपासना शास्त्री को पगड़ी, रुपयों का हार और चोला पहनाकर सम्मानित किया।

मंगलवार रात को कथावाचक सूरज शास्त्री ने भगवान राम वनवास, दशरथ के प्राण त्यागने और भ्रातृ प्रेम का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि भगवान राम ने तड़का वध के बाद अहिल्या का उद्धार किया। विवाह के बाद भगवान राम फिर अयोध्या पहुंचते हैं। उधर, मंथरा षड्यंत्र रचकर कैकेयी से राम को वनवास और भरत को राजपाट मांगने के लिए मना लेती है। कैकेयी ने राजा दशरथ को पहले दिए गए वचन की बात को याद दिलाते हुए वरदान मांगे। भगवान राम अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वन चले गए और इधर राजा दशरथ ने राम के वियोग में प्राण त्याग दिए। भरत राम को अयोध्या लौटाने के लिए चित्रकूट पहुंचे, पर श्रीराम ने उनको समझाकर वापस जाने को कह दिया। भरत भगवान राम की चरण पादुका लेकर अयोध्या लौट गए और उनकी चरण पादुका सिंहासन पर रखकर राजपाट करने लगे। बुधवार को कन्या भोज के बाद समापन हो गया।


भागवत कथा सुनते बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

# रामनवमी पर तिलहर में निकाली गई भगवान श्री राम की शोभायात्रा

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** रामनवमी के पावन पर्व पर बड़ी धूमधाम के साथ भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई। भगवान स्वरूप झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया। युवा डीजे की धुन पर देश भक्ति के जयकारे लगाते हुए डांस करते हुए चल रहे थे।

बुधवार को श्री बंशी वाले मंदिर सेवा समिति के द्वारा आर्य समाज मंदिर के पास से भगवान स्वरूप झांकियों का पूजन कर शोभायात्रा का आरंभ किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान गणेश की झांकी रही और उसके बाद राधा कृष्ण, शंकर पार्वती, हनुमान, लव कुश, मां दुर्गा, काली मां, माता सरस्वती, काली अखाड़ा तथा राम दरबार की मनमोहक झांकियां रहीं। शोभायात्रा नगर के मोहल्ला कच्चा कटरा, दातागंज, सर्राफा मार्केट, बारह पत्थर, बिरियागंज, पुराने रोडवे से होती हुई देर शाम बंशी वाले हनुमान मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। जहां देर रात तक भंडारा चलता रहा। यात्रा में भक्त भगवान राम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान सिद्धार्थ गुप्ता, सुरेंद्र राठौर, देवेंद्र गुप्ता, धर्मेंद्र चौहान, संजय गुप्ता, गौतम गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, चंद्रकांता आदि मौजूद रहे।


तिलहर में निकाली जा रही श्री राम की शोभायात्रा में शामिल झांकियां। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल भगवान के विभिन्न रूप की झांकियां। ● अमृत विचार

### रामनवमी के अवसर पर हुए कन्या पूजन और भंडारे

**पुवायां, अमृत विचार :** नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी के अवसर पर नगर व क्षेत्र में तमाम मंदिरों पर कन्या पूजन के बाद भंडारों का आयोजन हुआ। नगर के सबसे पुराने देवस्थान मंदिर पर सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू हुई। जिसके बाद रामकुमार गुप्ता व लालाराम राठौर समेत कई श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर उन्हें भोज कराया। इसके बाद उन्हें उपहार दिए गए। जिसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। इसके अलावा महाकाल मंदिर समेत तमाम स्थानों व मंदिरों पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान गौतम गुप्ता, दीपक गुप्ता, हिमांशु, राकेश कसेरा, संतराम राठौर, बब्बू अग्निहोत्री, राम लड़ेते राठौर, रामू गुप्ता समेत श्रद्धालुओं ने अपना सहयोग दिया।


शाहजहांपुर क्रिकेट लीग में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते कृभको फैक्ट्री के वाइस प्रेसीडेंट वर्क्स बीके सिंह।

# शाहजहांपुर स्पोर्ट्स, क्राउन बैरियर क्लब जीते

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कृभको मैदान पर शुरू हुई शाहजहांपुर क्रिकेट लीग

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले बुधवार को जिला क्रिकेट लीग शुरू हुई। कृभको क्रिकेट ग्राउंड पर क्रिकेट लीग का आरंभ कृभको फैक्ट्री के वाइस प्रेसीडेंट वर्क्स बीके सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहला मैच शाहजहांपुर स्पोर्ट्स क्लब और डायमंड क्लब के बीच हुआ। स्पोर्टर्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 169 रन बनाये। अनय चौहान ने 58, रमन ने 18 रन, रंजीत और विमल ने 16-16 रन बनाए। डायमंड क्लब की ओर से अंशुल और दीपक ने दो-दो विकेट लिए। जीत के लिए मिले 170 रन का पीछा करने उतरी डायमंड क्लब की पूरी टीम 24 ओवरों में 137 रन बनाकर आउट हो गई। अनुराग ठाकुर ने 47, संजीव सक्सेना ने 25 रन बनाए। विजेता टीम की ओर से शिवांश मिश्रा ने तीन, सुधीर ने दो विकेट लिए। अनय चौहान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दूसरा मैच में क्राउन बैरियर क्लब व इंडियन क्लब के बीच खेला गया। इंडियन क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवरों में 158 रन बनाए, जिसमें जैद खां और जफर ने 36-36 रन का योगदान दिया। क्राउन बैरियर क्लब की ओर से विपिन ने तीन विकेट, उत्कर्ष व सूरज सैनी ने दो-दो विकेट लिए। दूसरी पारी में क्राउन बैरियर क्लब ने शानदार खेल दिखाते हुए 24 ओवरों में सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान मयंक वर्मा ने 51 और विपिन ने 33 रन की पारी खेली। इंडियन क्लब की ओर से उस्मान ने तीन, मोहसिन ने दो विकेट लिए। विपिन को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। अंपायरिंग शोभित बाजपेई और रजत शर्मा ने की। इस मौके पर फैक्ट्री के संयुक्त प्रबंधक नितेश कुलश्रेष्ठ, वीरेंद्र वनकोटी, यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक, आलोक मिश्र, कोआर्डिनेटर मनोज कुमार, फिरोज खां, वत्सल, शैलेंद्र आदि मौजूद रहे।

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 18 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 151, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



प्लूटो के सीने में भी धड़कता है दिल 14

जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज 13

## कश्मीर में फिर टारगेट किलिंग, बिहार के मजदूर को आतंकियों ने गोलियों से भूना

श्रीनगर, एजेंसी


- अनंतनाग क्षेत्र में हुई घटना, यहां तीसरे चरण में होना है मतदान

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने फिर टारगेट किलिंग को अंजाम दिया। इस बार अनंतनाग जिले में बुधवार को आतंकियों ने बिहार के मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी। इस साल घाटी में यह तीसरी घटना है। आतंकवादियों ने बिजबेहरा इलाके के जबलीपोरा में राजा शाह नामक गैर स्थानीय मजदूर को नजदीक से गोली मारकर घायल कर दिया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। यह घटना अनंतनाग लोकसभा क्षेत्र में हुई है, जहां सात मई को तीसरे चरण में मतदान होना है।

आतंकवादियों ने शहर के हब्बा कदल क्षेत्र के शल्ला कदल इलाके में पंजाब के अमृतसर के श्रमिक अमृतपाल सिंह की 7 फरवरी को गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना में अन्य गैर-स्थानीय श्रमिक रोहित माशी घायल हो गया था और एक दिन बाद उसकी मौत हो गई थी। शोपियां जिले में आतंकियों ने आठ अप्रैल को गैर-स्थानीय कैब चालक दिलरंजीत सिंह को गोली मारकर जख्मी कर दिया। राजा शाह की मौत पर राजनीतिक दलों ने प्रतिक्रिया भी दी है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि ऐसी घटनाएं शांति में बाधा बनेंगी। हमकी निंदा करते हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने इसे हिंसा का संवेदनहीन कृत्य बताया। भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने भी हत्या की निंदा की। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि लोगों को ऐसे कृत्य के खिलाफ एक साथ खड़ा होना चाहिए। आजाद ने 'एक्स' पर कहा कि बिजबेहरा हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन ने संवेदनहीन हिंसा की निंदा की और कहा कि क्रूरता के ऐसे कृत्यों के लिए सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है।

करोड़ों लोग इस अद्भुत पल के साक्षी बने

## 12 बजे कपाट खुलते ही रामलला का हुआ सूर्याभिषेक



अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी पर राम जन्मोत्सव के दौरान श्रीराम जन्मभूमि के गर्भगृह के कपाट बुधवार को पूर्वाह्न 11:45 पर बंद हो गए। 15 मिनट तक शोडषोपचार पूजन और श्रृंगार के बाद दोपहर 12 बजे जैसे ही पट खुले तो रामलला के माथे पर सूर्य की किरणें उनका अभिषेक कर रही थीं।

पांच मिनट तक रामलला का मस्तकाभिषेक हुआ। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला की चौपाइयों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर में बुधवार सुबह तीन बजे मंगला आरती के बाद दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पांच बजते ही पांच वर्षीय रामलला और उत्सव मूर्ति का दूध, दही, पंचामृत और सरयू के जल से अभिषेक किया गया। वस्त्र धारण कराए जाने के बाद श्रृंगार आरती संपन्न हुई। इस दौरान दर्शन की प्रक्रिया जारी रही। पूर्वाह्न 11.45 पर गर्भगृह में विराजमान रामलला के जन्मोत्सव के पूर्व पूजन प्रक्रिया में शोडषोपचार पूजन किया गया। जिसमें भगवान का स्नान, पंचामृत, गंधोधक, सुगन्ध द्रव्य से अभिषेक और तुलसी अर्जन और अन्य परंपराओं को संपन्न किया गया। रामलला को नया स्वर्ण हार व मुकुट धारण कराया गया। रामलला को 56 भोग लगाया गया। सूर्याभिषेक के लाइव प्रसारण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के साथ देश-विदेश में बैठे करोड़ों लोगों ने देखा। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने रामलला की आरती उतारी। 12 से 12:05 तक रामलला के माथे पर सूर्य का तिलक बना रहा।




पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## प्रचार थमा, मतदान कल

### पहला चरण : 21 राज्यों की 102 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग, 1625 प्रत्याशी मैदान में

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकतंत्र के महापर्व के पहले चरण का चुनाव प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया है। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी। देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर कुल 1626 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में कई केंद्रीय मंत्रीयों व पूर्व मुख्यमंत्री समेत पूर्व राज्यपाल की किस्मत दांव पर है।

19 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की 8, राजस्थान की 13, मध्य प्रदेश की छह, असम की पांच, बिहार की चार, महाराष्ट्र की पांच, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ की एक-एक, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश की दो-दो, त्रिपुरा की एक, उत्तराखंड की पांच, तमिलनाडु की 39, पश्चिम बंगाल की तीन, सिक्किम, नगालैंड, अंडमान और निकोबार, मिजोरम, पुडुचेरी, मणिपुर व लक्षद्वीप में मतदान होगा।

चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने के लिये चुनाव आयोग ने 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए हैं। सार्वजनिक रूप से प्रचार पर पाबंदी के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें अपने पक्ष में मत डालने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। प्रचार के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम और त्रिपुरा में जनसभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोल्लार में चुनावी रैली को संबोधित किया।

सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, नागपुर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार जीतने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री किरन रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार नबाम तुकी के सामने हैं। केन्द्रीय जहाजरानी जल मार्ग एवं बंदरगाह मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम में डिब्रूगढ़ और केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) से चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह के चुनावी भविष्य का निर्णय ऊधमपुर सीट पर होने जा रहा है और उनके सहयोगी भूपेन्द्र यादव राजस्थान की अलवर सीट से भाग्य आजमा रहे हैं। राजस्थान की ही बीकानेर सीट पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल से है।



भीमताल के रिखाकोट पोलिंग बूथ पर ईवीएम ले जाती पोलिंग पार्टी।

पीलीभीत, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर

### पहले चरण में उप्र में होना है आठ सीटों पर पोलिंग

**लखनऊ।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के लिए प्रचार बुधवार की शाम खत्म हो गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के लिए 12 विकल्पों का प्रयोग भी कर सकेंगे। वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों की ओर से जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र-राज्य सरकार, सांसदों, विधायकों व विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे।

राहुल और अखिलेश ने गाजियाबाद में की संयुक्त पत्रकार वार्ता

## चुनावी बॉण्ड ने बैंड बजाया 150 पर सिमटेगी एनडीए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस-सपा की संयुक्त पत्रकार वार्ता में बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए 150 सीटों तक सिमट कर रह जाएगी। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वो (एनडीए) 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे से होगी।

कौशांबी (गाजियाबाद) स्थित होटल में हुई प्रेसवार्ता में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और बागपत के गठबंधन के प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा, सपा के पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर मौजूद रहे।

अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चल रही है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग है। राहुल ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस और भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश में है तो दूसरी ओर इंडी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए चुनाव लड़ रही है।



- एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा : अखिलेश यादव
- इंडी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ रहा चुनाव : राहुल गांधी

### ये तो भाजपा वाला सवाल

अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि ये भाजपा वालों का सवाल है, बहुत अच्छा...मुझे जो आदेश मिलेगा मैं उसका पालन करूंगा।

राहुल गांधी के मुताबिक, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने बताया कि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था पारदर्शिता के लिए, राजनीति को साफ करने के लिए लाया गया। अगर ये सच है तो सुप्रीम कोर्ट ने उस व्यवस्था को क्यों रद कर दिया और दूसरी बात अगर आप पारदर्शिता लाना चाहते थे तो आपने भाजपा को पैसा देने वालों के नाम क्यों छुपाए। आपने उन तारीखों को क्यों छुपाया जिस दिन उन्होंने आपको पैसे दिए थे?

### एक नजर

#### हेमंत मामले में चार और गिरफ्तारी

**रांची।** ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ जमीन हड़पने से जुड़े धनशोधन मामले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में अंतु तिर्की, प्रिय रंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद है। ईडी ने मंगलवार को तिर्की और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी और पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। तिर्की कथित तौर पर सोरेन से जुड़ा हुआ है जबकि सिंह रियल एस्टेट व्यवसायी है। ईडी के आरोपपत्र के अनुसार सहाय ने अन्य के साथ मिलकर जमीन से संबंधित दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा किया है।

#### आचार संहिता का उल्लंघन केसीआर को नोटिस

**नई दिल्ली/हैदराबाद।** भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कथित तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया है। कांग्रेस नेता निरंजन रेड्डी ने चुनावी बैठक के दौरान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बारे में कथित अनुचित टिप्पणियों के लिए राव के खिलाफ आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के जवाब में ईसीआई ने मंगलवार रात राव को नोटिस जारी किया।

## झोलाछाप के इंजेक्शन से बरेली के मजदूर की मौत

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

- परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में दी तहरीर

**अमृत विचारः** मिलक में झोलाछाप के इंजेक्शन से मजदूर की मौत हो गई। परिजनों ने हंगामा कर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई है।

बरेली के थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव परचई के गेंदनलाल मिलक मंडी में पल्लेदार था। मंगलवार रात 10 बजे उसे सीने में दर्द हुआ। साथी दयाराम उसे लेकर हाइवे स्थित हॉस्पिटल पहुंचा। यहां झोलाछाप ने उसे दवा दी और इंजेक्शन लगाया, जिसके बाद गेंदनलाल का शरीर अकड़ने लगा और सीना पकड़कर गिर गया। इस पर झोलाछाप ने उसको सरकारी अस्पताल ले जाने को कहा। साथी उसे सरकारी अस्पताल ले गए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बासित अली ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। साथी की मौत से मजदूरों में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों को गेंदनलाल के साथियों ने झोलाछाप के इंजेक्शन देने के बारे में जानकारी दी। इस पर परिजनों ने झोलाछाप के खिलाफ अस्पताल में हंगामा किया। परिजनों ने झोलाछाप के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दे दी है।

## शहीद की पत्नी को सरकार वित्तीय लाभ देने पर राजी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने चार साल पहले जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए मेजर अनुज सूद के परिवार को वित्तीय लाभ देने का फैसला ले लिया। सरकार ने पहले अनुज की पत्नी आकृति को इस आधार पर वित्तीय लाभ देने से इनकार कर दिया था कि सूद न तो महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और न ही 15 वर्ष से राज्य में रह रहे थे। आकृति सूद ने अपनी याचिका में सरकार के इस फैसले को चुनौती दी थी।



## हाईकोर्ट की फटकार के बाद जज हुए हाजिर, मांगी माफी

लखनऊ, विधि संवाददाता

### अभियुक्तों की मर्जी के बिना मजहब के आधार पर न्याय मित्र नियुक्त करना गलत

- कहा, जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ किया भेदभाव

**अमृत विचार :** अवैध धर्मांतरण केस में अदालत में उपस्थित गवाह से जुमे की नमाज पढ़ने जाने का हवाला देकर जिरह न करने की आलोचना करने व संबंधित अधिवक्ताओं के नमाज के लिए जाने पर न्याय मित्र नियुक्त करने वाले एनआईए/एटीएस कोर्ट के विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने हाईकोर्ट की फटकार के बाद बिना शर्त माफी मांगी है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने विशेष जज के विरुद्ध सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ भेदभाव किया है। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि अपनी पसंद और अपने मजहब के अधिवक्ता नियुक्त कर चुके अभियुक्तों की मर्जी के खिलाफ उनके लिए न्याय मित्र नियुक्त करना, धर्म के आधार पर भेदभाव है, जो संविधान के अनुच्छेद 15 का स्पष्ट उल्लंघन है। न्यायालय की इन टिप्पणियों के साथ जज को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल करने के लिए दो दिनों का समय दिया है। अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने एक अभियुक्त मोहम्मद इदरीस की याचिका पर पारित किया है।

अभियुक्त मोहम्मद इदरीस ने हाईकोर्ट में धारा 482 के तहत याचिका दाखिल कर विशेष जज के आदेशों को चुनौती दी थी। 5 मार्च को याचिका पर सुनवाई के बाद जब पुनः 15 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई तो न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने विशेष जज पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने 5 मार्च के आदेश को ठीक से नहीं समझा। आगे कहा कि विशेष जज ने इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को देने के सम्बंध में कोई आदेश क्यों नहीं पारित किया। न्यायालय ने उक्त मामले में याची मोहम्मद इदरीस के विरुद्ध ट्रायल पर भी अग्रिम आदेशों तक के लिए रोक लगा दी है।

### यह था मामला

दरअसल विशेष जज की अदालत में जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में मोहम्मद उमर गौतम समेत अन्य अभियुक्तों का विचारण चल रहा है। हाईकोर्ट की दो जजों की खंडपीठ ने 16 दिसम्बर 2022 को आदेश दिया था कि उक्त मामले के विचारण की कार्यवाही एक वर्ष में पूरी की जाए जिसके बाद विशेष जज ने दिन-प्रतिदिन सुनवाई की कार्यवाही प्रारम्भ की। 19 जनवरी 2024 को मामले में हाजिर गवाह से जिरह करने के लिए जब अदालत ने अधिवक्ताओं से कहा तो मुस्लिम अधिवक्ता नमाज के लिए जाने की बात कह कर चले गए थे।

## असफल प्रेमी की आत्महत्या के लिए प्रेमिका जिम्मेदार नहीं : हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में दो व्यक्तियों की अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए कहा है कि यदि कोई पुरुष प्रेम में विफलता के कारण अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेता है, तो उसकी महिला साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

अदालत ने कहा कि कमजोर और दुर्बल मानसिकता वाले व्यक्ति द्वारा लिए गए गलत फैसले के लिए किसी अन्य व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा यदि कोई प्रेमी प्रेम में विफल रहने के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई छात्र परीक्षा में अपने खराब प्रदर्शन के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई मुवक्किल अपना मामला खारिज किए जाने के कारण आत्महत्या करता है तो क्रमशः प्रेमिका, परीक्षक और वकील को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने यह आदेश एक महिला और उसके दोस्त को अग्रिम जमानत देते हुए पारित किया था। वर्ष 2023 में एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में इन दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

मृतक के पिता की शिकायत के अनुसार, महिला व उनके बेटे में प्रेम संबंध थे और दूसरा आरोपी उन दोनों का साझा मित्र था। यह आरोप लगाया गया था कि याचिकाकर्ताओं ने मृतक को यह कहकर उकसाया कि दोनों आरोपियों के बीच शारीरिक संबंध हैं और वे जल्द ही शादी करेंगे। मृतक का शव उसकी मां को उसके कमरे में मिला था। सुसाइड नोट भी मिला था, जिसमें लिखा था कि वह उन दोनों के कारण आत्महत्या कर रहा है।




- खुदकशी के लिए अन्य को नहीं ठहरा सकते दोषी

## टाइम की सूची में अजय बंगा, आलिया भट्ट, साक्षी मलिक

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- बुधवार को टाइम मैगजीन ने जारी की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट
- सूची में माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला और रेस्तरां मालकिन अस्मा खां भी शामिल







विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, अभिनेत्री आलिया भट्ट, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, ओलंपियन पहलवान साक्षी मलिक और अभिनेता-निर्देशक देव पटेल को टाइम पत्रिका की 100 सर्वाधिक प्रभावशाली हस्तियों की सूची शामिल किया गया है। यह सूची बुधवार को जारी हुई। टाइम के वर्ष 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में अमेरिकी ऊर्जा विभाग के ऋण कार्यक्रम कार्यालय के निदेशक जिगर शाह, येल विश्वविद्यालय में खगोल विज्ञान और भौतिकी की प्रोफेसर प्रियंवदा नटराजन, भारतीय मूल की रेस्तरां मालकिन अस्मा खान एवं रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी की विधवा यूलिया नवेलनाया भी शामिल हैं।

अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन द्वारा टाइम पत्रिका में लिखी गई पूर्व मास्टरकार्ड सीईओ की प्रोफ़ाइल में कहा गया है, एक आवश्यक संस्थान को बदलने के महत्वपूर्ण कार्य के लिए कौशल और जिजीविषा वाले एक नेता को ढूंढना आसान नहीं होता है, लेकिन गत वर्ष जून में विश्व बैंक का अध्यक्ष बनने के बाद से अजय बंगा ने दोनों का अद्भुत मिश्रण पेश किया है। येलेन ने कहा, जलवायु परिवर्तन जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों से हमारे सामूहिक भविष्य को खतरा है, मैं इससे बेहतर साझेदार की कल्पना नहीं कर सकती जिसके साथ दुनिया भर के लोगों की ओर से निर्णायक कार्रवाई की जा सके।

निर्देशक, निर्माता और लेखक टॉम हार्पर ने आलिया भट्ट को एक अद्भुत प्रतिभा बताते हुए टाइम प्रोफ़ाइल में कहा कि वह न केवल दुनिया की अग्रणी अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो एक दशक से अधिक समय से भारतीय फिल्म उद्योग में अपने काम के लिए प्रशंसित हैं, बल्कि वह एक व्यवसायी महिला और परोपकारी भी हैं, जो ईमानदारी के साथ आगे बढ़ती हैं। नडेला के बारे में कहा गया है, वह हमारे भविष्य को आकार देने में बेहद प्रभावशाली हैं और यह मानवता के लिए अच्छी बात है। दिल से प्रौद्योगिकीवेत्ता सत्या एआई को एक ऐसे उपकरण के रूप में देखते हैं जो इंसानों को सशक्त बनाएगा। हालांकि अनपेक्षित परिणामों और दुरुपयोग के बारे में चिंता वाजिब है।

मलिक के बारे में ऑस्कर-नामित वृत्तचित्र की निर्माता निशा पाहुजा लिखती हैं कि वह भारत के सर्वाधिक चर्चित पहलवानों में से एक थीं, जो महिला एथलीटों के यौन उत्पीड़न के आरोपी एवं भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रमुख बृज भूषण सिंह की तत्काल गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग के लिए 2023 की शुरुआत में दिल्ली के जंतर मंतर पर एकत्र हुए थे।

# हवन और कन्या भोज के साथ नवरात्र का पारायण

## घरों और मंदिरों में हुए हवन पूजन, साधकों ने कन्याओं को भोज कराकर मांगा आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** वासंतिक नवरात्र (चैत्र नवरात्र) के अंतिम दिन मातारानी के भक्तों ने मां दुर्गा के अंतिम स्वरूप माता सिद्धिदात्री का पूजन और कन्याओं को भोज कराकर व्रतों का पारायण किया। अंतिम दिन घरों और मंदिरों में हवन पूजन भी किया गया।

- घरों के अलावा मंदिरों में भी हुए कन्या भोज
- कन्याओं को उपहार और दक्षिणा देकर लिया आशीष

नवरात्र में उपवास पर चल रहे भक्तों ने बुधवार को सुबह स्नानादि से निवृत्त होकर हवन पूजन की तैयारी की। पुरोहितों ने हवन पूजन कराया। इसके बाद भक्तों ने पारंपरिक ढंग से कन्याओं को भोज कराया और उन्हें दान-दक्षिणा, उपहार भेंटकर आशीर्वाद लिया। कन्याओं को भोज कराकर ही उपवास पर चल रहे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर व्रत का पारायण किया। हवन पूजन में दी गईं आहुतियों से वातावरण सुगंधित और पवित्र होता रहा। अंतिम दिन भोज कराने के लिए कन्याओं की खोजबीन चलती रही। जिसको जितनी कन्याएं मिलीं उतने को ही भोज कराकर पुण्य अर्जित किया गया।

कन्याओं को भोज कराने के लिए मंदिरों में भी खासी रौनक रही। लोग परिवार के साथ मंदिरों में पहुंच गए और मंदिर में मौजूद कन्याओं को दही-जलेबी, हलवा-चना का भोज कराकर उन्हें दक्षिणा दी। इसी तरह घरों में महिलाओं ने कन्याओं को तरह-तरह के उपहार और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया और उन्हें विदा किया।



श्री दुर्गा मंदिर मंडी में नवमी पर माता रानी के दर्शन कर आशीष लेते श्रद्धालु।



घरों में कन्या भोज कराती माता रानी की भक्त। ● अमृत विचार

### गायत्री शक्तिपीठ में हुआ सात कुंडीय यज्ञ

**शाहजहांपुर।** गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा में नवरात्र में चल रहे अखंड जप का समापन हो गया। समापन पर सात कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया, जिसमें गायत्री परिजनों ने विश्व शांति और उन्नति के लिए आहुतियां समर्पित कीं। इस अवसर पर बच्चों के संस्कार भी कराए गए। युगऋषि संदेशवाहक सूरज वर्मा ने कहा की नव वर्ष पर चारों ओर नई फसल, नए फूल के साथ ही नया आध्यात्मिक माहौल भी हमारे आसपास होता है। मुख्य यजमान शक्ति पीठ ट्रस्टी जयसिंह यादव ने सपत्नीक पूजन किया। इसके बाद शुरू हुए सात कुंडीय यज्ञ में सैकड़ों परिजनों ने सहभागिता करते हुए यज्ञ में पूर्णाहुति दी। मंजू, गीता, सविता, सरिता एवं शिवानी ने उपासना पद्धति और उसकी उपयोगिता से अवगत कराया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी एवं व्यस्थापक राजाराम मौर्य की देखरेख में चले अनुष्ठान के समापन पर कन्या भोज कराकर प्रसाद वितरित किया गया।



### शिव मंदिर में गूंजे देवी गीत

**शाहजहांपुर।** शहर के मोहल्ला लाला तेली बजरिया स्थित प्राचीन शिव मंदिर में नवरात्र के समापन पर महिलाओं ने देवी गीत और छंद गाकर मातारानी का गुणगान किया। पुजारी सुरेश चंद्र मिश्र ने हवन पूजन कराया। समापन पर कन्याओं को भोज कराया गया। आयोजन में सुनीता पाठक, प्रेमवती मिश्रा, कंचन मिश्रा, कांती पांडेय, मनोरमा, सुनील अग्रवाल, मंजू सक्सेना आदि का योगदान रहा। दोपहर 12 बजे रामनवमी मनाई गई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की आरती कर प्रसाद वितरित किया।

## पुवायां में निकाली गई शोभायात्रा

संवाददाता, पुवायां



शोभायात्रा में शामिल राम, लक्ष्मण, सीता की झांकी।

**अमृत विचारः** नगर में बुधवार शाम श्री रामलीला मेला समिति के तत्वावधान में रामनवमी पर हरे राम पक्का तालाब पर देव स्वरूपों का पूजन अर्चन किया गया। भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की शोभा यात्रा निकाली गई।

वहीं क्षेत्र के गांव धारा स्थित हनुमत धाम पर रामनवमी के उपलक्ष्य में श्री राम प्रकटोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे श्री राम दरबार को भव्य रूप से सजाया गया। राकेश पुजारी ने पूजन अर्चन कर आरती उतारी। इसके उपरांत श्री रामचरितमानस अखंड पाठ का आरंभ किया गया। इस अवसर पर जगदंबा प्रसाद, प्रदीप पांडेय व्योम, संतोष वर्मा, टिंकू, रामा श्रीवास्तव, गायत्री शर्मा, सुनील दीक्षित और डॉ. प्रदीप वैरागी आदि मौजूद रहे।

## प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...



माता के जगराते में बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार



कलाकारों ने प्रस्तुत की झांकी।

संवाददाता, तिलहर

- माता रानी के भजनों पर पूरी रात झूमते रहे भक्त
- मधुबन कॉलोनी में आयोजित हुआ दुर्गा जागरण, झांकियों ने मन मोहा

**अमृत विचारः** नवरात्रि के अंतिम दिन मधुबन कॉलोनी में आयोजित दुर्गा जागरण में कलाकारों ने पूरी रात मां भगवती का गुणगान किया। इस दौरान मनोहारी झांकियों की प्रस्तुति देख श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

नगर के मोहल्ला मधुबन कॉलोनी में आयोजित दुर्गा जागरण में आयोजकों ने मां भगवती की पूजा अर्चना की। उसके बाद गणेश वंदना के साथ जागरण का प्रारंभ हुआ। बरेली से आए बाबा म्यूजिकल ग्रुप तथा पिंकू एंड जागरण पार्टी के कलाकारों ने पूरी रात महामाई का गुणगान किया। इस दौरान भजन गायिका पूजा ने आया है बुलावा मां शेरावालिये, ऊंचा तेरा है भवन, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, राधा बन के देखो मेरे सांवरिया, चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया, भजन पर श्रोता पूरी रात झूमते रहे। इसके बाद जगराते के मध्य में कलाकारों ने शिव पार्वती, माता रानी, भगवान राम सहित तमाम मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। प्रातःकाल तारा रानी की कथा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान राजीव सक्सेना, विकास सक्सेना, सुमित सिंह, रजत, आदित्य सिंह, ऋषि द्विवेदी, अन्ना सिंह प्रदीप सक्सेना, परविंदर यादव सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।



माता रानी की आरती करते आयोजक।

## दुर्गा देवी मेला आज से, खुलेंगे मंदिर के कपाट

**कुर्रिया कला, अमृत विचारः** जिला मुख्यालय से तीस किलोमीटर दूर कुर्रिया कलां का प्रसिद्ध दुर्गा देवी मेला आज शुरू होगा, जो 20 अप्रैल तक चलेगा। मंदिर के कपाट आज सुबह 4 बजे से खुलेंगे। दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं और दुकानदारों को कोई असुविधा न हो इसलिए दुर्गा देवी मेला समिति के अध्यक्ष सोनपाल सिंह ने पूरी तैयारी कर ली है।

कुर्रिया कलां के प्रसिद्ध दुर्गा देवी मंदिर में सैकड़ों सालों से साल में दो बार तीन दिवसीय मेले का आयोजन होता है। जहां हर बार हजारों की संख्या में प्रदेश और देश की हर जगह से लोग मां के दरबार में दर्शन करने आते हैं। रात दिन लगने वाले इस मेले में नृत्य और धार्मिक कहानियों का मंचन भी किया जाता है। भारी भीड़भाड़ के बीच शांतिपूर्ण आयोजन करना आयोजकों के लिए मुश्किल भरा होता है।मंदिर के पुजारी गुरुदेव दीक्षित ने बताया कि प्राचीनकाल से मेला लगता चला आ रहा है। दुर्गा देवी मेला समिति के अध्यक्ष सोनपाल सिंह ने बताया कि मेले को लेकर सब तैयारियां कर ली गई हैं। दुर्गा देवी मंदिर में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## पहचान के रूप में खिरनीबाग क्षेत्र में रोपी खिरनी की पौध



पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में वीआईपी ग्रुप के साथ खिरनी की पौध रोपते नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा, एसपी सिटी संजय कुमार।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के नौ दिवसीय स्थापना दिवस का हुआ समापन

**अमृत विचारः** रामनवमी के पावन अवसर पर वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स की ओर शहर में विलुप्त हो चुके खिरनी के पेड़ों की पहचान कराने के लिए खिरनीबाग क्षेत्र में खिरनी की पौध रोपित की गई। इसी के साथ ग्रुप के 9 वर्ष पूरे होने पर चलाया गया नौ दिवसीय स्थापना दिवस का समापन भी हो गया।

बता दें कि किसी जमाने में सदर बाजार क्षेत्र में खिरनी का बाग हुआ करता था, जिसके नाम पर ही मोहल्ला का नाम भी खिरनीबाग रखा गया। अब चूंकि पूरा बाग कटकर शहर बस चुका है, लिहाजा वीआईपी ग्रुप के सदस्यों ने ग्रुप के स्थापना दिवस पर खिरनी के पौधे रोपने का संकल्प लिया, जिसे ग्रुप के संरक्षक समाजसेवी चंद्रशेखर खन्ना धीरू ने पौध उपलब्ध कराकर संकल्प को अमलीजामा पहनाने में मदद की। खिरनी पौध रोपित किए जाने का सिलसिला खिरनीबाग स्थित बिस्मिल पार्क से हुआ। इसके बाद पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, जिला सैनिक पुनर्वास कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, राजकीय इंटर कालेज, थाना सदर बाजार में खिरनी की पौध रोपित की गई। इस दौरान कुल 21 पौधे लगाए गए।

ग्रुप अध्यक्ष नीतू गुप्ता और क्रिएटर अभिनय गुप्ता के नेतृत्व में पौध रोपित करने वालों में नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा, एसपी सिटी संजय कुमार, थाना सदर बाजार प्रभारी रवींद्र सिंह, धीरू खन्ना, पूर्व सभासद नरेंद्र मिश्रा गुरु, पूर्व सैनिक मदन मोहन वर्मा, शासकीय अधिवक्ता आशीष त्रिपाठी, ज्योति गुप्ता, रजनी गुप्ता, अवधेश शुक्ला, रिद्धि बहल, प्रधान अनिल गुप्ता आदि शामिल रहे।


चर्म रोग एवं गुर्दे की पथरी के लिए
निःशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर
दि. 22.04.24 (सोमवार) से दि. 02.05.24 तक
दवाईयों में भी 30% तक की छूट दी जायेगी।
क्या आपको पथरी है? बिना ऑपरेशन सम्भव है
पथरी का इलाज




डॉ. ब्रजेश कुमार
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन (निकट संजय नगर पेट्रोल पंप), बरेली।
9058575790
8077383286
• पथरी, • चर्म रोग, • बवासीर, • बालों का झड़ना, • सर्वाइकल, • गुप्त रोग, • लकवा, • मानसिक रोग (डिप्रेशन)
होम्योपैथी से बिना ऑपरेशन पथरी निकली



प्रह्लाद सक्सेना, बरेली
9 mm



अरशद, सैंथल
6 mm & 4 mm



राम, बीसलपुर
12 mm
मिलने का समय
प्रातः 11:00 से 4:00 बजे तक
सायं 06:00 से 8:30 बजे तक
रविवार
दोपहर 12 से 2 बजे तक



ओम शान्ति हॉस्पिटल



डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)



डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षणः- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448



डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518




डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# कलेक्ट्रेट में कड़ी सुरक्षा के बीच आज से शुरू होंगे नामांकन

## खिरनीबाग चौराहा, एसपी ऑफिस रोड व कचहरी तिराहा पर बैरिकेडिंग की गई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा और ददरौल उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया आज गुरुवार से कलेक्ट्रेट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो रही है। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट के चारों ओर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था व जगह-जगह बेरीकेडिंग की गई है। कलेक्ट्रेट मुख्य गेट से नामांकन को आने वाले प्रत्याशियों को प्रवेश दिया जाएगा। लोकसभा चुनाव के नामांकन जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष संख्या 10 में और ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन का नामांकन कक्ष संख्या 11 में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होंगे। अवकाश के दिनों में नामांकन नहीं होंगे। इस बार नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट को तिरंगे से सजाया गया है, जो देखने में आकर्षक लगता है।

नामांकन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रत्याशी के लिए एक प्रस्तावक और निर्दलीय के लिए 10 प्रस्तावक होंगे। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अभ्यर्थी भारत के किसी राज्य की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक होना चाहिए। उम्मीदवार की आयु 25 वर्ष से कम न हो। जमानत राशि सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के लिए 25000 और आरक्षित वर्ग के व्यक्ति के लिए 12,500 रुपये होगी।


तिरंगे से सजाया गया कलेक्ट्रेट। • अमृत विचार

### नामांकन फार्म नि:शुल्क मिलेंगे

लोकसभा चुनाव व उपचुनाव के लिए कलेक्ट्रेट में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे के बीच प्रत्याशियों को नि :शुल्क फार्म उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए एक आईडी लेकर आना होगा।

### पांच मजिस्ट्रेट तैनात किए गए

सुरक्षा को देखते हुए पांच मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस तिराहा पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक प्रताप रहेंगे। जबकि खिरनी बाग चौराहे पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दुर्गेश यादव देखेंगे। इसी तरह कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट नंबर एक पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट जीत सिंह, कलेक्ट्रेट के अंदर लोकसभा नामांकन कक्ष के सामने एसडीएम जलालाबाद रविंद्र कुमार और कलेक्ट्रेट गेट के अंदर विधानसभा नामांकन कक्ष के सामने एसडीएम कलान महेश कैथल की ड्यूटी लगाई गई है।

### जिले में मतदाता

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | -23,22,102 |
| पुरुष मतदाता | -12,46,206 |
| महिला मतदाता | -10,75,739 |
| तृतीय लिंग मतदाता | -158 |
| 18 से 19 साल के मतदाता | - 51,264 |
| 20 से 29 वर्ष के मतदाता | -4,38,923 |
| 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता | -21,096 |
| 100 वर्ष से अधिक के मतदाता | -365 |
| दिव्यांग मतदाता | -20,574 |
| सर्विस मतदाता | -1303 |

### 25 तक होंगे नामांकन

नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू होने के बाद 25 अप्रैल तक चलेगी। इसके बाद 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 29 अप्रैल तक नाम वापसी हो सकेगी।

# मैरिज लॉन संचालक तथा पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

• पार्षद पति को धक्का देने का मामला

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** मोहल्ला गढ़ी गाड़ीपुरा में मैरिज लॉन में गेंहू की ट्रालियों के खड़ी होने पर गंदगी को लेकर पार्षद पति ने विरोध किया। इस दौरान विवाद बढ़ जाने से मैरिज लॉन संचालक ने पार्षद पति को धक्का दे दिया। पुलिस ने इस मामले में मैरिज लॉन संचालक और उसके पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी गाड़ीपुरा निवासी लाल सिंह यादव की पत्नी नगर निगम की पार्षद हैं। बुधवार को राम नवमी को लेकर पार्षद पति मोहल्ले में सफाई का कार्य करा रहे थे। मोहल्ले में मैरिज लॉन में गेहूं की ट्रालियों के आने के कारण गंदगी हो गई।

पार्षद पति ने मैरिज लॉन संचालक नितिन गोयल से गंदगी न करने के लिए कहा। इस बात से संचालक नाराज हो गए और गाली देने लगे। पार्षद पति का आरोप है कि मैरिज लॉन संचालक तथा उसके पुत्र ने उन्हें धक्का दे दिया।

पार्षद पति ने थाने पर तहरीर दी। रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि मैरिज लॉन संचालक नितिन गोयल तथा उसके पुत्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## एक नजर

### रंजिशन युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला निसरजई निवासी कृष्णा देवी ने बताया कि उसके पड़ोस में शिवम से पुरानी रंजिश चल रही है। 26 मार्च की सुबह आठ बजे उसका बेटा मजदूरी करने जा रहा था। आरोप है कि शिवम आदि ने उसके बेटे को रोक लिया और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपी उसके बेटे पर हमलावर हो गए। एक आरोपी ने तमंचा निकालकर उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने घर में घुसकर उनके परिवार वालों को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि एसपी के आदेश पर आरोपी शिवम, सुबेदार, रेशमा आदि के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक और महिला कर्मी मुरादाबाद तलब

• दो दिन पहले दो घंटे बंद रहा था पूछताछ कार्यालय, ट्रेनों का नहीं हो पाया था एनाउंस

• यात्रियों की शिकायत पर रेलवे मंडल के अधिकारियों ने लिया संज्ञान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** रेलवे स्टेशन पर पूछताछ कार्यालय में ड्यूटी को लेकर काफी दिक्कत हो रही है। टिकट घर के कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी न करने पर मुरादाबाद मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक विशाल शर्मा ने मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक तथा एक महिला कर्मचारी को मुरादाबाद तलब किया है।

रेलवे स्टेशन पर पूछताछ कार्यालय में पहले आठ-आठ घंटे की ड्यूटी टीसी स्टाफ करता था। मंडल के अधिकारियों ने निर्देश दिए कि टीसी स्टाफ से पूछताछ कार्यालय ड्यूटी न करायी जाए और रेलवे की अर्निंग के लिए चेकिंग कराई जाए। टीसी स्टाफ से ड्यूटी न कराए जाने पर अधिकारियों के सामने समस्या आ गयी कि पूछताछ कार्यालय पर किस कर्मचारी की ड्यूटी लगायी जाए। आदेश हुए कि पार्सल तथा टिकट घर स्टाफ से पूछताछ कार्यालय में ड्यूटी कराई जाए। जबकि टिकट घर में आठ का स्टाफ है। पूछताछ कार्यालय में ड्यूटी को लेकर स्टाफ बीमारी बताकर छुट्टी कर लेता है। दो दिन पूर्व पूछताछ कार्यालय में एक कर्मचारी 12 घंटे ड्यूटी करके घर चला गया। दूसरा कर्मचारी न आने पर दो घंटे तक पूछताछ कार्यालय बंद रहा और ट्रेनों का एनाउंस नहीं हुआ था। यात्रियों ने मंडल के अधिकारियों से शिकायत की थी। टिकट घर की एक महिला कर्मचारी सिक लीव के बाद मंगलवार को ड्यूटी पर आई और पूछताछ कार्यालय में ड्यूटी करने से मना कर दिया। सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि पूछताछ कार्यालय में ड्यूटी को लेकर मुख्य टिकट पर्यवेक्षक रामवदन तथा श्रष्टि को मुरादाबाद तलब किया है।

# पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव डभौरा निवासी मीनू ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले रामसरन निवासी बसेला कोतवाली जिला बदायूं के साथ हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से 50 हजार रुपये, बाइक तथा सोने की चेन लाकर दो। मीनू ने कहा कि मायके वालों की हैसियत नहीं है कि बाइक तथा 50 हजार रुपये दे पाए। इस बात से ससुराल वाले नाराज हो गए और प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि 31 मार्च को ससुराल वालों ने मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति रामसरन, सियाराम, सत्यवती, अलका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024

प्रथम चरण : 19 अप्रैल, 2024
मतदान का समय : प्रातः 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र
सहारनपुर
मुजफ्फरनगर
कैराना
बिजनौर
नगीना
मुरादाबाद
रामपुर
पीलीभीत



पोलिंग बूथ पर उपलब्ध सुविधाएं
• पीने का पानी, टॉयलेट, वेटिंग एरिया व लंबी कतार होने पर बैठने की व्यवस्था • दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, रैंप व वॉलिंटियर की सुविधा

कृपया पोलिंग बूथ पर मोबाइल फोन लेकर न जाएं

अगर आपके पास मतदाता पहचान पत्र (EPIC) नहीं है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य इन 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक अपने साथ लेकर पोलिंग बूथ जाएं और अपनी पहचान स्थापित करें

01 आधार कार्ड
02 मनरेगा जॉब कार्ड
03 बैंक/डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक
04 स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी)
05 ड्राइविंग लाइसेंस
06 पैन कार्ड
07 स्मार्ट कार्ड (एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी)
08 भारतीय पासपोर्ट
09 पेंशन दस्तावेज़ (फोटोग्राफ सहित)
10 फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा जारी)
11 आधिकारिक पहचान पत्र (सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए)
12 विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी कार्ड)

मैं हूँ ना!! वोटर लिस्ट में? Voter Helpline App ऐप में चेक करें # मैं हूँ ना
QR CODE FOR CEO WEBSITE
QR CODE FOR VOTER HELPLINE APP

हर वोट है जरूरी
मतदान जरूर करें

# एक वोट देश के लिए
अपने क्षेत्र में मतदान की तिथि जानने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें

voiceofvotersup | @ceoup | ceo_up | @ceoup | हेल्पलाइन : 1950/1800 180 1950
मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश

# 222 युवाओं का टूटा उद्यमी बनने का सपना

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 327 ने किया था ऋण के लिए आवेदन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



जिला उद्योग केंद्र।

- बैंक ने 222 आवेदन किए निरस्त, मात्र 105 को मिल सका ऋण
- लगातार प्रचार-प्रसार के बाद भी अपेक्षित लोगों को नहीं मिला ऋण

**अमृत विचार :** युवाओं को नौकरी मांगने वाले की जगह नौकरी देने वाला बनाने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना शुरू की गई है। योजना के तहत बीते वर्ष कुल 327 लोगों ने ऋण पाने के लिए आवेदन किया, जिनमें से 105 को ऋण मिला और यह उद्योग स्थापित कर नौकरी मांगने वाले की जगह पर नौकरी देने वाले बने। शेष 222 युवाओं के आवेदन निरस्त होने की वजह से उन्हें ऋण नहीं मिल सका। ऐसे में उनका नौकरी देने वाला बनने का सपना फिलहाल सपना ही रह गया है।

सीएम स्वरोजगार योजना के तहत युवाओं को रोजगार स्थापित करने के लिए निर्माण व सर्विस सेक्टर के लिए जिला उद्योग केंद्र से 25 लाख तक का ऋण 25 प्रतिशत के अनुदान पर दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 327 युवाओं ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत ऋण पाने के लिए जिला उद्योग केंद्र में आवेदन किया, लेकिन जैसा अनुमान था उस तरह से बैंकों से प्रतिउत्तर नहीं मिला। जिला उद्योग केंद्र से फाइलें बैंकों को भेज दी गईं, लेकिन समय से पास नहीं हो सकीं। इसके बाद आवेदक और जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। तमाम प्रयासों के बाद भी आवेदन स्वीकार नहीं किए जा सके। पूरे वित्तीय वर्ष में छह करोड़ 86 लाख 96 हजार रुपये के लोन के लिए 327 फाइलों को बैंकों में भेजा गया। इनमें मात्र दो करोड़ 18 हजार 97 हजार की स्वीकृति के साथ 105 लोगों का ऋण मिल सका। शेष की फाइलें निरस्त होने के चलते आवेदकों को मायूसी हाथ लगी। बताया जा रहा है कि योजना के मानक काफी ज्यादा जटिल बनाए गए हैं। इसके तहत 18 से 40 साल तक की उम्र होनी चाहिए। हाईस्कूल पास व किसी योजना का लाभ नहीं मिला होना चाहिए, तभी पात्र माना जाता है। इसी तरह के तमाम अन्य कड़े नियम बनाए गए हैं, जिन पर आवेदक खरे नहीं उतर पाते हैं।

> बीते वित्तीय वर्ष में दो करोड़ 18 लाख 97 हजार का लाभ लोगों को दिया गया। योजना का प्रचार-प्रसार अधिक होने से अधिक आवेदन आए थे।
> – **अरुण पांडेय**, सहायक विकास प्रबंधक

## दो भाइयों को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर गौटिया निवासी बाबूराम ने बताया कि पड़ोसी राजेश ने उसके दरवाजे के सामने ईंट का चट्टा लगाकर रास्ता बंद कर दिया था। 16 अप्रैल की शाम छह बजे उसके बेटे अतर सिंह व प्रकाश ने उससे ईंट हटाने के लिए कहा तो आरोपी गाली देने लगे।

विरोध करने पर आरोपियों ने उसके दोनों बेटों को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी राजेश, पातीराम, सतीश, जितिन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# लापरवाही : कई क्रय केंद्रों पर नाममात्र को हुई गेहूं की खरीद

संवाददाता, तिलहर


मंडी में एक केंद्र पर नीलामी प्रक्रिया पूरी करने पहुंचे मंडी सचिव रामनिवास व अन्य।

- फटकार के बाद भी गेहूं की नीलामी बोली प्रक्रिया की खाना पूरी

**अमृत विचार:** डिप्टी डायरेक्टर की फटकार के बाद भी बुधवार को मंडी में गेहूं की नीलामी बोली प्रक्रिया की खाना पूरी की गई। कई गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद नाममात्र को हुई।

मंडी समिति के डिप्टी डायरेक्टर मंडी अविनाश चंद्र मौर्य ने मंगलवार को मंडी पहुंचकर गेहूं खरीद के दौरान नीलामी प्रक्रिया नहीं अपनाए जाने पर मंडी सचिव रामनिवास की फटकार लगाई थी। उन्होंने मंडी गेट पर आने वाले प्रत्येक किसान का रजिस्टर में विवरण रखने तथा उनकी फसल की वीडियोग्राफी करने के निर्देश दिए थे। डिप्टी डायरेक्टर के आदेशों के बाद भी मंडी गेट पर आने वाले किसी भी किसान का विवरण दर्ज नहीं किया गया। इसके बावजूद व्यापारियों की दुकानों पर पहुंचकर कुछ व्यापारियों की ही मौजूदगी में गेहूं की नीलामी प्रक्रिया कागजों में दर्शा दी गई।

मंडी सचिव की लापरवाही से जहां जिले के अधिकारियों के आदेशों का पालन मंडी समिति में नहीं हो पा रहा है जिससे सरकारी गेहूं खरीद प्रभावित हो रही है। अधिकारियों की लापरवाही का कारण है कि किसानों को उनकी फसल का पर्याप्त मूल्य नहीं मिल पा रहा है। हालांकि मंडी सचिव रामनिवास बुधवार को खुद एक क्रय केंद्र पर पहुंचे और स्वयं ही नीलामी की प्रक्रिया पूरी की, लेकिन उनकी यह कार्रवाई ऊंट के मुंह में जीरा ही रही।

# नगर में रामनवमी पर जगह-जगह हुए भंडारे


प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह को राम नाम का पटका पहनाकर सम्मानित करते हिन्दू शेर सेना के जिला अध्यक्ष संदीप अग्निहोत्री। • अमृत विचार

संवाददाता, कांट

**अमृत विचार :** नवरात्र के अंतिम दिन बुधवार को रामनवमी पर पूरा नगर श्रद्धा से सराबोर रहा। सुबह से ही देवी मंदिरों में दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। जगह-जगह हवन-पूजन, कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें प्रसाद पाने को खासी भीड़ रही।

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। घरों व मंदिरों में आयोजित हवन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालीं। नवरात्र के अंतिम दिन कन्याभोज के साथ मां जगदंबा की विदाई दी गई। लोगों ने पुण्य कमाने के लिए भंडारों का आयोजन किया। नगर के मुख्य मार्ग सहित कांट के कुर्रिया कलां रोड पर हिंदू शेर सेना के जिला अध्यक्ष संदीप अग्निहोत्री ने अपनी टीम के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में पूजा-अर्चना कर कोतवाली प्रभारी दयाशंकर सिंह ने आरती कर भंडारे का आरंभ किया। वहीं भंडारे में लोगों ने खूब प्रसाद छका। इस दौरान भंडारे में प्रमुख रूप से अखिलेश पाठक, जिला अध्यक्ष संदीप अग्निहोत्री, आकाश, अभिषेक, राहुल, रचित, विकास पाठक, नन्हे, सत्यम, सानू, सचिन आदि मौजूद रहे।

### नवरात्र के अंतिम दिन मंदिरों में रही भीड़

श्रद्धालुओं की भीड़ जलालाबाद। सब्जी मंडी स्थित दुर्गा मंदिर सहित नगर के अन्य मंदिरों में नवरात्रि के अंतिम दिन मां दुर्गा के सिद्ध गायत्री देवी की पूजा पाठ एवं हवन के साथ चैत्र नवरात्र के समापन किया गया। घरों में लोगों ने विधि विधान से हवन पूजन किया और कन्याओं को हलवा, खीर पूरी एवं जलेबी का भोज खिलाया। श्रद्धालुओं की लंबी लाइन देवी मां के मंदिर के बाहर लगी रहीं।

## 11 साहित्यकारों को पं. रामसेवक शुक्ल स्मृति सम्मान

**पुवायां।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रामसेवक शुक्ल के 119 वें जन्म दिवस पर देशभक्ति की पुस्तक एवं काव्य संग्रह प्रकाशित करने वाले 11 साहित्यकार सम्मानित किए गए। इस दौरान कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था प्रेरणा परिवार संस्थापक विजय तन्हा ने देश भक्ति पर आधारित पुस्तक एवं काव्य संग्रह के रचयिता एवं संपादकों से प्राप्त प्रविष्टियों के आधार पर देश के 11 साहित्यकारों को पं. रामसेवक शुक्ल स्मृति सम्मान प्रदान का सम्मानित किया गया, जिसमें संत कबीर नगर से गिरिराज सिंह, छत्तीसगढ़ से डॉ. रश्मि लता मिश्रा, दिल्ली से अरविंद पथिक, दोसा राजस्थान से कृष्ण कुमार सैनी, बहराइच से सुनील कुमार, चंदौली से सरजीत सिंह, गाजियाबाद मीना जैन, मुजफ्फरनगर से डॉ. पुष्प लता, चंडीगढ़ से सुदेश मोदगिल नूर, लखनऊ से सच्चिदानंद तिवारी शलभ व नागपुर से जमील अंसारी को ऑनलाइन सामान पत्र प्रेषित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें अनूप मिश्रा तेजस्वी, विजय तन्हा, गिरिराज सिंह, डॉ. पुष्प लता मुजफ्फरनगर, डॉ. रश्मि लता मिश्रा, कृष्ण कुमार सैनी, सुनील कुमार अरविंद पथिक, सर्वजीत सिंह ने काव्यपाठ किया।


आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा. शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार बरेली मालियों की पुलिया

9837023223



सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202



डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician



- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384



गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651



प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक सप्ताह बाद भी हत्यारोपी दामाद पुलिस की गिरफ्त से दूर

सालिगराम हत्याकांड

**शाहजहांपुर।** लालबाग रौसरकोठी में ससुर सालिगराम की गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी एसओजी तथा पुलिस की टीमें दामाद संजय को गिरफ्तार नहीं कर पायी हैं। पुलिस ने कई स्थानों पर दबिश दी और सफलता नहीं मिली। बता दें कि चौक कोतवाली के मोहल्ला भारद्वाजी निवासी मेडिकल कालेज से रिटायर्ड सफाई कर्मचारी सालिगराम ने अपनी बेटी शुशबू की शादी संजय निवासी बाईबाग कालोनी थाना सदर बाजार के साथ की थी। आरोपी दामाद अपने ससुर से तीन लाख रुपये की मांग कर रहा था। ससुर ने रुपये देने से मना कर दिया तो संजय खुशबू को प्रताड़ित करने लगा था। वह अपनी बेटी को लेकर आ गया था। सालिगराम की बड़ी बेटी दीपमाला रामचद्र मिशन थाना क्षेत्र के लालबाग रौसरकोठी में रहती है। वह अपनी पत्नी रामदेवी तथा खुशबू को लेकर बड़ी बेटी के घर गया था। 12 अप्रैल को दिन में चार बजे आरोपी संजय अपने भांजे अंकुर निवासी रौसरकोठी थाना रामचंद्र मिशन के साथ दीपमाला के घर पर आया था। उसने अपने ससुर सालिगराम की गोली मारकर हत्या की दी थी। पुलिस ने संजय और अंकुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने अंकुर को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था। एसपी ने मुख्य आरोपी संजय की गिरफ्तारी के लिए एसओजी तथा दो टीमों को लगाया था। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद पुलिस टीम आरोपी संजय को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है और शीघ्र गिरफ्तारी होगी।

# खेत में पानी लगा रहे युवक की करंट से मौत

## हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर खेतों के चारों ओर लगाई गई तारों की बाढ़ पर गिरा

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पहरूआ में बुधवार सुबह खेत में पानी लगा रहे युवक की करंट लगने से मौत हो गई है। जबकि आसपास खेतों में काम कर रहे किसान बाल-बाल बच गए। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


मृतक अर्जुन।

गांव पहरूआ निवासी मीरपाल राठौर का 25 वर्षीय पुत्र अर्जुन सुबह मक्का के खेत में पानी लगा रहा था। अचानक नीरज सिंह के खेत के पास हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया। उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। हाईटेंशन लाइन का टूटा तार खेतों में पशुओं से फसल का बचाव करने के लिए लगाए गए तारों से तार छू गया। इससे तारों में भी करंट प्रवाहित होने लगा और देखते ही देखते खेत में पानी लगा रहे अर्जुन को करंट ने अपनी चपेट में ले लिया। चंद मिनट में ही उसकी मौत हो गई। हादसे के समय खेतों में बहुत से लोग काम कर रहे थे। गनीमत रही कि अन्य कोई चपेट में नहीं आया। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। खेत पर काम कर रहे कुछ लोगों ने अर्जुन के परिवार को घटना के बारे में जानकारी दी तो रोते-बिलखते परिजन पहुंच गए और मौके पर पहरूआ व आसपास के गांव के लोगों की भीड़ लग गई। बिजली कर्मचारियों को फोन करके घटना की जानकारी देकर बिजली सप्लाई बंद कराई गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। अर्जुन की डेढ़ साल पहले अनीता से शादी हुई थी। उसके दो माह की एक बच्ची है।


रोते बिलखते अर्जुन के परिजन। ● अमृत विचार

● आसपास खेतों में काम कर रहे किसान करंट की चपेट में आने से बाल-बाल बचे

### 25 अप्रैल को छोटे भाई की है शादी, खुशियां मातम में बदलीं

पिता की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी अर्जुन ही संभाल रहा था। छोटे भाई प्रदीप का रिश्ता आया तो उसने मां रेशमा के साथ मिलकर भाई का रिश्ता तय कर दिया। बरात जाने की 25 अप्रैल की तारीख भी पक्की हो गई और इसके साथ ही परिवार में शादी की तैयारियां शुरू हो गईं। परिवार में खुशी का माहौल था लेकिन बुधवार की सुबह इस परिवार के लिए मनहूस साबित हो गई। खेत पर करंट से अर्जुन की मौत के बाद से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

### पहले पति, अब जवान बेटे की मौत, बेसुध हुई रेशमा

अर्जुन की मौत का सबसे गहरा सदमा मां रेशमा को लगा है क्योंकि दो वर्ष उसके पति मीरपाल की दुर्घटना में मौत हो गई थी। अभी पति की मौत का गम हल्का भी नहीं हुआ था कि जवान बेटे की मौत से मानो सिर पर पहाड़ टूट पड़ा। रेशमा का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। वह बार-बार बेसुध हो रही थी। उसे परिवार के लोगों व गांव की महिलाओं को संभालना मुश्किल हो रहा था। यहीं हाल अर्जुन की पत्नी अनीता का था।

## सड़क हादसे में होमगार्ड घायल, जिला अस्पताल रेफर

**खुटार, अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव सरेली निवासी अनमोल वर्मा होमगार्ड के पद पर कार्यरत है। इस समय अनमोल वर्मा यूपी 112 डायल पीआरबी पुवायां में ड्राइवर के पद पर तैनात है।

बुधवार शाम करीब छह बजे वह घर से बाइक लेकर कस्बा पुवायां ड्यूटी पर जा रहे थे। खुटार-पुवायां मार्ग पर वनस्थली शिक्षण संस्थान के पास सामने आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को देकर घायल होमगार्ड को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे की खबर पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टर ने हालत गंभीर होने के कारण घायल को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन जिला अस्पताल के लिए रवाना हो गए। खुटार सीएचसी पर डॉ. पुनीत रस्तोगी ने बताया कि पुलिस घायल को लेकर अस्पताल आये थे। सीने में चोट लगने से दर्द हो रहा था। घायल को रेफर कर दिया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## लेखपाल को जान से मारने की दी धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाना क्षेत्र के गांव भर्रामई निवासी लेखपाल मनमोहन मिश्रा ने बताया कि शिकायतकर्ता सोमवती निवासी मरेना थाना गढ़िया रंगीन ने तहसील तिलहर में शिकायत की थी कि उसकी जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। वह राजस्व टीम के साथ मंगलवार को दिन में एक बजे जमीन की नाप के लिए गए। आरोपी संतोष वर्मा अपने साथियों के साथ आया। आरोप है कि आरोपी ने लेखपाल को जान से मारने की धमकी दी और मोबाइल छीनने का प्रयास किया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने संतोष वर्मा, मनपाल तथा दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# टूट चुकी थीं पसलियां, चोटों के कारण हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● मंगलवार को चावर खास गांव में सड़क किनारे मिला था अंजू सिंह का शव
● पोस्टमार्टम रिपोर्ट कर रही हत्या की ओर इशारा, भाई ने लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार :** कटरा में मंगलवार को संदिग्ध अवस्था में मृत मिले अंजू सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट हत्या की ओर इशारा कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी पसलियां टूटी निकलीं और चोटों के कारण मौत बताई गई। मृतक का भाई शव मिलने के बाद से ही अंजू की हत्या किए जाने का आरोप लगा रहा था। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिवार वालों का हत्या किए जाने का शक और गहरा गया है।

थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव पलिया पट्टी निवासी अनुज कुमार सिंह उर्फ अंजू सिंह कटरा थाना क्षेत्र के गांव चावर खास में रिश्तेदारी में गया था। मंगलवार की सुबह उसका शव चावर खास गांव के बाहर सड़क के किनारे संदिग्ध अवस्था में मिला था। उसके शरीर पर चोटों के निशान नजर आ रहे थे। पुलिस की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अशोक सिंह ने शव की शिनाख्त अपने भाई अंजू सिंह के रूप में की थी। शरीर पर चोटों के निशान देखकर परिवार वालों ने हत्या का शक जाहिर किया था, वहीं भाई ने मृतक के साले पर रुपयों के लेनदेन में हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराए जाने पर मौत की वजह स्पष्ट हो जाने के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया था। इधर अंजू के शव का पोस्टमार्टम कराया गया तो उसकी पसलियां टूटी निकलीं और मौत चोटों की वजह से बताई गई। इसके बाद परिवार के लोगों का शक गहरा हो गया कि अंजू की हत्या की गई है। वहीं पुलिस का कहना है कि अभी उन्हें इस मामले में तहरीर नहीं प्राप्त हुई है, तहरीर मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी, हालांकि पुलिस मामले की गहराई से जांच में जुटी है।

### पत्नी रह रही मायके में

अंजू सिंह की शादी चौक कोतवाली के मोहल्ला अजीजगंज निवासी सुमन से दस माह पूर्व हुई थी। मृतक के भाई अशोक सिंह का आरोप है कि सुमन व साले ने उसके भाई से तीन माह पूर्व दो लाख रुपये उधार लिए थे। रुपये लेने के बाद सुमन ससुराल से चली आई थी और दोबारा ससुराल नहीं गई थी। आरोप है कि अंजू सिंह अपने साले से उधार दिए गए रुपये मांगता था और साला जान से मारने की धमकी देता था। उसका आरोप है कि साले ने उसके भाई की हत्या की है।

### पुलिस घटना को देख रही संदेह की नजर से

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अंजू सिंह की पसलियां टूटी होने और चोट की वजह से मौत की पुष्टि होने के बाद भी पुलिस अभी भी घटना को संदेह की नजर से देख रही है, हालांकि पुलिस मामले की जांच की बात कह रही है।

"अंजू सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार उसकी चोटों के कारण मौत हुई है। उसकी पसलियां टूट गई हैं। तहरीर नहीं आई है, मामले की जांच की जा रही है। —गौरव त्यागी, प्रभारी निरीक्षक

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Admission Open 2024-25
योगा सिखायें स्वस्थ रहें

COURSE OFFERED
PGDYN
Post Graduate Diploma in Yoga and Naturopathy
Course Duration : 1 year
योग्यता : स्नातक
Contact : 8755922339
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India
Email : ramchorg@gmail.com

# आग से एक एकड़ गेहूं और तीन एकड़ नरई राख

संवाददाता, खुटार

● खेत में कंबाइन से काटा जा रहा था गेहूं, सूचना के बाद भी नहीं पहुंची दमकल टीम
● पुलिस और लेखपाल ने की जांच किसान ने की मुआवजा दिलाने की मांग, 70 हजार का नुकसान

**अमृत विचारः** गांव सिमरई में गेहूं के खेत में आग लग गई। किसान ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन आग से फसल जलकर राख हो गई। आग कैसे लगी, इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। लोगों के अनुसार, खेत में कंबाइन से गेहूं की फसल काटी जा रही थी। हो सकता है उसी से आग लगी हो। आरोप है कि सूचना के बाद दमकल टीम नहीं पहुंची, जिससे लोगों ने रोष जताया। पुलिस और लेखपाल ने जांच की। किसान ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

गांव सिमरई के रहने वाले धनंजय शुक्ला ने बताया कि गांव के उत्तर दिशा में उनका खेत है। उन्होंने करीब ढाई एकड़ खेत में गेहूं की फसल कर रखी थी। गेहूं पूरी तरह से पक गया था। बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे खेत में कंबाइन से फसल कटवा रहे थे। इस बीच किसी तरह फसल में आग लग गई। आग लगने से हड़कंप मच गया। आसपास खेतों में काम रहे किसान और गांव से कई लोग ट्रैक्टर व स्प्रे मशीन लेकर मौके पर पहुंच गए। किसान धनंजय शुक्ला और लोगों ने स्प्रे मशीन से छिड़काव कर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग से एक एकड़ फसल जलकर राख हो गई। धनंजय शुक्ला ने बताया कि आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी गई। पुलिस तो मौके पर पहुंच गई लेकिन एक घंटा बाद भी दमकल टीम नहीं पहुंची। आग में गेहूं जलने से करीब 40 हजार रुपये का नुकसान हो गया है। उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ एकड़ फसल ही बच पाई। बाकी सब जलकर राख हो गया। इसके अलावा खेत के पड़ोस में गांव के रहने वाले प्रमोद शुक्ला और प्रकाश नारायण के खेत में गेहूं की फसल कट चुकी है। खेत में नरई खड़ी थी। अभी भूसा नहीं बना था। आग लगने से नरई भी जलकर खाक हो गई। जिससे करीब 30 हजार का नुकसान हो गया है। उधर, घटना की जानकारी पाकर लेखपाल वेदराम जौहर पहुंचे और किसान धनंजय शुक्ला से पूछताछ की। लेखपाल ने बारीकी से जांच करके मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।


स्प्रे मशीन से आग बुझाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## खेत में लगे गेहूं के चट्टे में लगी आग फसल हुई खाक

**जलालाबाद, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव हार गुरैया निवासी सुंदरलाल ने बताया बहादुरपुर राजस्व रकबे में उनकी गेहूं की फसल खड़ी थी। फसल काटने के बाद फसल की थ्रेसिंग करने के लिए उन्होंने बीते दिन की शाम एक जगह पर फसल का चट्टा लगा दिया था। आरोप है कि कुछ लोगों ने फसल में आग लगा दी। जिससे उनके खेत की एक एकड़ गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। सूचना पर मौके पर डायल 112 पुलिस व दमकल की गाड़ी भी पहुंची जिसने बाद में आग पर काबू पाया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, वही तहसीलदार पैगाम हैदर ने हल्का लेखपाल को जांच पड़ताल कर रिपोर्ट देने को कहा है, ताकि शासन से मदद दी लाई जा सके।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
शाहजहाँपुर में एक मात्र संस्थान जहाँ एक ही छत के नीचे सारे समाधान
अस्पताल में उपलब्ध सुपर स्पेशलिटी विभाग
यूरो सर्जरी विभाग
न्यूरो सर्जरी विभाग
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
कार्डियोलॉजी (हृदय रोग) विभाग प्रत्येक बृहस्पतिवार
OPD का समय- प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घंटे उपलब्ध सुविधायें I.C.U., M.R.I., CT-Scan की सुविधा उपलब्ध
दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
• ई.सी.एच.एस. कार्डधारकों के लिये कैशलेस इलाज की सुविधा।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

# कालोनी में तोड़ी चारदीवारी का पुनः निर्माण शुरू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कालोनी में सेक्टर पांच में डंपिंग ग्राउंड की चारदीवारी तोड़े जाने के मामले में अधिकारियों के निर्देश पर चारदीवारी का पुनः निर्माण शुरू हो गया है। इधर विवेचक ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए और अज्ञात लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई।

चौक कोतवाली के बरेली मोड़ स्थित मोहल्ला आवास विकास कालोनी के सेक्टर पांच में स्थित डपिंग ग्राउंड की चारदीवारी को पड़ोस में स्थित न्यू कालोनी के लोगों ने 12 अप्रैल को तोड़ दिया था। इसके बाद 14 अप्रैल को जेसीबी से दोबारा तुड़वाकर मिट्टी डालकर रास्ता बना लिया। कालोनी के लोगों की शिकायत पर चौकी अजीजगंज के सिपाहियों ने जेसीबी को कब्जे में लेकर सीज कर दिया था। आवास विकास परिषद के सहायक अभियंता पंकज कुमार ने सरकारी चारदीवारी को तोड़े जाने के संबंध में सत्येंद्र मिश्रा, संदीप मिश्रा तथा 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को चौकी अजीजगंज प्रभारी विवेचक रोहित कुमार ने घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे चेक किए और कालोनी के लोगों से जानकारी की। इधर सहायक अभियंता पंकज कुमार ने टूटी चारदीवारी का पुन निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।


अधिकारियों के निर्देश पर चारदीवारी का होता निर्माण। ● अमृत विचार

● विवेचना अधिकारी ने मौके पर कैमरे किए चेक

### चारदीवारी तोड़ने वालों से होगी रिकवरी

बरेली मंडल के आवास विकास परिषद के सहायक अभियंता नवीन कुमार ने बताया कि डंपिंग ग्राउंड की चारदीवारी तोड़ने के मामले में चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी जा चुकी है और दो लोग नामजद किए गए है। चारदीवारी तोड़े जाने पर आरोपियों से रिकवरी कराई जाएगी तथा नोटिस भेजे जाएंगे।

## आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख

**कलान, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में आग लगने से गेहूं की कई बीघा फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया।

क्षेत्र के कुंडरिया गांव निवासी कल्लू के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में बुधवार को दोपहर अचानक आग लग गई। आग की लपटें जब ग्रामीणों ने देखीं तो शोर शराबा शुरू कर दिया आग बुझाने के लिए ग्रामीण खेतों की ओर दौड़ पड़े। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का काम शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी में लगभग एक एकड़ फसल जलकर राख हो गई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

### सूचना

मैंने अपनी सगी पुत्री श्रीमती उर्मिला पत्नी श्री प्रकाश भामू एवं दामाद प्रकाश भामू पुत्र पूर्ण सिंह भामू, निवासी-वार्ड नंबर 23, भानीपुरा लोसल छोटी सीकर राजस्थान, हाल निवासी-संजय नगर, थाना बारादरी, तहसील व जिला बरेली को उनके गलत चाल चलन के कारण संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है वह अपने कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**दीनदयाल पुत्र स्व लोचन राम निवासी 496 गुरुद्वारे वाली गली संजय नगर थाना बारादरी बरेली**

### सार्वजनिक सूचना

सुशील कुमार शुक्ला प्रत्याशी 26 पीलीभीत -बहेड़ी लोकसभा के विरूद्ध एक अपराधिक मुकदमा धारा 323, 504, 506 आईपीसी सि. ज.जू.डि. न्यायालय पीलीभीत में लम्बित है।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

OAKWOOD WORLD SCHOOL
CO-ED ENGLISH MEDIUM SCHOOL
ADD:- BANDA POWAYAN ROAD NEAR BASANTPUR GURUDWARA RAMPUR HEERA, BANDA (SPN)
ADMISSION OPEN
FOR NEW SESSION CLASSES P.G. TO ONWARD
Powered By: Shri Anil Sudha Educational Trust
LUSH GREEN NATURAL CAMPUS ABODE OF PEACE
HURRY UP! Limited Seats Available

शिक्षा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम
आलोक मिश्रा
All Routes in 25 Km. Radius from School
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
Contact Us:- 7237964808 9235033696
E-mail: oakwoodworldsschoolnew@gmail.com
visit us at: oakwoodworldschool.co.in

# नहीं मिली बाघ की लोकेशन, 14 ट्रेप कैमरे लगेंगे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बाघ का रेस्क्यू करने के लिए वन अफसरों ने शासन से मांगी अनुमति
- महोफ रेंज में लगड़ाकर चल रहे बाघ का मामला

**अमृत विचार:** महोफ रेंज में लगड़ाते बाघ की हकीकत जानने के लिए उसे रेस्क्यू किया जाएगा। इसको लेकर शासन से अनुमति मांगी गई है। फिलहाल बाघ की मॉनिटरिंग में लगी निगरानी टीमों को उसकी लोकेशन नहीं मिल सकी है। अब 10 किमी दायरे में 14 ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं।

पीटीआर में कुछ माह पूर्व एक लंगड़ाते बाघ का वीडियो वायरल हुआ था। उस दौरान वन अफसरों ने बाघ की मॉनिटरिंग के बाद उसे फिट करार दिया था। इधर कुछ दिन पूर्व फिर महोफ रेंज में लंगड़ाते बाघ का वीडियो वायरल हुआ तो पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने मामले की जानकारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव को दी। साथ ही उन्होंने बाघ की मॉनिटरिंग को दो टीमें गठित कर 24 घंटे निगरानी शुरू करा दी थी। साथ ही बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए चार ट्रेप कैमरे लगसए गए थे। इधर लगातार निगरानी के दौरान टीमों को तबसे न तो बाघ की कोई लोकेशन मिल सकी है और न ही लगाए गए कैमरों में उसकी कोई फुटेज ही आ सकी। इधर अब बाघ की मॉनिटरिंग को संबंधित क्षेत्र के 10 किमी के दायरे में 14 ट्रेप कैमरे लगाए गए हैं। डिप्टी डायरेक्टर के मुताबिक निगरानी टीमों को लगाने के साथ ट्रेप कैमरे लगाए जाएंगे।

> बाघ की मॉनिटरिंग को दो टीमें लगाकर निगरानी कराई जा रही है। संबंधित क्षेत्र में उस दिन से बाघ की कोई लोकेशन नहीं मिल रही है। अब 10 किमी के दायरे में 14 ट्रेप कैमरे लगाए गए हैं। बाघ को रेस्क्यू करने की अनुमति मांगी गई है।
> – मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# श्रीराम जन्मोत्सव पर मंदिरों में हुआ पूजन, लहराईं ध्वज पताकाएं

## धूमधाम से मनाया गया रामनवमी उत्सव, हुए भजन कीर्तन


हनुमतधाम में सजा श्रीराम दरबार।


श्रीराम जानकी मंदिर चौक में प्रभु श्रीराम का पूजन करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बुधवार को श्रीराम नवमी पर्व प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया। मंदिरों में शंख-घंटा बजाकर खुशियां मनाई गईं। घरों में रामनामी केसरिया झंडे लगाकर लोगों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का पूजन कर प्रसाद चढ़ाया। इस अवसर पर मंदिरों में भव्य सजावट कर सुंदरकांड के पाठ और भजन-कीर्तन भी किए गए।

हनुमतधाम में रामलला का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हनुमतधाम मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित श्रीराम दरबार के श्रद्धालु पूजन कर राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी के दर्शन कर प्रफुल्लित होते रहे। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर आरती की। हनुमतधाम पर श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में रामलला के श्री विग्रह पर सूर्य तिलक दर्शन का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष करते रहे। इसी समय मंदिर कमेटी की ओर से श्री रामचंद्र जी का चरणाभिषेक किया गया तदोपरांत बाल भोग अर्पित कर आरती की गई।

पुजारी हरिमोहन वाजपेयी, जय प्रकाश वाजपेयी और अमन पांडेय ने मंत्रोच्चार के साथ हनुमत धाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, चंद्रशेखर खन्ना धीरू आदि भक्तों से पूजन कराया। समापन पर कमेटी की ओर से चरणामृत, लड्डू, फल का प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर को फूलों, बिजली की झालरों और गुब्बारों से सजाया गया। इधर, चौक में श्रीराम जानकी मंदिर में पुजारी सुशील अवस्थी ने पूजन कराकर प्रभु राम की आरती की। प्राचीन मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस अवसर पर सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। मंदिर में देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।

### खिरनीबाग धर्मशाला में मनाया जन्मोत्सव



आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान की ओर से खिरनीबाग धर्मशाला स्थित मंदिर में प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई के संयोजन में रामचरितमानस के बालकांड एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। आचार्य अश्वनी शुक्ला ने पूजन कराया। इस अवसर पर दिलीप गुप्ता, पंकज गुप्ता, नवनीत शर्मा, कुमकुम राजपूत आदि ने भजन कीर्तन किया। आयोजन के दौरान आकर्षक झांकियां भी सजाई गईं। भजनों पर बच्चों ने नृत्य कर खुशियां मनाईं। मंडल अध्यक्ष नलिनी ओमर, वरुण गुप्ता, कुमुद गुप्ता आदि का सहयोग रहा। समापन पर प्रदेश सचिव नीरज वाजपेयी ने अतिथियों को सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी अग्निवेश, सचिन बाथम, पंडित देवेश त्रिपाठी, पंडित प्रदीप चतुर्वेदी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### भटपुरा रसूलपुर में रामनवमी पर हुआ भंडारा

मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर स्थित श्री राम जानकी मंदिर में प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अनुष्ठान में ग्रामीणों ने हवन पूजन में आहुतियां देकर सुख-संपन्नता की कामना की। बाद में कन्या पूजन और कन्या भोज के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद छका। ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत के अन्य मंदिरों देवी मां मंदिर, पाठक मंदिर, हनुमत धाम, श्री जेपी मंदिर आदि में भी श्रीराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में यशपाल सिंह, अनुज मिश्रा, सेठपाल सिंह, श्रीकांत दीक्षित, अवधेश सिंह, अमित सिंह, सोवेंद्र सिंह, गयादीन, नत्थू सिंह, ज्ञान सिंह, सुरेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा, नरेश मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, रती पाल सिंह, राजेश सिंह, मुनीश सिंह आदि का सहयोग रहा।

### हादसे में घायल सेल्समैन की उपचार के दौरान मौत

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव महद खास के रहने वाले सोहनलाल 38 पुत्र लालता प्रसाद सेल्समैन थे। मंगलवार को बाइक से पूरनपुर आए थे। दोपहर बाद समान खरीदकर वह वापस घर जा रहे थे। पीलीभीत रोड पर पर चांट फिरोजपुर में अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सोहनलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को परिजन सोहनलाल को परिजन उसे उपचार के लिए दूसरे अस्पताल में ले जा रहे थे। रास्ते में सोहनलाल की मौत हो गई। जानकारी लगते ही परिजनों में कोहरा मच गया।

### बरेली के बाइक सवार से 2.30 लाख रुपये मिले

**जहानाबाद।** लोस चुनाव को लेकर जिले की सीमाओं पर चेकिंग करने के दौरान टीम ने बुधवार रात बाइक सवार से नगदी बरामद की। बरेली हाईवे पर शाही पुलिस चौकी के पास टीम ने एक बाइक सवार के पास 2 .30 लाख रुपये बरामद हुए। उसने अपना नाम मोहम्मद सुहैल निवासी बरेली के थाना बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर का बताया। वह कोई संतोषजनक जवाब न देने पर टीम नगदी जब्त कर जांच में जुट गई है ।

# पीएम मोदी के कार्यकाल में बेरोजगारी सर्वाधिक



प्रेस वार्ता करते सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां व आप जिलाध्यक्ष राजीव यादव।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजीव यादव ने समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष तनवीर खान और इंडिया गठबंधन 27-लोकसभा प्रत्याशी राजेश कश्यप के साथ बुधवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता की। इस दौरान भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। लोकसभा चुनाव के लिए जारी भाजपा के संकल्प पत्र को आम आदमी पार्टी ने जुमला पत्र बताया। जिला अध्यक्ष राजीव यादव ने कहा भाजपा के संकल्प पत्र से महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की एमएसपी गायब है। भाजपा की पिछली घोषणाएं जमीन पर आज तक नहीं आ पाईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बेरोजगारी बीते 42 वर्षों में सर्वाधिक बढ़ी है। देश में अघोषित इमरजेंसी लगी है। फर्जी मुकदमे लगाकर विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। जनता जेल का जवाब वोट से देगी। यहां आप जिला महासचिव जेबी सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनीता देवी, प्रवीण सक्सेना, वीरेंद्र कुमार, सुखविंदर चौहान, आशीष द्विवेदी, अमित वर्मा आदि रहे।

# रेलवे लाइन किनारे मिला युवक का शव, हत्या का लगाया आरोप

बदायूं कार्यालय

- युवक की मां ने साझेदार पर लगाया हत्या कर शव फेंक देने का आरोप

**अमृत विचार :** एक युवक का शव रेलवे लाइन किनारे मिला। युवक की मां ने उसकी हत्या करके शव फेंकने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट में सिर में चोट लगने की वजह से मौत होने की पुष्टि हुई। परिजनों ने तहरीर नहीं दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव पनौड़ी निवासी अजब सिंह का परिवार 10 साल पहले गांव कारावाला में रहने लगा था। अजब सिंह मौत हो गई। उनका बेटा आशीष उर्फ नन्हें यादव (22) अपनी मां नेमवती और बहन मौसमी के साथ रहत था। आशीष ने पड़ोस के गांव हरदासपुर निवासी बिजेंद्र यादव की जमीन बटाई पर ली थी। जिस पर गेहूं की फसल की थी। मंगलवार को गेहूं कटाई के बाद शाम को फसल की निकासी करा रहे थे। साथ में उनकी मां नेमवती भी थीं। इसी दौरान साझेदार खेत पर आया । उसने नेमवती को घर भेज दिया। कहा कि बुधवार सुबह गेहूं और भूसा घर पर पहुंचा देंगे। नेमवती घर चली गईं। इसके बाद साझेदार आशीष यादव को साथ ले गया। बुधवार सुबह गांव निवासी छोटे राम ने आशीष को रेलवे लाइन किनारे बेसुध देखा तो उनके परिजनों को सूचना दी। परिजन आशीष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। नेमवती ने आरोप लगाया कि साझेदार ने बेटे की हत्या की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें सिर में चोट लगने की वजह से मौत होने की बात सामने आई है। हत्या या हादसे का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। दबतोरी चौकी प्रभारी ब्रजपाल सिंह ने बताया कि युवक के ट्रेन से कटने की सूचना मिली थी। प्रथम दृष्टया ट्रेन से हादसा होना लग रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक की मां ने आरोप लगाया है लेकिन अभी तहरीर नहीं दी है। तहरीर प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### बिजली की चिंगारी से भड़की आग, गेहूं और गन्ना जला

**बेहजम।** गांव अछनियां में तारों के टूट कर गिरने से निकली चिंगारी से गन्ने के खेत में आग लग गई, जिससे गेहूं और गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो गई। बुधवार को खेतों में काफी नीचे झूल रहे तार आपस में टकरा गए। जिससे गिरी चिंगारी से सुलेमान खां का चार बीघा गेहूं, फारुख का एक एकड़ गन्ना, देवर खां और रहिबर खां का दो- दो बीघा गन्ना जल कर नष्ट हो गया। किसानों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

### मारपीट का आरोप

**मिर्जापुर।** क्षेत्र के ढाई गांव निवासी सूरजवती ने थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि गांव के कुलदीप ने रात के 10 बजे घर में घुसकर गाली गलौज की। गाली देने से मना करने पर आरोपी ने लात-घूसो से जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

### वृद्ध का शव बरामद शिनाख्त नहीं

**पलिया कलां।** नगर के कमल चौराहा पर एक वृद्ध का शव देखे जाने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। बुधवार को कुछ लोगों ने कमल चौराहा के पास एक शव पड़ा देखा। भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि शव की उम्र करीब 70 साल के आसपास है। मृतक पीले रंग की टीशर्ट पहने और सफेद पायजामा पहने हुए है।

### हर माह बिजली बिल न बनने पर लगाई फटकार

**बरेली।** पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल ने विभागीय समीक्षा बैठक में हर माह बिजली बिल नहीं बनाने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। कहा कि सभी उपभोक्ताओं को समय से बिजली का बिल मुहैया कराया जाए। गर्मी में बेहतर आपूर्ति देने के लिए भी निर्देश दिए। चेयरमैन ने आंवला अधिशासी अभियंता को भी फटकार लगाकर सुधार करने को कहा। उन्होंने विकास भवन में बिजली विभाग के अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की।

## खाना बनाते समय भड़की आग से तीन घर हो गए राख


आग से जला आशियाना दिखाती महिला। ● अमृत विचार

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** निघासन तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुर्गहा में खाना बनाते समय भड़की आग से तीन घर जलकर राख हो गए।

गांव निवासी अशरफी लाल चौहान ने बताया की मंगलवार की शाम करीब सात बजे घर के बाहर बनी झोपड़ी में खाना बन रह था। इसी दौरान चिंगारी उड़ने से आग लग गई। वे लोग जब तक कुछ समझ पाते। तब तक आग विकराल हो गई। आग ने पड़ोसी रामगोपाल चौहान और भूपेंद्र के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस अग्निकांड में घर में तीनों घरों रखा जेवर, नगदी समेत सारा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई।

### सुबह मां, शाम को आत्महत्या से पहले पत्नी से आखिरी बार वीडियो कॉल पर की थी बात

## मां-पत्नी से हंसकर की बात... तीन घंटे बाद पहुंची मौत की खबर

लखीमपुर खीरी कार्यालय

- गोली मारकर आत्महत्या से परिवार के लोग हैं हैरान

**अमृत विचार:** भारत-नेपाल सीमा पर कोतवाली तिकुनियां के गांव डांगा स्थित एसएसबी चौकी के जवान संजय यादव ने मंगलवार की देर शाम एसएसबी कैंपस में सरकारी रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। जवान ने सुबह अपनी मां और शाम को पत्नी से व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल की। वह हंस-हंस कर बात कर रहा था। करीब तीन घंटे बाद ही पत्नी के मोबाइल पर आई मनहूस कॉल ने परिवार की खुशियों को काफूर कर दिया। परिवार के लोग हैरान हैं। उनका कहना है कि सब कुछ ठीक ठीक था। फिर उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया।


मृतक संजय यादव।

फिरोजाबाद जिले के थाना रामगढ़ के न्यू रामगढ़ निवासी संजय यादव (33) एसएसबी में वर्ष 1991 में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह भारत-नेपाल सीमा पर कोतवाली तिकुनियां के गांव डांगा की तृतीय बटालियन एसएसबी चौकी में आरक्षी पद पर तैनात थे। उन्होंने मंगलवार की देर शाम कैंपस में ही सरकारी राइफल से गर्दन पर गोली मार ली थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम हाउस पर परिवार वालों के साथ पहुंचे एटा निवासी मृतक के बहनोई पंकज कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह संजय ने अपनी मां गौरा देवी और पत्नी से करीब 20 मिनट तक बात की। इस दौरान 15 अप्रैल को बहन की सगाई तय होने को लेकर भी बातचीत की। कहा कि वह जल्दी ही छुट्टी लेकर घर आएगा। शाम करीब साढ़े छह बजे संजय ने पत्नी मंजू देवी के मोबाइल पर वीडियो कॉल की और करीब 15 मिनट तक उनसे बातचीत कर हालचाल लिया। किसी को कोई आभास नहीं था कि संजय इस तरह का कदम उठाएगा।

उन्होंने बताया का घर और ससुराल आमने-सामने हैं। रात नौ बजे उसके व ससुराल के लोग घर के बाहर बैठकर रोज की तरह बातचीत कर रहे थे। रात करीब नौ बजे तिकुनियां कोतवाली के एक दरोगा का फोन आया और संजय के खुदकुशी करने की जानकारी दी। यह सुनकर सभी हैरान रह गए। घर में चीख पुकार मच गई। रात में ही मृतक के चाचा पप्पू, भाई अवनेंद्र के साथ सुबह करीब 4:30 बजे लखीमपुर पहुंचे। परिवार वालों का कहना है कि संजय का परिवार में किसी से कोई विवाद नहीं हुआ। बहन का रिश्ता तय होने से घर में खुशी का माहौल था। संजय भी काफी खुश था। विभाग से भी उसे कोई दिक्कत नहीं थी।

### पोस्टमार्टम के बाद शव ले गए परिजन

लखीमपुर खीरी। बुधवार को एसएसबी जवान संजय यादव के शव का बुधवार को पोस्टमार्टम कराया गया। परिवार के लोग भी पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद रहे। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिवार वालों को सौंप दिया। इसके बाद परिवार के लोग शव एसएसबी के वाहन से लेकर पैतृक गांव चले गए हैं। मृतक के बहनोई पंकज कुमार ने बताया कि शव का अंतिम संस्कार गुरुवार को किया जाएगा। पोस्टमार्टम हाउस पर एसएसबी के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

### 45 दिन की छुट्टी काटकर 22 मार्च को आए थे संजय

मृतक एसएसबी जवान के बहनोई पंकज कुमार ने बताया कि संजय काफी मिलनसार और मृदुल स्वभाव का था। वह नौ फरवरी को 45 दिन की छुट्टी लेकर घर आया था। 22 मार्च को ड्यूटी करने लखीमपुर चला आया था। संजय की मौत से आसपास के लोग भी आहत हैं। उन्हें विश्वास नहीं होता है कि संजय कभी इस तरह का कदम भी उठा सकता है।

## कोटेदार ने बेच दिया 115 क्विंटल गेहूं 173 क्विंटल चावल और 46 किलो चीनी

### कार्डधारकों की शिकायत पर पहुंची टीम की जांच में हुआ खुलासा, तहरीर दी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- फरवरी, मार्च और अप्रैल महीने में किया राशन घोटाला
- पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, जांच शुरू

**अमृत विचार:** कार्ड धारकों की शिकायत पर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में गठित टीम ने धौरहरा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत जुगनूपुर मजरा नरैनाबाबा के राजेश की कोटे की दुकान का ताला तोड़कर जांच की तो गेहूं, चावल और चीनी में भारी घपला मिला। पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

पूर्ति निरीक्षक धौरहरा ललित कुमार पाठक ने बताया कि कुछ कार्ड धारकों ने खाद्यान्न वितरण न करने और कालाबाजारी की शिकायत एसडीएम राजेश कुमार से की थी। एसडीएम के आदेश पर 12 अप्रैल को वह, नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार यादव व पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे तो दुकान पर ताला पड़ा था। ग्रामीणों और कोटेदार के भाई संजय की मौजूदगी में ताला तोड़कर जांच की। दुकान में खाद्यान्न नहीं मिला। एक इलेक्ट्रानिक कांटा और महज 13.50 किलो चीनी प्लास्टिक की बोरी में रखी मिली। स्टाक मिलान करने पर फरवरी, मार्च और अप्रैल का कुल 115.17 क्विंटल गेहूं, 173.16 क्विंटल चावल और 46.5 किलो चीनी कम पाई गई। इसकी रिपोर्ट एसडीएम के माध्यम से डीएम को भेजी गई थी। डीएम की संस्तुति के बाद उन्होंने मंगलवार को आरोपी कोटेदार राजेश कुमार के खिलाफ थाना धौरहरा पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

> पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर कोटेदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 3/7 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रकरण की जांच एसआई पवन प्रताप सिंह को सौंपी गई है।
>
> -**दिनेश कुमार सिंह**, प्रभारी निरीक्षक थाना धौरहरा

### कार्ड धारकों ने बयानों में यह लगाए आरोप

पात्र गृहस्थी कार्ड धारक अंजू पत्नी सीताराम ने जांच टीम को बताया कि उसके पांच यूनिट हैं। कोटेदार ने मार्च 2024 में ई-पास मशीन में फिंगर लगवा लिया, लेकिन राशन नहीं दिया। महारानी ने बताया कि उसके छह यूनिट हैं। उसे भी अभी तक राशन नहीं दिया। बिरजू का कहना है कि उसके आठ यूनिट हैं। कोटेदार 30 किलो ही राशन देता है। राम सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी के नाम से बने कार्ड में छह यूनिट हैं। उसे कोटेदार महज 25 किलो राशन देता है। गुर्रा देवी ने बताया कि कोटेदार ने अंगूठा लगवाने के बावजूद राशन नहीं दिया। टीम ने अन्य कई कार्ड धारकों के भी बयान दर्ज किए हैं।

### फरवरी और मार्च में हुए घपले पर एक नजर

पूर्ति निरीक्षक ललित कुमार पाठक ने बताया कि फरवरी 2024 में कुल 18 अन्त्योदय कार्ड धारकों व 1060 पात्र गृहस्थी यूनिटों पर, मार्च में कुल 25 अन्त्योदय कार्ड धारकों व 1068 यूनिटों पर खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया। कोटेदार ने मार्च में 85 अन्त्योदय कार्ड धारकों के सापेक्ष मात्र 65 अन्त्योदय कार्डों पर चीनी का वितरण किया है। 20 अन्त्योदय कार्ड धारकों को चीनी का वितरण न करने के कारण 60 किलो चीनी का अवशेष स्टाक होना चाहिए था, लेकिन दुकान पर मात्र 13 .5 किग्रा चीनी पाई गई।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत बाइक सवार घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** बाइक की टक्कर से अपने पुत्र के साथ बेटी के घर जा रही महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव हैदराबाद निवासी बब्बन ने बताया कि वह अपनी मां सायराबानो (45) को बाइक से मैलानी थाना क्षेत्र के गांव कुकरा अपनी बहन के घर ले जा रहा था। बांकेगंज में नहर के पास उसने बाइक खड़ी की। वह और उसकी मां बाइक से नीचे उतरकर खड़े हुए थे कि इसी बीच बाइक से आ रहे मैलानी थाना क्षेत्र के गांव बरौछा निवासी धीरेंद्र शर्मा (18) पुत्र महेश शर्मा ने पीछे से मां को टक्कर मार दी, जिसमें सायरा बानो और धीरेंद्र शर्मा गंभीर घायल हो गए। दोनों घायलों कोसीएचसी लाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला की जिला अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत हो गई।

## मजदूरी मांगने पर धमकाया तो किशोर ने फंदा लगाया

लखीमपुर खीरी कार्यालय

- जिला अस्पताल से गंभीर हालत में लखनऊ किया गया रेफर

**अमृत विचार:** दंपती ने मजदूरी मांगने आए 15 साल के किशोर की पिटाई कर दी और एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी। इससे आहत किशोर ने फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। घर वालों ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टर ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया है। पुलिस ने उसके चाचा की तहरीर पर आरोपी दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है

थाना धौरहरा के गांव सुजईकुंडा निवासी हरेश ने बताया कि उसके भतीजे सूरज (15) को गांव का ही अवधेश मजदूरी कराने पंजाब ले गया था। जहां सूरज ने सात महीने तक काम किया, जिसकी मजदूरी 30,000 रुपये हुई थी, लेकिन उसे मजदूरी नहीं दी गई। आरोप है कि 15 अप्रैल को भतीजा सूरज अपनी मजदूरी मांगने गया। उसने अवधेश से अपनी मजदूरी मांगी तो अवधेश और उसकी पत्नी भड़क गईं और रुपये देने से मना कर दिया। उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की। साथ ही एससी एसटी एक्ट में फंसा देने की धमकी दी। इससे आहत अखिलेश अगले दिन शाम करीब छह बजे मुरावनपुरवा निवासी बलराम यादव के बाग में पहुंचा और फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। बाग में खड़े लोगों ने उसे रस्सी काटकर नीचे उतारा। परिवार के लोग उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने सूरज को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। आरोपी दंपती के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नवगीतकार माहेश्वर तिवारी के अंतिम संस्कार में नम हुईं साहित्य प्रेमियों की आंखें

मुरादाबाद कार्यालय


नवगीतकार माहेश्वर तिवारी को श्रद्धांजलि देते एमएलसी डा. जयपाल सिंह व्यस्त, पूर्व विधायक राजीव चन्ना, कवि व साहित्यकार योगेंद्र वर्मा व्योम व अन्य। ● अमृत विचार

- मंगलवार को हुआ था निधन, मोक्षधाम में किया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार:** विख्यात नवगीतकार माहेश्वर तिवारी के अंतिम संस्कार में साहित्य प्रेमियों की आंखें नम हो गईं। बुधवार को रामगंगा विहार स्थित मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके पुत्र समीर तिवारी ने मुखाग्नि दी। साहित्यकारों, कवियों, राजनेताओं ने श्रद्धांजलि देकर उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया।


माहेश्वर तिवारी।

साहित्य-संस्कृति व कला के साथ सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने उनके आवास गौर ग्रेसियस कॉलोनी और फिर मोक्षधाम पर पहुंच कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि देने वालों में देहरादून से आए राष्ट्रीय गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, नई दिल्ली से वरिष्ठ गीतकार सुभाष वशिष्ठ, गाजियाबाद से नवगीतकार जगदीश पंकज, नोएडा से कवयित्री भावना तिवारी, काशीपुर से लेखिका ऋचा पाठक व गजलकार मनोज आर्य, ठाकुरद्वारा से शरीफ भारती के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, पूर्व विधायक राजीव चन्ना, कांग्रेस नेता असद मौलाई, सुधीर पाठक के अलावा कवि मंचों पर उपस्थिति दर्ज कराने वाले संजीव आकांक्षी, साहित्यकार डॉ. आर सी शुक्ला, डॉ. महेश दिवाकर, योगेन्द्र वर्मा व्योम, रामदत्त द्विवेदी, राजीव प्रखर, जिया जमीर, डॉ. मनोज रस्तोगी, उदय प्रकाश सक्सेना, फक्कड़ मुरादाबादी आदि शामिल रहे।

## डिजिटल कलर लैब में लगी भीषण आग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


दुकान के भीतर से जला सामान निकालते दमकल कर्मचारी।

**अमृत विचार:** नौगवां ओवरब्रिज के पास स्थित डिजीटल फोटो कलर लैब शोरूम में बुधवार को शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग लगने के समय दुकान मालिक का बेटा ऊपरी मंजिल पर सफाई कर रहा था, जो पड़ोसियों के शोर मचाने पर बाहर निकला। दमकल की तीन गाड़ियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू किया। पीड़ित व्यापारी के अनुसार आग में करीब एक करोड़ के नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने के दौरान मौके पर अफरा तफरी का माहौल रहा।

शहर की राजीव कॉलोनी निवासी छत्रपाल वर्मा उर्फ सीपी ने बताया कि उनका नौगवां ओवरब्रिज के पास मुख्य मार्ग पर फोटो कलर लैब का शोरूम है। इसमें कई तरह की एल्बम, फोटो डिजाइनिंग, प्रिंटिंग से जुड़ी मशीनें लगी हुई है। बुधवार सुबह नौ बजे उनका पुत्र निखिल वर्मा लैब खोलने पहुंचा। वह निचले हिस्से में सफाई करने के बाद ऊपरी मंजिल पर काम करने चला गया। करीब आधे घंटे बाद भू-तल पर बिजली के तारों में शार्ट सर्किट होने से लैब में आग लग गई।

दुकान से धुआं निकलता देख आसपास के व्यापारी जमा हो गए और शोर मचाने के साथ ऊपरी मंजिल पर काम कर रहे उनके बेटे को बताया। बेटा दौड़कर नीचे पहुंचा और आग देख दंग रह गया। बेटे ने इसकी सूचना सीपी को दी, जिससे वह मौके पर पहुंच गए। सूचना देने के करीब आधे घंटे बाद दमकल टीम मौके पर पहुंची, लेकिन उस समय तक आग विकराल रूप ले चुकी थी।

आग की ऊंची लपटें और धुआं उठता देख भीड़ जमा हो गई। इसके बाद दमकल की दो अन्य गाड़ियां मंगा ली गईं। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तीन दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू किया जा सका। दमकल विभाग के अधिकारी भी पहुंचे और आग लगने की वजह व नुकसान के बारे में बारीकी से जानकारी जुटाई।


दुकान के बाहर जला पड़ा सामान देखने को जुटी भीड़।

### व्यापारी बोले- सब तबाह हो गया

पीड़ित की मानें तो इस अग्निकांड में 20 कंप्यूटर, 10 वीडियो कैमरे, तीन डीएसएलआर, पेपर रोल, फोटो एल्बम शीट, कई फ्रेमें, मशीनें भी जल गई। इसमें एक करोड़ रुपये के नुकसान होने की बात कही। अपनी आंखों के सामने सब कुछ जलता देख उसका रोकर बुरा हाल रहा। उसका कहना है कि अभी चार दिन पहले ही चार लाख का सामान जिसमें फोटोशीट, एल्बम शीट आदि शामिल थे। वह भी पूरी तरह जल गए हैं। मशीनें भी पूरी तरह से आग में खत्म हो चुकी हैं।

### कई शादियों का डाटा जला, मुश्किलें बढ़ीं

पीड़ित छत्रपाल वर्मा की मानें तो उनकी दुकान में करीब 100 जोड़ों से अधिक की शादियों का डाटा कंप्यूटर में था। चूंकि कंप्यूटर पूरी तरह से जल गए। उसमें एकत्र डाटा भी आग की भेंट चढ़ गया है। चूंकि अब जिसकी शादी का डाटा था, उनसे एडवांस भी लिया जा चुका है। अब इसकी न तो एल्बम तैयार हो सकेगी न ही वीडियो। वहीं, संबंधित ग्राहकों की भी परेशानी बढ़ गई है।

**सियासी हलचल**

### फाइट में नहीं आ सकी थी कांग्रेस, मंडल की 5 सीटों में से तीन पर सपा दो पर बसपा रही थी दूसरे नंबर पर

## 2019 के रण में सपा और बसपा ने दी थी भाजपा को टक्कर

श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में जीत के साथ-साथ फाइट में रहने का भी विशेष महत्व है। दूसरे नंबर पर रहने वाली पार्टी और उसका प्रत्याशी भी हमेशा के लिए चुनावी इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाता है। लोकसभा चुनाव 2019 में मंडल की पांचों सीटों पर भाजपा प्रत्याशी को सपा और बसपा प्रत्याशी ने टक्कर दी थी। कांग्रेस प्रत्याशी कहीं भी फाइट में नहीं आ सके थे। इस बार भी कयास लगाए रहे हैं। कौन जीतेगा, कौन दूसरे नंबर पर रहेगा।

लोकसभा चुनाव में सभी दलों के पदाधिकारियों से लेकर कार्यकर्ता तक माहौल बनाने में जुटे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अरुण कुमार सागर को शाहजहांपुर से प्रत्याशी बनाया था। तब कुल मतदान 56.1 प्रतिशत मतदान हुआ था। कुल मतदान का 58.04 वोट बीजेपी प्रत्याशी को मिला था। दूसरे नंबर पर सपा से गठबंधन के बाद बसपा प्रत्याशी अमर चंद्र जौहर को 35.43 वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर कांग्रेस प्रत्याशी ब्रहम स्वरूप सागर को मात्र 2.97 वोट पर ही संतोष करना पड़ाथा। भाजपा की जीत और बसपा की हार के बीच में 22.61 वोटों का अंतर रहा था।

### आंवला सीट पर भाजपा-बसपा में टक्कर


धर्मेंद्र कश्यप।

साल 2019 में बरेली मंडल की पांच लोकसभा सीटों में से एक आंवला लोकसभा सीट पर भाजपा और बसपा प्रत्याशी के बीच टक्कर हुई थी। यहां भाजपा प्रत्याशी विजयी रहे थे और बसपा प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रही थीं। कुल मतदान 58 .96 प्रतिशत हुआ था। जिसमें से भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप को 51 .07 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि बसपा की रुचिवीरा को 40 .26 प्रतिशत मत मिले थे। यहां कांग्रेस के सर्वराज सिंह को मात्र 5 .94 प्रतिशत वोट ही मिले थे। भाजपा और बसपा में जीत-हार का अंतर 10 .81 प्रतिशत रहा था।

### बरेली में सपा के भगवत शरण रहे दूसरे स्थान पर


संतोष कुमार गंगवार।

मंडल की मुख्य बरेली लोक सभा सीट पर कुल मतदान 59 .43 प्रतिशत हुआ था। यहां मुख्य मुकाबले में भाजपा के संतोष गंगवार और सपा के भगवत शरण गंगवार रहे थे। बीजेपी के संतोष गंगवार को 52 .88 प्रतिशत वोट मिले थे तो सपा के भगवत शरण गंगवार को 37 .23 प्रतिशत वोट मिले थे। यहां कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन कद्दावर नेता माने जाते हैं, इसके बाद भी उन्हें मात्र 6 .94 प्रतिशत वोटों से ही संतोष करना पड़ा था। भाजपा और सपा में जीत-हार का अंतर 15 .55 प्रतिशत रहा था।

### शाहजहांपुर सीट: बसपा रही फाइट में


अरुण कुमार सागर।

यहां साल 2019 में कुल 56 .1 प्रतिशत वोट पड़े थे। भाजपा के अरुण सागर को 58 .04 प्रतिशत, बसपा के अमर चंद्र को 35 .43 प्रतिशत और कांग्रेस के ब्रह्म स्वरूप को मात्र 2 .97 प्रतिशत वोट ही मिले थे। भाजपा और बसपा में जीत-हार का अंतर 22 .61 प्रतिशत रहा था।

### पीलीभीत में सपा के हेमराज रहे दूसरे नंबर पर


वरुण गांधी।

लोक सभा सीट पीलीभीत पर साल 2019 में कुल मतदान 67 .37 प्रतिशत हुआ था। यहां भाजपा के वरुण गांधी को 59 .34 प्रतिशत और सपा के हेमराज वर्मा को 37 .01 प्रतिशत वोट मिले थे। भाजपा और सपा में जीत-हार का अंतर 22 .33 प्रतिशत रहा था।

### बदायूं में सपा के धर्मेंद्र यादव दूसरे नंबर पर रहे


संघमित्रा मौर्य।

सपा के धर्मेंद्र यादव यहां भाजपा की संघमित्रा मौर्या से हार गए थे। धर्मेंद्र दूसरे नंबर पर रहे थे। लोक सभा सीट पर कुल कुल 57 .15 प्रतिशत मत पड़े थे। जिसमें से भाजपा की संघमित्रा मौर्या को 47 .28 प्रतिशत और सपा के धर्मेंद्र यादव को 45 .58 प्रतिशत मत मिले थे। यहां कांग्रेस के सलीम को 4 .8 प्रतिशत ही मत मिल सके थे। भाजपा और सपा में जीत-हार का अंतर 01 .7 प्रतिशत रहा था।

## चीनी मिल में सफाई कर रहा मजदूर घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल में सफाई करते समय एक ठेका मजदूर गिर कर गंभीर घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बेहटा बिझौली निवासी कुलदीप (34) पुत्र श्रीकृष्ण चीनी मिल में प्लांट की सफाई कर रहा था।

वह फिसल कर गिर गया जिससे वह घायल हो गया। चीनी मिल के अधिकारी उसे सीएचसी लाए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चीनी मिल के पीआरओ सतीश श्रीवास्तव ने बताया कि कुलदीप चीनी मिल में ठेका मजदूर के रूप में काम करता है, जिसकी हर संभव मदद की जाएगी।

## बरखेड़ा में आग से सात बीघा गेहूं की फसल जली


हादसे के बाद मौके पर जमा ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम सहपुरा में बुधवार दोपहर खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें उठतीं देख तमाम ग्रामीण जमा हो गए। इसके बाद ट्रैक्टरों से खेत की जुताई करके आग पर काबू पाया। हादसे में ग्रामीण सौरभ वर्मा के करीब सात बीघा खेत में खड़ी फसल जल गई।

**आग से दो एकड़ गेहूं की फसल जली-अमरिया :** तहसील क्षेत्र के ग्राम पिंजरा बमनपुरी में गेहूं की फसल में बुधवार दोपहर आग लग गई। आसपास के लोग जमा हुए और आग पर काबू किया। बमुश्किल आग पर काबू किया गया। जिसमें मोहम्मद नबी, मोहम्मद शाकिर की एक-एक बीघा, गीता देवी की दो बीघा, मोहम्मद हनीफ की दो बीघा मोहम्मद अहमद, फैयाज अहमद की दो- दो बीघा, सादिक हुसैन की डेढ़ बीघा करीब दो एकड़ फसल जल गई। आग बुझाते समय मोहम्मद जुबेर झुलस गया। सूचना मिलने पर लेखपाल नंदलाल ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई।

सर्वाभिलाषिण: सर्वभोजिन: सपरिग्रहा: ।
अब्रह्मचारिणो मिथ्योपदेशा गुरवो न तु ॥

अभिलाषा रखनेवाले, सब भोग करनेवाले, संग्रह करनेवाले, ब्रह्मचर्य का पालन न करनेवाले, और मिथ्या उपदेश करनेवाले, गुरु नहीं है ।


## संपादकीय

# नहीं ले पा रहे लाभ

पिछले कुछ दशकों से देश में नौकरियों की कमी की समस्या है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी अभी भी कृषि पर निर्भर है जो कि अल्प-रोजगार और प्रच्छन्न बेरोज़गारी के लिए बदनाम है। भारत में 62 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या की आयु 15 से 59 वर्ष के बीच है तथा जनसंख्या की औसत आयु 30 वर्ष से कम है। इसका तात्पर्य यह है कि भारत जनसंख्या की आयु संरचना के आधार पर आर्थिक विकास की क्षमता का प्रतिनिधित्व करने वाले 'जनसांख्यिकीय लाभांश' के चरण से गुजर रहा है। उधर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत चीन या कोरिया की तरह जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। देश की तरक्की को लेकर हो रहे 'प्रचार' पर भरोसा कर भारत गलती कर रहा है। बहुत सारे भारतीय नवप्रवर्तक अब सिंगापुर या सिलिकॉन वैली का रुख कर रहे हैं क्योंकि उन्हें वहां अंतिम बाजारों तक पहुंच बहुत आसान लगती है। इसके लिए मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। जनसांख्यिकीय लाभांश किसी देश की जनसंख्या की संरचना में बदलाव के कारण होने वाली आर्थिक वृद्धि है, जो आमतौर पर प्रजनन और मृत्यु दर में गिरावट का परिणाम है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश पर एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश का अवसर वर्ष 2005-06 से वर्ष 2055-56 तक पांच दशकों के लिए उपलब्ध है।

कोई भी जनसांख्यिकीय लाभांश इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, शासन और अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सही नीतियां लागू करती है या नहीं। इसके अलावा, किसी देश को मिलने वाले जनसांख्यिकीय लाभांश की मात्रा युवा वयस्कों की उत्पादकता के स्तर पर निर्भर करती है, जो बदले में, देश में स्कूली शिक्षा के स्तर, रोजगार प्रथाओं, समय और बच्चे पैदा करने की आवृत्ति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति पर भी निर्भर करती है। जनसांख्यिकीय लाभांश बचत, श्रम आपूर्ति, मानव पूंजी और आर्थिक विकास के साथ पाया जा सकता है। भारत की अल्प-वित्त पोषित शिक्षा प्रणाली युवाओं को उभरते रोज़गार के अवसरों का लाभ उठाने हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए अपर्याप्त है। इसलिए 'जनसंख्या विस्फोट' की आशंका से अधिक यह महत्वपूर्ण है कि भारत युवा जनसंख्या की स्वास्थ्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करे, क्योंकि भारत का कल्याण इसी पर निर्भर है। युवा आबादी की रोज़गार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास भारत की श्रम शक्ति को आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए सही कौशल के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है। युवाओं के कल्याण की रक्षा करना आवश्यक है क्योंकि भारत का कल्याण उन्हीं पर टिका है।

# विश्व धरोहर दिवस पर सबाल्टर्न विरासत को भी बचाएं



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं।

आज 'वर्ल्ड हेरिटेज डे' के आयोजन के समय अपनी मूर्त और अमूर्त धरोहरों को याद करते हुए इन्हें बचाए रखने का संकल्प लिया जाता है। हमारा अधिकांश ध्यान भवनों पर केन्द्रित रहता है जबकि सभ्यताओं की तरक्की के दौर में वास्तुशिल्प से परे हरेक वह वस्तु -फिजिकल और नॉन-फिजिकल, धरोहर है जिससे मनुष्य जीवन और समाज के चरित्र पर गुणात्मक असर पड़ता रहा है। गायन, नृत्य, चित्रभाषा, किताब या नदी पर बनाया गया पुल, लिखने के लिए पुराने इंक पेन और एम्ब्रायडरी वाले परिधान भी मनुष्य के जीवन को गुणात्मक दृष्टि और जीवनशैली देने, दृश्य-स्वरुप गढ़ने और बौद्धिक आनंद के सृजन हेतु निर्मित्ति के दायरे में आते हैं। दिवस विशेष एक परंपरा की भांति गुज़र जाने दिए जाते हैं। कुछ संगठन एक निर्धारित दिवस पर एक आयोजन बेशक प्रभावी तरीके से करते हैं खासतौर से अगर यह उनके मैंडेट से संबंधित हो, लेकिन अन्य संगठन दूसरों से संबद्ध दिवस-आयोजन से बहुधा, ख़ास वास्ता नहीं रखते। ऐसा क्यों? 'वास्ते' का सवाल नैतिकता और प्रबंधन के नाके पर आकर अटक जाता है। संबंधित संस्थाओं को इन विशिष्ट अवसरों पर लोगों तक पहुंच बनाने के लिए आधुनिक सूचना तकनीक का इस्तेमाल करना चाहिए जैसे कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, वेबकास्ट, यू-ट्यूब।

एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजनहिताय-सर्वजनसुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं। ऑफिस की स्टाफ कौंसिल के निर्णय के अनुसार इनमें से विशिष्ट दिवसों को चिह्नित करके इनके बारे हम कार्यक्रम आयोजित करते थे। यह सब करने से आयोजनकर्ताओं का भी मानसिक स्तर ऊंचा उठता है। इसे आयोजित करने से आकलन किए जाने का एक सुअवसर मिलता है कि अभी तक एक फील्ड में जो भी किया उसे करने की जरूरत क्या थी और जो हुआ या किया गया इसके नतीज़न हमने एक क्षेत्र विशिष्ट में ऐसा क्या किया जिसे लोककल्याण, लोकज्ञान और संबद्ध घटनाओं को परखने में हमारे दृष्टिकोण

धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

में गुणात्मक वृद्धि हुई। विषय स्टेटिस्टिक्स का हो या न्यूक्लियर फिजिक्स का, वायरल प्रोटीन्स की फोल्डिंग का है या फिर एस्ट्रोनॉमी विषय में ब्रह्माण्ड में तारों के जन्म या मृत्यु से संबंधित, गेहूं की नई नस्ल के विकास का है या पानी के पुराने आर्किटेक्चर से संबंधित, मनुष्य का इन्हें देखने और बरतने का अंदाज़ एथिक्स के बिना व्यर्थ है। मनुष्य निर्मित पुरातात्विक धरोहर के प्रति दिखाए-बरते गए नैतिक मानक संहिता में ठहराव है जबकि इन्हें गतिमान होना चाहिए। इसे बनाए रखने के लिए काम करने की पद्धतियों में सुधार करने के लिए ऐसे विशिष्ट अवसर विमर्श हेतु उपयुक्त होते हैं जिनमें जनभागीदारी भी हो सकती है। अन्यथा बंद कमरों में आचार समितियों की बैठकों के दौरान निर्णय लेने की प्रक्रिया क्या रहती, इसके बारे में मालूम नहीं होता।

धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

विश्व-धरोहर दिवस का आयोजन महानगरों में स्थित कुछ बड़े संस्थाओं के दायरे में सिमट जाता है। भारत के गांवों और कस्बों में निवास करने वाली एक बड़ी संख्या इसमें, पैसिव और एक्टिव दोनों तरह की, भागीदारी से छूट जाती है। विद्यालयों और कालेजों तक में विशिष्ट दिवसों पर विषय से संबंधित कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाते। गांवों और कस्बों में ऐसी अनेक वस्तुएं और विधाएं मौजूद रही हैं जिन्हें स्थानीय महत्व पर मान मिल सकता है जैसेकि प्रयाग में जमुना किनारे और गया में स्टेशन रोड पर शानदार धर्मशाला भवन एवं उत्तर प्रदेश में गंगा नहर पर 200 वर्ष या इससे पहले बनाये गए पुल, गांव में 75-100 वर्ष पहले की बनायी हुई एक हवेली और चौपाल के आलावा बुजुर्ग महिलाओं द्वारा एक सदी पहले बरते जाने वाले वाले परिधान जिन पर शानदार कशीदाकारी हुआ करती। प्रचलन से बाहर हो गए खेती के हमारे औजार, गांव में मौजूद शानदार कलात्मक कुएं, एक बावड़ी, कुंड या पक्का तालाब, मंदिर और इसमें स्थापित देव मूर्ति, अन्य धर्मों के आस्था स्थल जो सदियों पुराने हो सकते हैं, हमारे साझा धरोहर हैं।

विविध प्रकार की धरोहर हमारे आसपास ही होती हैं, लेकिन इनकी पहचान और संरक्षण अत्यावश्यक है। इनके संरक्षण के लिए अनेक तरह का नया वैज्ञानिक ज्ञान, पद्धति और टूल्स हमारे पास अब मौजूद हैं। लेकिन जरूरत है इसके इस्तेमाल की और ऐसी पहल की जिससे सांस्कृतिक धरोहर जब तक संभव है, बचाई जा सके। दुनिया में कोई वस्तु या कला सदा के लिए तो नहीं रहती क्योंकि हरेक की एक निश्चित फिजिकल लाइफ होती है, लेकिन हम बेहतर देखभाल से इन्हें दीर्घायु तो कर ही सकते हैं।

धरोहर संरक्षण के प्रति देश में पर्याप्त निष्ठा है, संरक्षण के लिए तकनीकी क्षमता भी, लेकिन सियासत और धनाभाव के चंगुल में यह ऐसी उलझी है जिससे हमारे गांव-कस्बों और बाहरी इलाकों में मौजूद लाखों की संख्या में सबाल्टर्न हेरिटेज की लिस्टिंग नहीं हो पाई है बावजूद इसके कि इंडियन नेशनल ट्रस्ट ऑफ़ आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) और स्वेच्छा से काम करने वाले हज़ारों उत्साही व्यक्ति इस काम में पिछले करीब 40 वर्ष से लगे हुए हैं। यह प्रशंसनीय है कि देश में इन्हें सूचीबद्ध किए जाने और संरक्षण के प्रति सांप्रदायिक भेदभाव और रोषयुक्त नीति कभी नहीं रही बल्कि विविध प्रकार के स्मारक भवनों के इर्द-गिर्द नीति का ताना-बाना समान रूप लागू रहा चाहे यह ब्रिटिश राज का समय था अथवा आधुनिक संप्रभु भारत। फिलवक्त पुरातात्विक अध्ययन और संरक्षण के लिए मौजूद विशाल तंत्र के संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में न तो प्रशिक्षित मैनपावर है और न ही संरक्षण-निधि। भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पूर्व-महानिदेशक डॉ.राकेश तिवारी से इस बाबत बात हुई तो कहने लगे कि 'भारत में स्थानीय महत्व की बिल्ट-हेरिटेज के महत्व को स्थानीय तौर से लोग जब तक नहीं समझेंगे तब तक इसका संरक्षण भी नहीं हो पाएगा। इसे बिना सरकारी मदद के साझाप्रयास, आर्थिक अंशदान से ही किया जाना संभव है। पंचायती राज तंत्र में इसे 'इनबिल्ट' नहीं किया गया। केंद्रीय या प्रांतीय स्तर के सरकारी तंत्र से इसका संचालन और संरक्षण असंभव है'।

देश में कुछेक बड़े न्यास और मिल-जुल कर लोगों द्वारा बनाए गए रजिस्टर्ड संगठनों के लिए इंटेक ने काफी काम करवाया है। अभी कुछेक राज्यों में कम्युनिटी लीडर्स और राज्य सरकारों की रुचि आमजन को 'हेरिटेज वाक' करवाने की हो गई है जिससे यह भरोसा बढ़ने लगा है कि जागरूकता के प्रसार से सूचीबद्ध होने से छूट गई सबाल्टर्न स्तर पर निम्न महत्व की मानी गई वास्तु और अमूर्त धरोहर का संरक्षण तेज़ी से हो पाएगा। लोकवार्ता में लोकगायन करने वाले साजिंदों की डॉक्यूमेंटेशन दूरदर्शन और आल इंडिया रेडियो ने की है। राजस्थान में विजयदान देथा और कोमल कोठारी और हरियाणा में आरसिंह और आरके नैन जैसे लोगों ने 50 वर्ष में काफी काम किया। उन लोगों का काम महत्व दिए जाने योग्य है जिन्होंने अपने बलबूते पर, अपने संसाधनों से दुःख-सुख झेलकर भारत की अमूल्य मूर्त-अमूर्त धरोहर की डॉक्यूमेंटेशन की है। पिछले सौ वर्ष में देश में ऐसे करीब 100 से अधिक संख्या में निष्ठावान व्यक्तियों ने इस प्रकार का काम किया है। इन व्यक्तियों के बारे में फोटोग्राफिक क्लब्स और सोसाइटीज, फिल्म डिवीज़न, संग्रहालयों में स्थापित फोटोग्राफ़िक एवं फिल्म सेक्शन्स के रिकॉर्ड, प्राइवेट आर्काइव्ज वगैरह स्रोतों से हमें अनेक नाम उपलब्ध हो सकते हैं। विश्व धरोहर दिवस ऐसे लोगों के अभिनंदन के लिए उपयुक्त अवसर होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# यमुना की बदहाली गाथा

यमुना छठ पर यमुना भयानक गंदगी से भरी थी। गंदगी से भरी यमुना को देखकर किसी को गुस्सा नहीं आता। भक्त गण, यमुना प्रेमी लोग प्रतिवाद नहीं करते। बल्कि गंदगी में यमुना को रखकर जश्न मनाते हैं। इवेंट करते हैं। गंदगी से भरी यमुना में धार्मिक इवेंट देखने हो तो आप कभी भी यमुना किनारे विश्राम घाट-सतीघाट आदि प्रमुख घाटों पर आएं और गंदगी में धार्मिक इवेंट का आनंद लें।

यमुना छठ पर घाट किनारे भाजपा के अनेक नेता और लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी भी वहां आई थीं। उनको गंदगी से भरी यमुना देखकर शर्म नहीं आई। सन 2014 में पीएम मोदी ने कहा था हेमा मालिनी को जिता दो मैं 15 दिन में यमुना स्वच्छ करा दूंगा। दस साल हो गए। कोई यमुना साफ नहीं करा पाया। मीडिया के अनुसार यमुना स्वच्छ कराने के नाम पर कागज में 1697 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इनमें से अकेले मथुरा में 235 करोड़ रुपए किए हैं। लेकिन नतीजा जीरो है। हकीकत यह है मथुरा ने जब से भाजपा सांसद को चुना है तब से यमुना में प्रदूषण बढ़ा है। यमुना जल विषाक्त हुआ है। इसका प्रधान कारण है कारखानेदारों-भवन निर्माताओं -कमीशनखोरों-स्थानीय माफ़िया गिरोहों -मिडिल क्लास के साथ सांठगांठ।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

मथुरा में बेशर्मी और सैलीब्रिटी हेकड़ी का आलम यह है कि सांसद ने विगत दस साल में मथुरा की जनता को कभी समय नहीं दिया। टिककर कभी मथुरा में नहीं रहीं। मंदिरों का राजनीतिक प्रचार के लिए दुरुपयोग किया। संसद में दस सालों में उनकी न्यूनतम शिरकत रही है। साल में कभी एक आध बार संसद में बोलती हैं।

शहर में असंख्य समस्याएं हैं। जनता भटकती रहती है और दलालों -कमीशनखोरों से काम कराती रहती है। जब मेले आते हैं तो डीजे-नाच-गान आदि के शोर में जनता को इस कदर डुबो दिया जाता है कि वह यमुना की गंदगी, बंदरों के आतंक, बेरोजगारी, अकादमिक अव्यवस्था आदि पर सोचने की किसी के पास फुरसत नहीं होती।


हालत इस कदर ख़राब हैं कि जो लोग कुछ साल पहले तक अपने को 'प्रगतिशील' कहते थे वे आज गर्व से हेमा मालिनी और संघ को चंदा दे रहे हैं। घर में बैठकर राम नाम जप रहे हैं। सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

यमुना छठ के दिन मथुरा की जनता का किस तरह उत्पीड़न किया गया उसका एक ही नमूना काफी है। यमुना छठ के दिन विश्रामघाट-सती घाट आदि घाटों पर मेला लगता है। लेकिन अचानक रात को तक़रीबन एक घंटे बिजली ग़ायब रही। लाखों लोग उससे परेशान हुए। इतने विशाल मेले के समय बिजली का गायब रहना साधारण घटना नहीं है। अव्यवस्था का आलम यह था कि विश्राम घाट और उसके आसपास के बाजार और क्षेत्र में भयानक अव्यवस्था थी, जनता परेशान रही। कोई सुव्यवस्था नज़र नहीं आई।

विगत दस साल में मथुरा में बेरोज़गारी और अपराध बढ़े हैं। फुटकर व्यापारी, छोटे दुकानदार आदि के व्यापार में तबाही मची हुई है। मंदिरों की आमदनी बड़ी मात्रा में गिरी है। देह-व्यापार बढ़ा है। आए दिन सरेआम अपराध हो रहे हैं।

मथुरा में रहने वाले व्यक्ति को जब भी जनता ने चुना है, उसने जनता की सेवा की है। ऐसे यशस्वी सांसदों में राजा महेंद्र प्रताप, चौधरी दिगंबर सिंह, ठा.चकलेश्वर सिंह, मानवेन्द्र सिंह के नाम उल्लेखनीय हैं। आज सांगठनिक तौर पर भाजपा के अलावा और किसी दल का संगठन जमीनी स्तर पर काम नहीं कर रहा। विपक्ष की इस तरह अनुपस्थिति भी भाजपा को जिताने में मदद कर रही है। विपक्ष ने यह मान लिया है कि उसे यहां काम नहीं करना।

# आखिर क्यों ना जोड़ें नक्सलियों से बातचीत के तार



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे।

गर्मी और चुनाव की तपन शुरू हुई और नक्सलियों ने धुंआधार हमले शुरू कर दिए। हालांकि सरकार की कार्यवाही में बीते दो महीनों में 52 नक्सली मारे गए और कई बड़े नाम आत्मसमर्पण कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनते ही उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दो बार मंशा जाहिर की कि सरकार बातचीत के जरिए नक्सली समस्या का निदान चाहती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नक्सलियों के गढ़ दंतेवाड़ा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सलियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील करते हुए आश्वासन दिया था कि उनकी सरकार उनके साथ बातचीत के लिए तैयार है और वह हर जायज मांग को मानेगी। इसके बाद 21 मार्च को दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने पत्र जारी कर कहा कि हम सरकार से बातचीत को तैयार हैं लेकिन सरकार पहले हमारी शर्तों को माने। इधर बातचीत की तैयारी चल रही थी और दूसरी तरफ बस्तर की सीमा से लगे गढ़चिरौली में एक साथ कई कथित नक्सली मार दिए गये। उसके बाद 10 अप्रैल को नक्सलियों ने पर्चा जारी कर इसे सरकार की बातचीत की आड़ में धोखाधड़ी बताया।

समझना होगा कि नक्सली कई कारणों से दवाब में हैं। सरकार की स्थानीय आदिवासियों को फोर्स मे भर्ती करने की योजना भी कारगर रही है। एक तो स्थानीय लोगों को रोजगार मिला, दूसरा स्थनीय जंगल के जानकार जब सुरक्षा बलों से जुड़े तो अबुझमाड़ का रास्ता इतना अबूझ नहीं रहा। तीसरा जब स्थानीय जवान नक्सली के हाथों मारा गया और उसकी लाश गांव-टोले में पहुंची तो ग्रामीणें का रोष नक्सलियों पर बढ़ा। एक बात जान लें कि दंडकारण्य में नक्सलवाद महज फैंटेसी, गुंडागर्दी या फैशन नहीं है। वहां खनिज और विकास के लिए जंगल उजाड़ने व पारंपरिक जनजाति संस्कारों पर खतरे तो हैं और नक्सली अनपढ़-गरीब आदिवासियों में यह भरोसा भरने में समर्थ रहे हैं कि उनके अस्तित्व को बचाने की लड़ाई के लिए ही उन्होंने हथियार उठाए हैं। यह भी कड़वा सच है कि नक्सल विरोधी कार्यवाही में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग भी जेल में हैं व कई मारे भी गए, इसी के चलते अभी सुरक्षा बल आम लोगों का भरोसा जीत नहीं पाए हैं। लेकिन यह सटीक समय है जब नक्सलियों को बातचीत के लिए झुका कर इस हिंसा का सदा के लिए अंत कर दिया जाए।

नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे। याद करें 21 अक्तूबर 2016 को न्यायमूर्ति मदन लौकुर और एके गोयल की पीठ ने फर्जी मुठभेड़ के मामले में राज्य सरकार के वकील को सख्त आदेश दिया था कि पुलिस कार्यवाही तात्कालिक राहत तो है लेकिन स्थाई समाधान के लिए राज्य सरकार को नागालैंड व मिजोरम में आतंकवादियों से बातचीत की ही तरह बस्तर में भी बातचीत कर हिंसा का स्थाई हल निकालना चाहिए।

बस्तर से भी समय-समय पर यह आवाज उठती रही है कि नक्सली सुलभ हैं, वे विदेश में नहीं बैठे हैं तो उनसे बातचीत का तार क्यों नहीं जोड़ा जाए। हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा में सर्व आदिवासी समाज चिंता जताता रहा है कि अरण्य मे लगातार हो रहे खूनखराबे से आदिवासियों में पलायन बढ़ा है और इसकी परिणति है कि आदिवासियों की बोली, संस्कार, त्योहार, भोजन सभी कुछ खतरे में हैं। यदि ईमानदार कोशिश की जाए तो नक्सलियों से बातचीत कर उन्हें हथियार डाल कर देश की लोकतांत्रिक मुख्य धारा में शामिल होने के लिए राजी किया जा सकता है।

भारत सरकार मिजोरम और नगालैंड जैसे छोटे राज्यों में शांति के लिए हाथ में क्लासनिकोव रायफल ले कर सरेआम बैठे उग्रवादियों से ना केवल बातचीत करती है, बल्कि लिखित में युद्ध विराम जैसे समझौते करती है। प्रधानमंत्री निवास पर उन अलगाववादियों को बाकायदा बुलाया जाता है और उनके साथ हुए समझौतों को गोपनीय रखा जाता है जो दूर देश में बैठ कर भारत में जमकर वसूली, सरकारी फंड से चौथ वसूलने और गाहे-बगाहे सुरक्षा बलों पर हमला कर उनके हथियार लूटने का काम करते हैं। फिर नक्सलियों मे ऐसी कौन सी दिक्कत है कि उनसे टेबल पर बैठ कर बात नहीं की जा सकती। कभी विचार करें कि सरकार व प्रशासन में बैठे वे कौन लोग हैं जो हर हाल में जंगल में माओवादियों को सक्रिय रखना चाहते हैं। जब नेपाल में वार्ता के जरिये उनके हथियार रखवाए जा सकते थे तो हमारे यहां ऐसे प्रयास क्यों नहीं हुए ?

## सोशल फोरम

# सबसे बड़ा सवाल

एक मोमिन की पोस्ट देखी। रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के आदर्श, धर्म और नैतिकता की तारीफ करते हुए उन्होंने लिखा कि हमने अपना धर्म बदला है अपने पूर्वज नही। अपनी संस्कृति अपनी सभ्यता नही। अपनी आस्था अपना मुल्क नहीं। दूसरे धर्म वाला जब आपकी आस्था के संबंध में ऐसी बातें कहे तो आपके लहालोट होने के लिए इतनी पंक्तियां काफी है। लेकिन क्या बात इतनी ही सिंपल है। जैसी दिखाई देती है।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे विचार से ऐसा संभव नही। ये दो विपरीत ध्रुव हैं। दो विपरीत विचारधाराएं हैं। और ऐसा ही कुछ धर्मों के मामले में है। एक दूसरे के धर्म का सम्मान अच्छी बात है। लेकिन मानते तो हम कोई एक धर्म ही हैं। यानी कोई एक विचारधारा। क्या कोई व्यक्ति एक ही समय मे दक्षिणपंथी और मार्क्सवादी हो सकता है?

आज जैसे राजनीति में वैचारिक दरिद्रता आ गई है। एक वैचारिक शून्य उत्पन्न हो गया है। विचारधारा का कोई महत्व ही नहीं रहा। थोड़े से स्वार्थ के लिए लोग राजनीतिक पार्टियां बदल रहे हैं। ऐसा ही कुछ मुझे धर्म के मामले में भी नजर आता है। यहां लोग धर्म नहीं बदलते लेकिन अपने धार्मिक नियमों, मान्यताओं के विरुद्ध जाना आज बड़ी साधारण सी बात है। क्योंकि लोगों में वैचारिक शून्यता अपने धर्म के मामले में भी है। धर्म ग्रंथ अक्सर लोग पढ़ते नही। ठीक से समझते नही। यहां सारा धर्म देखा देखी का है, स्वार्थ का है। विचारधारा के कोई मायने नहीं।

मैं तो बस यही चाहता हूं कि जिस धर्म/विचारधारा को भी हम माने, उसे पढ़ें, जाने उसके सिद्धांतों को समझें बूझें। उसकी अच्छाइयों और बुराइयों को भी जाने। जरूरत महसूस हो तो धर्म का तार्किक विश्लेषण भी करें। अधूरा ज्ञान किसी काम का नहीं।

मेरा सबसे बड़ा सवाल यहां ये है कि जिन्होंने भी धर्म बनाया, उसके नियम बनाए। उन्होंने निश्चित ही कुछ सोचा समझा जाना होगा तभी ऐसा किया होगा। तो उन सब बातों का कट्टरता से पालन उचित है या बदलते समय के साथ, जैसा कि आज के राजनैतिक परिदृश्य में घट रहा है, विपरीत विचारधारों के मिश्रण में कोई हर्ज नही है।

-फेसबुक वॉल से

# ऐसा हतप्रभ चुनाव तो आज तक नहीं देखा

अपने बाल्यकाल से अब तक स्वतंत्रता के बाद से सारे चुनाव देखें हैं लेकिन ऐसा अद्भुत चुनाव आज तक नहीं देखा जहां चुनाव से पूर्व ही सभी पक्ष विपक्ष यह मान कर चल रहे हैं कि आएंगे तो मोदी ही। आप देख रहे होंगे कि टीवी डिबेट में मुद्दा यह नहीं होता कि मोदी जीतेंगे या नहीं बल्कि चार सौ सीट क्यूं चाहिए ही, होता है। इसका मतलब सरकार बनाने के लिए आवश्यक 272 तो मिल ही रहीं है बहस सिर्फ़ इतनी है कि इसके ऊपर कितनी जाएंगी। विपक्ष के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी घुमा फिराकर मोदी जी की जीत स्वीकार करते हुए कहते हैं कि जादू चलाकर यदि मोदी जीत जाते हैं तो देश में आग लग जाएगी, जीत वो भी पक्की मान रहे हैं। ख़ुद की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पारंपरिक अमेठी सीट छोड़कर वायनाड गए हैं। एक हताश, निराश, पराजित योद्धा की तरह अभी से पूरा विपक्ष एक आवाज में कह रहा है ईवीएम की वजह से जीतेंगे। क्या मतलब हुआ कि जीत सभी मान रहें हैं। वो भी पहले चरण के मतदान से पहले ही ऐसा आत्मसमर्पण चुनाव में मैंने तो पहले कभी नहीं देखा। चुनाव पूर्व सर्वे के आख़िरी दिन सभी टीवी चैनलों ने 350 से 400 से ऊपर एनडीए को दिखाया है, कांग्रेस को तो इस बार चालीस से नीचे रहने का अनुमान सभी चैनल दिखा रहे हैं।



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

इस वातावरण से एक बात स्पष्ट समझ आती है मोदी की गारंटी, मोदी पर विश्वास, मोदी की विकास यात्रा, मोदी की विकसित भारत के लिए दूरदृष्टि और मोदी के पिछले दस साल के दृढ़तापूर्वक किए गए कार्य। विपक्ष की सभी पार्टियों ने भाजपा के संकल्प पत्र से कहीं अधिक जनकल्याण के वायदे अपने अपने घोषणा पत्रों में किए हैं लेकिन उन पर कहीं चर्चा ही नहीं हो रही।


बेरोज़गारी और महंगाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को भी विपक्ष ने मोदी के चक्रव्यूह में फंसकर गौण कर दिया। धूमधाम से बनाया गया खंडित विखंडित जिसमें कहा गया था हर जगह भाजपा के विरुद्ध संपूर्ण देश में विपक्ष का एक ही उम्मीदवार होगा व्यक्तिगत अपेक्षाओं के कारण चुनाव से पहले ही धूलधूसरित हो गया। अब अधिकतर जगह आपस में ही भिड़े हुए है या चुनाव से पहले ही गठबंधन पहले ही छोड़ गए हैं।

मोदी जी ने राष्ट्रवाद, विकसित भारत, हिंदुत्व, सनातन, अपनी विकास यात्रा में सब भारतीयों को सम्मिलित करना, विश्वगुरु बनने के मार्ग पर प्रशस्त करना, अर्थव्यस्था में विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था बनाकर तीसरी पारी में तीसरी विश्व की बड़ी अर्थववस्था का संकल्प, विश्व को सुदृढ़ नेतृत्व देने की अभूतपूर्व क्षमता इत्यादि शामिल है।

क्या जनता मोदी पर विश्वास इसलिए भी कर रही है कि जिस कार्य को करने की हिम्मत पिछली सरकारों ने नहीं दिखाई वह मोदी जी ने कितनी सहजता से कर दिखाया। इसमें प्रमुख हैं कश्मीर को धारा 370 से मुक्ति, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति, महिला आरक्षण, शताब्दी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना से देश को सुरक्षित बाहर निकालना, आत्मनिर्भर भारत बनाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में सहयोग, सभी तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार, ग़रीबों को ग़रीबी से बाहर निकालना, जनकल्याण की योजनाओं को लाभार्थियों तक सीधा पहुंचाना इत्यादि। विपक्ष समझ ही नहीं पा रहा कि 2024 का भारत बदल गया है, अब वह जातीय जनगणना, सांप्रदायिक विद्वेष, तुष्टिकरण हिंदू और हिंदुत्व और सनातन को गालियों के जुमलों में ना फंसकर सिर्फ़ विकसित भारत देखना चाहता है।

# बादलों के बरसने की चाहत

पिछले कुछ दिनों से सुबह पूर्व आकाश पर हल्के बादलों का जमावड़ा बना रहता था। मंगल और शनि पूर्वी क्षितिज पर बहुत कम कांतिमान से दर्शन दे रहे हैं। आज बहुत प्रयास के बाद इनकी पहचान कर सका हूं। इनकी स्थिति चालीस अंश ऊपर है लेकिन यह सूर्योदय के समय की स्थिति है। आकाश में धूल और धुंध के कारण पांच बजे के बाद तो स्वाति जैसे चमकदार तारे भी धुंधलेपन से प्रभावित हो जा रहे हैं। चार दिन पहले से अपराह्न हल्के बादलों से भवाली भीमताल के आसमान में हल्के-फुल्के बादल छा रहे थे कल से उनके भी दर्शन नहीं हो रहे हैं। जिन बादलों से आशा की जा रही थी वो कश्मीर की कली की नायिका की तरह रूठ कर चल दिए हालांकि जिस तरह नायिका हमेशा रूठी नहीं रह सकती उसी तरह बादल हैं कभी तो बरसेंगे ही। भवाली न सही कहीं तो बरसना ही है चाहे नेपाल जाकर बरस लें। लेकिन मित्रो जल स्रोतों में निस्सरण कम होता जा रहा है और छोटी क्यारियों में उग आई चौलाई, ऊगल, बीन और मूली को अब रोज पानी की दरकार हो गई है। इसलिए बादलों से बरसने की चाहत बढ़ती जा रही है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

यह उसी तरह है जैसे अठ्ठाईस साल की उम्र को छूते ही मुझे शादी की दरकार हो गई थी और विलंब से होने वाली बारिश और शादी की परिणति दोनों ही आंधी तूफान से शुरू होती है। अब सूर्य मेष राशि में प्रवेश कर गए हैं और जो बारिश होगी वो ओलों और आंधी-तूफान के साथ ही आनी है। फलदार पेड़ों पर जो थोड़े फल दिखाई दे रहे हैं वे समय असमय काल कवलित हो जाएंगे।

मतदाता खामोश और ध्रुवीकरण गुम है। प्रचार के अंतिम दिन सबने जोर लगाया पर कहीं कोई लहर या तूफ़ान नहीं बन पाया। चर्चा में मोदी हैं, तो सुरक्षा के मुद्दे पर योगी की बात है। पिछले चुनावों की तरह सड़कों पर जय श्री राम का जयघोष नहीं है, पर रामनवमी के आयोजनों में राम मंदिर बनने के उत्साह की हिलोर है। जीत-हार के सवाल पर भाजपा का माहौल है, लेकिन जाति-बिरादरी से नहीं इंकार है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान से पहले कुछ ऐसा ही हाल है। चौराहों, चाय-पान की दुकानों और चौपालों में वोटों का हिसाब किताब है। भाजपा से टक्कर में दूसरे और तीसरे नंबर की उलझन का गुणा-भाग है। कौन किधर जा रहा है, इसे लेकर हर किसी का अपना कयास है। अधिकतर सीटों पर त्रिकोणीय मुक़ाबले की तस्वीर में कौन कितना आगे-पीछे यह जानने के लिए हर कोई बेकरार है।

## पश्चिम यूपी की आठ सीटों पर प्रथम चरण में कल मतदान

# वोटर की चुप्पी, बूथ पर ही टूटेगी शोर थमने के साथ बढ़ी धुकधुकी

मनोज त्रिपाठी

उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान में आठ लोकसभा सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। इन आठ सीटों में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें हार गई थी। सहारनपुर, बिजनौर और नगीना लोकसभा सीट बसपा ने जीती थी, जबकि मुरादाबाद और रामपुर में सपा की साइकिल दौड़ी थी। ऐसे में इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही पार्टी के लिए हर सीट बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि इस बार सपा और बसपा के अलग-अलग चुनाव लड़ने और रालोद का साथ मिलने से भाजपा के लिए राहत की बात है, लेकिन फिर भी पार्टी ने राम मंदिर निर्माण और मोदी की गारंटी से माहौल बनाकर परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर जोरदार प्रहार करते हुए विकसित भारत के धारदार प्रचार अभियान में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। इसके बावजूद जातीय गोलबंदी उसे मतदान से पहले न सिर्फ परेशान कर रही है, बल्कि जीत का अंतर तय करने में उलझन में डाल रही है। भाजपा की यह चिंता बेवजह भी नहीं है, क्योंकि पश्चिम यूपी की कई लोकसभा सीटें जातिगत समीकरण में उलझती दिख रही हैं। कहीं मुकाबला कड़ा होता तो कहीं फंसता नजर आ रहा है। दरअसल, भाजपा को टक्कर देने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन हो या बसपा दोनों ने इस बार जातिगत समीकरणों का ही सहारा लिया है। इस रणनीति के चलते जानकार मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर लोकसभा सीट पर भाजपा, बसपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला मानकर चल रहे हैं। जाट, गुर्जर, पिछड़े और दलित वर्ग के साथ मुस्लिम मतों के लिए घमासान है। इनमें कुछ पत्ते कहीं बंद, तो कुछ कहीं हवा के साथ बहते नजर आ रहे हैं। मुस्लिम मतदाता सीट दर सीट चुनाव का रुख भांपकर मतदान करने का मन बना रहा है। उसकी निगाह बसपा या सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों की मजबूती पर टिकी है।

### रामपुर : खेल बिगाड़ने आई बसपा को दिखने लगा अपने खेल के आसार

मुस्लिम बहुल रामपुर लोकसभा सीट पर यह पहला चुनाव है, जब नूर महल का नवाब खानदान और सपा नेता मो. आजम खान नेपथ्य में हैं। ऐसे में भाजपा अपने प्रत्याशी घनश्याम लोधी जिन्होंने उपचुनाव में आजम खान के विश्वस्त आसिम रजा को हराकर बड़ा उलटफेर किया था, की फिर से जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के जनाधार वाली इस सीट पर पहले बसपा प्रत्याशी जीशान खान को लेकर कहा जा रहा था कि वह सपा उम्मीदवार मौलाना मोहिबुल्लाह का खेल बिगाड़ने आए हैं। लेकिन सपा की भीतरी कलह और प्रत्याशी मोहिबुल्लाह जो तुर्क बिरादरी से आते हैं, पर पठानों के मुकाबले तुर्क को तरजीह देने का आरोप लगने के बाद बसपा को भाजपा से मुकाबले में अपना खेल बनता नजर आने लगा है। इस सीट पर साढ़े चार लाख युवा मतदाताओं में अधिकांश जाति-धर्म की सियासत से हटकर नया चुनाव कर सकते हैं। इस समीकरण को देखते हुए भाजपा ने पूर्व सांसद बेगम नूर बानो के पौत्र पूर्व विधायक नवेद मियां के बेटे हमजा मियां को पार्टी में लेकर युवाओं को साधने में लगा दिया है। यहां मुस्लिम वोट बंटने पर भाजपा की राह आसान मानी जा रही है।

**2019** के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें गई थी हार


**02** सीट मुरादाबाद और रामपुर में जमकर दौड़ी थी सपा की साइकिल

**03** सीट सहारनपुर, बिजनौर और नगीना बसपा ने जीत ली थी

### पीलीभीत : भाजपा को लग रहा आसान इम्तिहान

इस सीट पर वरुण गांधी की जगह भाजपा से उतरे प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को चुनौती देने के लिए सपा प्रत्याशी भगवत शरण गंगवार और बसपा उम्मीदवार अनीस अहमद खान ने प्रचार के अंतिम दिन तक पूरी ताकत लगाए रखी। प्रधानमंत्री मोदी यहां दस दिन पहले सभा करके भाजपा का माहौल बना गए थे। इसके बाद जितिन प्रसाद ने पूरा अपना चुनावी अभियान प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ इलाके के विकास पर केंद्रित रखा। उधर, सपा प्रत्याशी गंगवार के समर्थन में ईद के बाद अखिलेश यादव सभा करके जोश भर गए थे। सपा प्रत्याशी बरेली के नवाबगंज से पांच बार विधायक रहने की याद दिलाते हुए जनता से जुड़ाव और अपने काम की याद दिलाकर लोगों से रिश्ता जोड़ने का प्रयास करते रहे। बसपा प्रत्याशी अनीस अहमद खान ने इस सीट पर करीब पांच लाख मुस्लिम मतदाताओं पर नजर गड़ा रखी है।







### मुरादाबाद : भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीधा संघर्ष

**मुरादाबाद** : इस मुस्लिम बहुल सीट पर टिकट को लेकर हुई कलह के बाद सपा नेता आजम खान समर्थकों का साथ मिलने से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा थोड़ी राहत महसूस कर रही हैं। हालांकि मौजूदा सपा सांसद एसटी हसन खुलकर उनके प्रचार में नहीं उतरे हैं। लेकिन इस क्षेत्र में कांग्रेस का जनाधार होने से भाजपा प्रत्याशी सर्वेश कुमार सिंह का मुकाबला करने में सपा-कांग्रेस गठबंधन को ज्यादा मुश्किल पेश नहीं आ रही है। जानकारों के मुताबिक यहां मुकाबला भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन की सीधी लड़ाई में बदलता नजर आ रहा है। हालांकि बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी मुस्लिम वोटों में सेंध लगाकर और परंपरागत दलित मतों को साधकर भाजपा की राह आसान करते नजर आ रहे हैं।

### 2019 में किसको मिले कितने वोट




### सहारनपुर : मुस्लिम वोट बैंक पर भाजपा की निगाह


सहारनपुर में भाजपा से तीसरी बार मैदन में उतरे राघव लखनपाल शर्मा ने क्षत्रियों की नाराजगी को तो कुछ हद तक दूर कर लिया है, लेकिन सपा-कांग्रेस गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। हालांकि इस लड़ाई में बसपा प्रत्याशी माजिद अली उनकी राह आसान करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में सबकी निगाह मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी है, जिसकी संख्या छह लाख से ज्यादा बताई जाती है। प्रचार खत्म होने तक इस सवाल का जवाब नहीं मिल पाया है कि क्या मुस्लिम वोट एकमुश्त मसूद के समर्थन में जाएगा? पिछली बार यह सीट सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने जीती थी। यदि मुस्लिम वोट में बिखराव होता है तो भाजपा को लाभ निश्चित रूप से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### 2019 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत

**49.6 %** भारतीय जनता पार्टी

**49.2%** सपा, बीएसपी, रालोद (गठबंधन)


### लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम




### कैराना : सीधी लड़ाई में बदलता दिख रहा चुनाव


कैराना लोकसभा सीट पर चुनाव दिलचस्प हो गया है। इस सीट को जीतने के लिए मुख्यमंत्री योगी जहां हिंदुओं को पलायन की याद दिलाकर विपक्ष को ललकार गए हैं, वहीं अंतिम दिन रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने रोड शो करके हुंकार भरी। जानकारों के मुताबिक इस सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन की हसन परिवार से उम्मीदवार इकरा हसन भाजपा को सीधी टक्कर देती नजर आ रही हैं। 28 वर्षीय इकरा लंदन में पढ़ी हैं और हिंदू गांवों में जाकर वोट मांगने के दौरान भाजपा सांसद की निष्क्रियता को मुद्दा बनाती रही हैं। भाजपा ने इस सीट पर गुर्जर समाज के प्रदीप चौधरी को दूसरी बार मैदान में उतारा है। प्रदीप चौधरी ने 2019 में इकरा हसन की मां तब्बसुम हसन को हराया था। लेकिन इस बार उनकी मुश्किल की एक वजह बसपा प्रत्याशी श्रीपाल राणा भी हैं, जो भाजपा से नाराजगी का मुद्दा उछालकर पार्टी के परंपरागत ठाकुर वोट बैंक में सेंध लगा रहे हैं।

### 2019 लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत




### नगीना : सुरक्षित सीट पर चंद्रशेखर आजाद ने फंसाया पेंच

नगीना सुरक्षित सीट पर आज़ाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद चुनाव के केंद्र में हैं। बसपा उन्हें अपने लिए चुनौती मान रही है, यही वजह रही कि पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने नगीना में ही सभा करके प्रचार अभियान शुरू किया था। यहां करीब 70 प्रतिशत मतदाता मुस्लिम और दलित हैं। भाजपा से नहटौर के विधायक ओम कुमार तो इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी के रूप में पूर्व जज मनोज कुमार मैदान में हैं। उनके समर्थन में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रचार खत्म होने से पहले आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के साथ माहौल बना गए हैं। बसपा से सुरेंद्र पाल प्रत्याशी हैं। भाजपा को छोड़कर सभी प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान के दौरान दलित वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति बनाई। इसी तरह भाजपा के अलावा मुस्लिम मत भी तीनों प्रत्याशियों में बंटते नजर आ रहे हैं। दलित-मुस्लिम मतों के विभाजन का भाजपा सीधा फायदा उठा सकती है।




### 2019 का वोट प्रतिशत

| | | |
|---|---|---|
| बसपा | मलूक नागर | 51.21 |
| भाजपा | कुंवर भारतेंद्र | 44.67 |
| कांग्रेस | नसीमुद्दीन | 2.36 |

बसपा भाजपा कांग्रेस

### बिजनौर : भाजपा-बसपा की लड़ाई सपा ने त्रिकोणीय बनाई

बिजनौर लोकसभा सीट पर 2019 के चुनाव में सपासे गठबंधन के चलते बसपा ने जीत हासिल की थी। इस बार बसपा से चौ. विजेन्द्र सिंह प्रत्याशी हैं। वह जाट और दलित के साथ अति पिछड़ों को साधकर कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उनके मुकाबले में उतरे भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी चंदन चौहान मीरापुर से रालोद के विधायक हैं। वह गुर्जर बिरादरी से आते हैं। चंदन को मजबूत करने के लिए बिजनौर से बसपा के सांसद मलूक नागर को रालोद में लेकर दलित वोट जोड़ने की कवायद की गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी इस सीट पर जी-जान लगाए हैं, तो सीएम योगी और बसपा सुप्रीमो मायावती भी जनसभा कर गई हैं। इस सीट पर सपा प्रत्याशी दीपक सैनी संघर्ष को त्रिकोणीय बनाकर वास्तव में भाजपा की मुसीबत बढ़ा रहे हैं।

### मुजफ्फरनगर : भाजपा के वोट बैंक में सेंध की कोशिश

बसपा ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से दारा सिंह प्रजापति को प्रत्याशी बनाकर भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया है। दलित और प्रजापति वोटों को साधकर बसपा की कोशिश मुस्लिम वोट अपने पक्ष में करने की है। यहां से भाजपा प्रत्याशी दो बार से सांसद केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान की हर तरफ चर्चा के बीच कुछ विरोध के स्वर भी सुनाई देते हैं। बालियान जाट समाज के साथ ओबीसी वर्ग में मजबूत समर्थन रखते हैं। लेकिन उनके विरुद्ध प्रचार में त्यागी, ठाकुर और सैनी समाज की नाराजगी को हवा देने की कोशिश की जाती रही। कांग्रेस-सपा गठबंधन से मैदान में उतरे हरेन्द्र मालिक कई चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण हर समाज में पहचान और पकड़ रखते हैं। वह अंतिम समय तक भाजपा के वोटों में सेंधमारी करके मुकाबला अपनी तरफ मोड़ने की जद्दोजहद करते नजर आए।

# बिहार की चार सीटों पर कल डाले जाएंगे वोट

**पटना।** बिहार में इंडिया गठबंधन और राजग के बीच लोकसभा चुनाव में कड़ा मुकाबला है। दोनों ही दलों ने प्रचार में ताकत झोंक दी हैं। पहले चरण में यहां की चार सीटों जमुई, गया, नवादा और औरंगाबाद पर 19 अप्रैल को डाले जाएंगे। इन सीटों को जीतने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों और विरोधी गठबंधन के नेता तेजस्वी यादव सबने अपने तरकश के हर तीर को आजमा लिया है। एक- एक वोट का महत्व समझते हुए राजद, जदयू, हम, भाजपा और लोजपा के कार्यकर्ता मतदाताओं को घर- घर जाकर मनुहार कर रहे हैं।

औरंगाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा के सुशील सिंह ताल ठोक रहे हैं तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाटी राष्ट्रीय जनता दल के अभय कुशवाहा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। पिछले तीन चुनाव से सुशील सिंह यहां से जीत रहे हैं। उन्होंने 2009 में जदयू और उसके बाद के दोनों चुनावों में भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की। अब उनके विजय रथ को रोकने के लिए अभय कुशवाहा ने रात दिन एक कर रखा है। तेजस्वी यादव ने यहां सभा कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की भरपूर कोशिश की है तो पीएम मोदी के साथ ही राजग के बड़े नेताओं ने भी यहां कोई कसर नहीं छोड़ी है।

गया सुरक्षित सीट को हॉट सीट की श्रेणी में रखा गया है क्योंकि यहां से पूर्व मुख्यमंत्री एवं हम के अध्यक्ष जीतन राम मांझी मैदान में हैं। उनका मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल के कुमार सर्वजीत से है। इसके साथ ही विभिन्न दलों और निर्दलीय 12 और उम्मीदवार यहां से ताल ठोक रहे हैं। हालांकि मुख्य मुकाबला मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच ही है। 2019 में इस सीट पर जदयू ने परचम लहराया था।

भाजपा ने जमुई लोकसभा सीट अपनी प्रमुख सहयोगी पार्टी लोजपा रामविलास को दी है। इस सुरक्षित सीट पर लोजपा रामविलास ने अरुण भारती तो राजद ने अर्चना कुमारी रविदास को उम्मीदवार बनाया है। यह सीट लोजपा प्रमुख चिराग पासवान के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। लगातार दो चुनाव में वे इस सीट पर खुद ही जीत चुके हैं। अब उन्होंने अरुण भारती को उतारा है। नवादा सीट पर भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुमार ताल ठोक रहे हैं। इन्हीं दोनों के बीच मुख्य मुकाबला भी है।

● राजग ने पिछले चुनाव में जीतीं थीं ये लोकसभा सीटें



### 2019 में कौन कहां से जीता

| सीट | विजेता पार्टी |
|---|---|
| गया | जदयू |
| नवादा | लोजपा |
| जमऊ | लोजपा |
| औरंगाबाद | भाजपा |

# तमिलनाडु में 20 सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष!

चेन्नई

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में सबसे बड़ा मुकाबला तामिलनाडु में होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के बाद लोकसभा सीटों के मामले में यह देश का चौथा सबसे बड़ा राज्य है। इस दक्षिणी राज्य में अभी तक अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच द्वि-ध्रुवीय मुकाबला ही होता रहा है। राष्ट्रीय दल कांग्रेस और भाजपा इन दोनों में किसी एक पार्टी के साथ हाथ मिलाते रहे हैं। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में यहां दो दर्जन से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा के नेतृत्व वाला राजग यहां से अपनी सीटें बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों में पहली बार भाजपा अपने फायरब्रांड नेता के अन्नामलाई के नेतृत्व में कम से कम 10 लोकसभा सीटें और दो अंकों में वोट शेयर दर्ज करने की उम्मीद कर रही है।

पिछली बार 2019 के चुनाव में डीएमके गठबंधन ने तमिलनाडु की 39 में से 38 सीटें जीती थीं। पार्टी को उम्मीद है कि इस बार अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच वोट विभाजन के कारण उनके लिए राह और भी आसान हो सकती है, क्योंकि अन्नाद्रमुक और भाजपा एक साथ चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

**2014 में द्रमुक का नहीं खुला था खाता:** तमिलनाडु में साल 2014 के आम चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री जे जयललिता के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक ने 37 सीटें जीती थीं। भाजपा ने एक सीट और एस रामदास के नेतृत्व वाली पट्टाली मक्कल काची ने एक सीट जीती थी।

**39 सीटों पर मतदान कल**

- भाजपा अपने फायरब्रांड नेता अन्नामलाई के नेतृत्व में 10 सीटें और दो अंकों में वोट शेयर की कर रही उम्मीद
- द्रमुक को भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच वोट विभाजन के कारण नजर आ रही जीत की राह और आसान

**2019 का चुनाव परिणाम**

| | |
|---|---|
| द्रमुक गठबंधन | 38 |
| अन्ना द्रमुक गठबंधन | 01 |

**2019 वोट शेयर**

द्रमुक गठबंधन : **53.15%**

अन्ना द्रमुक गठबंधन : **30.56 %**

**26** उम्मीदवार नामांकन में दाखिल किए गए चुनावी हलफनामों के अनुसार चुनाव लड़ने वाले 40 सबसे अमीर उम्मीदवारों में तमिलनाडु से हैं।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम प्रांत के नलबाड़ी में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा भी लगाया।

**मतदाताओं का मिजाज** 17 चुनावों में सिर्फ तीन बार 1998, 2014 और 2019 के चुनाव में बरेली संसदीय सीट पर 60 फीसदी से ज्यादा पड़े वोट

# मंदिर और मोदी लहर में फर्स्ट डिवीजन पास हुए बरेली के मतदाता

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली संसदीय सीट पर मतदाताओं का मिजाज मुद्दों, लहर और ध्रुवीकरण से प्रभावित होता रहा है। यही वजह है कि पिछले 72 बरसों में हुए 17 चुनावों में महज तीन बार ही यहां के मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए, जबकि बाकी चुनावों में 60 फीसदी का आंकड़ा नहीं छू सके। अब इस बार डिस्टिंक्शन यानी 75 फीसदी मतदान के लिए चुनाव आयोग, राजनीतिक दल और प्रत्याशी सभी जोर लगा रहे हैं।

आजादी के बाद पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनाव में बरेली सीट पर 36.55 फीसदी मतदान हुआ था। 1957 में वोटिंग प्रतिशत छह प्रतिशत बढ़ोत्तरी के साथ 42.8 पर पहुंचा। 1962 के चुनाव में मतदाताओं ने और उत्साह दिखाया तो 48.1 प्रतिशत मतदान हुआ। 1967 में फिर मतदाता बड़ी संख्या में घरों से बाहर आए और 57.7 प्रतिशत वोटिंग हुई। 1971 के चुनाव में जिला प्रशासन और सियासी दलों को वोटिंग प्रतिशत और बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन मतदाताओं ने निराश कर दिया। वोटिंग प्रतिशत धड़ाम होकर 45.6 फीसद पर अटक गया।

हालांकि 1977 के चुनाव में उत्साह फिर देखने को मिला और 53.21 फीसदी मतदान कर मतदाताओं ने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया, लेकिन 1980 में मतदान प्रतिशत गिरकर 44.6 रह गया। 1984 में वोटिंग प्रतिशत में फिर उछाल आया। 54.01 फीसदी मतदान हुआ। 1989 के चुनाव में मतदान तीन फीसदी लुढ़ककर 51.8 रहा। 1991 में फिर बढ़ोत्तरी हुई और मतदान प्रतिशत का आंकड़ा 58.3 फीसदी पहुंचा। लेकिन 1996 में मतदान प्रतिशत 50.6 फीसदी पर चला गया। लेकिन 1998 ने पहली बार रिकॉर्ड बनाया। 61.7 फीसदी वोटिंग के साथ मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए। हालांकि, एक साल बाद 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ, तो मतदान 58.5 प्रतिशत ही हुआ। 2004 में उदासीनता दिखी और मतदान प्रतिशत 52.9 पर सिमट गया। 2009 में आंकड़ा 50.4 फीसदी रहा, लेकिन 2014 के चुनाव में मतदाताओं ने कमाल कर दिया। 11 फीसदी ज्यादा वोट पड़े और मतदाताओं ने 61.2 फीसदी वोटिंग के साथ फर्स्ट डिवीजन का दूसरा रिकॉर्ड बनाया। 2019 में 2014 वाली स्थिति मतदाता बरकरार तो नहीं रख पाए, मगर 60.5 प्रतिशत मतदान के साथ फर्स्ट डिवीजन पर बने रहे।

### भाजपा और मोदी लहर में रचा कीर्तिमान

- बरेली संसदीय सीट का चुनावी इतिहास बताता है कि मतदातओं ने जिन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग की, उस समय देश में भाजपा और मोदी की लहर रही। 1998 के लोकसभा चुनाव के वक्त राम मंदिर आंदोलन के कारण भाजपा के पक्ष में माहौल था, तो 2014, 2019 में मोदी लहर थी। इसके सियासी निहितार्थ भी निकाले जा रहे हैं, क्योंकि बरेली सीट को मुस्लिम बाहुल माना जाता है। ऐसे में इन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग होना दिलचस्प है।



**1977** में जनता पार्टी की लहर में 53.21, 1984 में सहानुभूति के चलते 54.01 और 99 में 58.5 फीसदी पड़े वोट

**33,54,696** मतदाता बरेली और आंवला सीट पर

**1796060** पुरुष मतदाता

**1558544** महिला मतदाता

## अपनी ढपली अपना राग



भाजपा सरकार सिर्फ अमीरों की है। इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो आम नागरिकों, किसानों व व्यापारियों के लिए काम होगा। -राहुल गांधी



भाजपा संविधान को मानती है न लोकतंत्र को। ईडी व सीबीआई के जरिये सबको जेल भेजना चाहती है।

- शिवपाल यादव




इंडी गठबंधन के लोग जब गांव में जाएंगे तो लोग इन्हें भिंडी गठबंधन कहेंगे। ये गले तक भ्रष्टाचार में डूबे हैं।

-ब्रजेश पाठक



प्रदेश में विकास हुआ है तो अखिलेश सरकार में। आज स्कूल, अस्पताल व अच्छी शिक्षा चाहिए।

-संजय सिंह



इंडी गठबंधन की न तो नीति तय है और न ही नेता। विपक्षी गठबंधन में एक अनार सौ बीमार वाली हालत है।

- नंद गोपाल गुप्ता नंदी

# यहां के वोटर भी गजब

## पसंद आए तो पलकों पर... वरना जब्त कराई जमानत

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी



**अमृत विचार :** सांसद चुनने में बाराबंकी के मतदाताओं का अंदाज कुछ अलग है। जो मन को भाया उसे पलकों पर बैठाया, जो पसंद नहीं आया, उसकी जमानत तक जब्त करा दी। जी हां, अब तक के लोकसभा चुनाव में 179 में से 130 प्रत्याशी अपनी जमानत जब्त करा चुके हैं। इनमें प्रमुख सियासी दलों के दिग्गज भी शामिल हैं। बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र का पहला आम चुनाव 1951 में हुआ था। पहले चुनाव में कांग्रेस की गंगा देवी सांसद निर्वाचित हुई थे। पहले चुनाव में 11 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई थी। इनमें नौ की जमानत जब्त हो गई थी।

1957 के चुनाव में संसद पहुंचने की हसरत लेकर पांच उम्मीदवारों ने चुनावी दंगल में किस्मत आजमाई थी। इस चुनाव में रामसेवक यादव ने निर्दल के रुप में चुनाव जीता था। दो प्रत्याशी अपनी जमानत गंवा बैठे थे। 1962 के चुनाव में यहां दो लोकसभा सीटें थी। इनमें रामसनेहीघाट सीट एससी तो बाराबंकी सीट सामान्य के रुप में निर्धारित की गई थी। आरएससघाट सीट पर चार प्रत्याशी चुनाव लड़े थे। जिसमें कांग्रेस के स्वामी रामानंद विजेता तो जनसंघ के भागीरथ 35.48 प्रतिशत मत पाकर रनर रहे थे। जबकि दो प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। जबकि दूसरी सीट पर पांच प्रत्याशियों में से 34.11 प्रतिशत मत पाने वाले कांग्रेस के हुसैन कामिल किदवाई को छोड़कर तीन प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी। 1967 में भी दो सीटों पर चुनाव हुआ था। रामसनेहीघाट सीट पर तीन तो बाराबंकी सीट पर चार उम्मीदवार थे। रामसनेहीघाट सीट पर बी. कुरील ने जीत दर्ज की थी तो एस कैलाश 35.06 फीसदी मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे। जबकि एक उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए थे। वहीं बाराबंकी सीट पर दो उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी।

इसी तरह 1971 में रामसनेहीघाट सुरक्षित सीट पर तीन प्रत्याशी चुनावी दंगल में उतरे थे। जिसमें बैजनाथ कुरील ने बाजी मारी थी। जबकि एनसीओ दल के बाबूलाल कुशमेश 35.75 फीसदी मत हासिल कर रनर रहे थे। जबकि एक उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। वहीं बाराबंकी सामान्य सीट पर कुल चार उम्मीदवार उतरे थे। जिसमें कुंवर रुद्र प्रताप सिंह ने चुनाव जीता था। 36.49 मत पाकर सोशलिस्ट पार्टी के रामसेवक यादव रनर रहे थे। दो की जमान जब्त हो गई थी। 1977 के चुनाव में बाराबंकी सुरक्षित सीट पर आधा दर्जन प्रत्याशियों में से राम किंकर विजेता थे। वहीं कांग्रेस के बैजनाथ कुरील 19.66 फीसदी मत पाकर दूसरे नंबर पर रहे और चार उम्मीदवारों ने अपनी जमानत गंवा दी।

1980 के चुनाव में पांच प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें से दूसरे नंबर पर रहने वाले प्रत्याशी बैजनाथ कुरील को छोड़ तीन अन्य उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए थे।

इस चुनाव में राम किंकर ने लगातारक दूसरी बात बाजी मारी थी। इसी तरह 1984 का चुनावी दंगल आठ प्रत्याशियों के बीच हुआ था। इसमें 28.44 फीसदी मत हासिल कर दूसरे नंबर पर रहने वाले एलकेडी के रामसागर को छोड़कर अन्य उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। इस चुनाव में कमला प्रसाद रावत जीते थे। 1989 का चुनाव नौ धुरंधरों के बीच लड़ा गया, इनमें दूसरे नंबर पर कांग्रेस के राम किंकर व तीसरे नंबर के प्रत्याशी बसपा के विजय कुमार को छोड़कर छह योद्धा जमानत नहीं बचा सके थे। इस लोकसभा चुनाव में रामसागर रावत विनर रहे थे। 1991 के चुनाव में 11 प्रत्याशियों में से रनर रहे बीजेपी के कपिल देव 27.18 और कांग्रेस के कमला प्रसाद रावत 19.80 फीसदी मत पाकर जमानत बचा पाए थे, जबकि राम सागर रावत ने लगातार दूसरी बार मैदान मारा था। वहीं आठ प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। 1996 में 24 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। राम सागर रावत ने इस चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाई थी। भाजपा के रनर प्रत्याशी कपिल देव सिंह व तीसरे नंबर पर रहे बसपा एपी गौतम को छोड़ अन्य सभी ने अपनी जमानत गंवा दी थी।

**1951** में पहली बार हुआ था लोस का चुनाव

**179** प्रत्याशी अब तक जमानत जब्त करा चुके हैं

**130** को जमानत बचाने के लिए जनता ने तरसाया

**11** प्रत्याशियों ने पहले चुनाव में आजमाई थी किस्मत

### सबसे ज्यादा 1996 में 21 प्रत्याशियों ने गंवाई जमानत

बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 21 प्रत्याशियों ने अपनी जमानत 1996 के लोकसभा चुनाव में गंवाई थी। इस चुनाव में दो दर्जन उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। सपा के रामसागर रावत ने भाजपा के कपिल देव को 14722 मतों से हराया था। बसपा के आनंद प्रकाश गौतम 17 .27 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। इसके अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

### जमानत बचाने का यह है गणित


प्रत्याशी को जमानत बचाने के लिए कुल मतदान का 16 .66 फीसदी (1/6 हिस्सा) वोट प्राप्त करना जरूरी होता है। किसी प्रत्याशी को अगर कुल मतदान का छठवां हिस्सा (16 .66 फीसदी) वोट नहीं मिलते हैं तो नामांकन के समय जमा की गई ज़मानत राशि ज़ब्त कर ली जाती है। इसे जमानत जब्त होना कहते हैं।

### कई दिग्गजों की हुई थी बुरी हार

भाजपा के कद्दावर नेता में शामिल रामनरेश रावत को 2009 के चुनाव में मात्र 47656 मत ही हासिल हुए थे। इस हिसाब से वह चौथे नंबर पर रहे थे। 2014 के चुनाव में बसपा के कमला प्रसाद रावत तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 167150 मत मिले थे। जबकि चौथे नंबर पर सपा की राजरानी रावत थी। इन्हें 159284 मत मिले थे। इन दोनों की जमानत जब्त हुई थी। जबकि दूसरे नंबर पर रहे पुनिया को 242236 तो विजेता रहीं भाजपा की प्रियंका रावत को 454214 मत मिले थे। इस चुनाव में 10 लाख 68 हजार 196 मत पड़े थे। इसी तरह 2019 के चुनाव में कांग्रेस के तनुज पुनिया की भी जमानत जब्त हुई थी। इन्हें 159611 मत मिले थे और वह तीसरे नंबर पर रहे थे। इस चुनाव में विजेता रहे बीजेपी के उपेंद्र रावत को 535917 जो सपा के रामसागर को 425777 वोट मिले थे। जबकि कुल पड़े मतों की संख्या 11 लाख 54 हजार 376 थी।

# आईना : डुमरियागंज लोकसभा सीट


### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| जगदम्बिका पाल | 4,92,253 |
| आफताब आलम | 3,86,932 |
| चंद्रेश उपाध्याय | 60,549 |
| अन्य | 11,757 |

2014 नोटा 11,757 | 2014 नोटा 6,776


### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | जगदंबिका पाल | 2,98,845 |
| बसपा | मोहम्मद मुकीम | 1,95,257 |
| सपा | माता प्रसाद पांडे | 1,74,778 |
| कांग्रेस | वसुन्धरा सिंह | 88,117 |
| पीईसीपी | डॉ. मोहम्मद अयूब | 99,242 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | जगदंबिका पाल | 229,872 |
| बीजेपी | जय प्रताप सिंह | 153,306 |
| बसपा | मोहम्मद मुकीम | 151,787 |
| पीईसीपी | इनामुल्लाह चौधरी | 79,820 |
| सपा | माता प्रसाद पांडे | 60,186 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | केशव देव मालवीय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | राम शंकर लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | कृपा शंकर | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | नारायण स्वरूप शर्मा | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | केशव देव मालवीय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | माधव प्रसाद त्रिपाठी | जनता पार्टी |
| 1980 व 84 | काजी जलील अब्बासी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | बृजभूषण तिवारी | जनता दल |
| 1991 | रामपाल सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | बृजभूषण तिवारी | समाजवादी पार्टी |
| 1998 व 99 | रामपाल सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | मोहम्मद मुकीम | बहुजन समाज पार्टी |
| 2009 | जगदंबिका पाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 व 19 | जगदंबिका पाल | भारतीय जनता पार्टी |

**2024**

**कुल मतदाता-** 19,52 039

**पुरुष मतदाता-** 10,39,726

**महिला मतदाता-** 9,12,165



# शहर में सन्नाटा ... गांव में बना है चुनावी माहौल

सुनील मिश्रा, सिद्धार्थनगर



डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए छठवें चरण में चुनाव होना है लेकिन, अभी से गांवों का निरन्तर चक्कर काट रहे ज्यादातर प्रत्याशी

**अमृत विचार :** लोकसभा को लेकर प्रत्याशी इन दिनों गांव की गलियों से लेकर सड़कों तक कदमताल कर रहे हैं। अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने को हर जुगत भिड़ाने की कोशिश में हैं। हालांकि डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए छठवें चरण में चुनाव होना है लेकिन, अभी से गांवों का निरन्तर चक्कर काट रहे ज्यादातर प्रत्याशी अभी से पूरा महौल बनाए हुए हैं। वहीं, शहरों में सन्नाटा सा पसरा है।

डुमरियागंज संसदीय सीट से भाजपा के तीसरी बार प्रत्याशी बने जगदंबिका पाल जहां अपनी जीत को सुनिश्चित करने को जी तोड़ प्रयासरत हैं वहीं से सपा ने भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी के चुनावी मैदान में उतर जाने से चुनावी सरगर्मी बढ़ी नजर आती है। वह भी समर्थकों के साथ चुनावी समर में अपनी ताकत झोंक चुके हैं। इधर, बसपा ने ख्वाजा शमसुद्दीन को यहां अपना प्रत्याशी बनाया है। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के लिए गांव में पहुंचकर चुनावी डंका बजा रहे हैं।

लोकसभा डुमरियागंज में 25 मई को चुनाव का मतदान होगा और 5 जून को स्थिति साफ होगी। लोकसभा डुमरियागंज में कुल मतदाता 19 लाख 52 हजार अपने मतों का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष 10 लाख 39726, और महिला 912165, तथा अन्य 148 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। मालूम हो कि इस चुनावी महासंग्राम में मुस्लिम मतदाता और ब्राह्मण मतदाता चुनावी जीत हार में अहम भूमिका निभाएंगे। सपा में जहां ब्राह्मण मतदाता उतार कर भाजपा में खलबली मचा दी। वही बसपा में मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर सपा के लिए एक मुश्किलें खड़ी कर दी है।

### हर प्रत्याशी चल रहा है अपना - अपना दांव

इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अपनी हैट्रिक लगाने के लिए बेताब है। वह गांव के एक-एक व्यक्ति से मिलकर केंद्र और भारत सरकार के विकास की नीतियों को गिना रहे हैं। साथ ही तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील भी कर रहे हैं। वहीं, सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी भी लोगों का समर्थन पाने को पुरजोर दांव अजमा रहे हैं। स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी जो शेरे पूर्वांचल के नाम से जाने जाते रहे, के पुत्र भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी का भी पूर्वांचल के ब्राह्मणों में अच्छा प्रभाव माना जा रहा है। सपा से चुनावी भाग्य आजमाने उतरे कुशल तिवारी के आने से भाजपा में खलबली मची हुई है। क्योंकि सपा में अगर यादव मुस्लिम और ब्राह्मणों ने साथ दिया तो भाजपा के लिए कहावत सत्य होगी कि बड़ी कठिन है डगर पनघट की। यहां मतदान होने में अभी लगभग एक महीने का समय है। तीनों मुख्य पार्टियों को छोड़कर अन्य छोटे दल अभी अपने कितने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारते हैं यह परिदृश्य साफ नहीं। ऐसे में फिलहाल एनडीए, इंडिया और बसपा के बीच ही संघर्ष होना है। इन दलों के प्रत्याशी प्रचार करने लेकर सक्रिय हैं नतीजतन, चुनाव धीरे-धीरे रोचक होता जा रहा है।

## इंडी गठबंधन राम विरोधी, कांग्रेस-सपा ने किया आस्था से खिलवाड़: केशव मौर्य

अमृत विचार, लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि पूरा का पूरा इंडी अलायंस राम की विरोधी है। कांग्रेस और सपा ने देशवासियों की आस्था से खिलवाड़ करने का काम कोई पहली बार नहीं किया, वे लगातार और बारंबार करते आ रहे हैं। बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि, सनातन विरोधी इन लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था। आज सपा महासचिव ने भगवान राम और रामभक्तों के खिलाफ अनर्गल बयान देकर सनातनियों की श्रद्धा पर कुठाराघात किया है। उन्होंने जनता से अपील की कि, लोकसभा चुनाव में जनता को एक बार फिर इनका घमंड तोड़ना पड़ेगा। जो राम का नहीं ही वो किसी के काम का नहीं। कहा कि यदि सपा के महासचिव अपने नेता को रामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को स्वीकार करने की सलाह दिये होते तो राम इनके सारे पाप और कलंक धो देते।

## दो लड़कों की जोड़ी पहले भी फ्लॉप रही थी: भूपेन्द्र चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी पहले भी उत्तर प्रदेश में फ्लॉप रही थी और एक बार फिर इस जोड़ी को यूपी की जनता सिरे से नकार देगी। बुधवार को जारी एक बयान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, जिनके थीम सांग में ही ये कहा जा रहा हो कि दिल्ली में प्रवेश की खातिर व राहुल और अखिलेश की खातिर जनता वोट करे, ऐसे सत्ताभोगी और स्वार्थी लोगों को जनता अच्छी तरह पहचानती है। उन्होंने कहा, इनका जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। इनके वादे जुबानी जमाखर्च से ज्यादा कुछ नहीं। इनके सारे वादे सत्ता में आने की छटपटाहट दिखाते हैं, क्योंकि न तो गरीब और किसान इनकी नीति में हैं और न ही नीयत में। दशकों तक देश पर राज करने के बाद भी आज जब वो गरीब की बात करते हैं तो मोदी पर नहीं, बल्कि खुद पर ही सवाल उठाते हैं। प्रदेश और देश की जनता उनके दिल्ली के तख्त पर आसीन होने की लालसा को कभी पूरा नहीं होने देगी।

# पहले चरण में 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● राजनीतिक दिग्गजों के लिए होगी कड़ी परीक्षा

**अमृत विचार :** प्रदेश के पहले चरण की आठ सीटों पर 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। करीब एक करोड़ 44 लाख मतदाता मतदान करेंगे। इसमें कई राजनीतिक दिग्गजों के लिए कड़ी परीक्षा होगी। सीटों के जीतने के लिए भाजपा, इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा और बसपा के प्रत्याशियों के बीच घमासान की स्थिति है।

इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। सहारनपुर सीट पर चुनाव मैदान में भाजपा से राघव लखन पाल हैं। पिछले चुनाव में पाल को बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने 20 हजार मतों से हराया था। बसपा ने इस बार माजिद अली को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इमरान मसूद पर दांव लगाया है।

रामपुर सीट पर भाजपा से घनश्याम सिंह लोधी, सपा से मोहिबुल्लाह नदवी, बसपा से जीशान खां चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह, पीलीभीत सीट से भाजपा से मंत्री जितिन प्रसाद, सपा से भगवत शरण गंगवार, बसपा से अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू चुनावी लड़ाई लड रहे हैं। नगीना सीट से बसपा से सुरेंद्र पाल सिंह, भाजपा से ओम कुमार व सपा से मनोज कुमार हैं। इस सीट से आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद भी प्रत्याशी हैं।

बिजनौर सीट पर राष्ट्रीय लोकदल से चंदन चौहान, सपा से दीपक, बसपा से विजेंद्र सिंह चुनाव मैदान में हैं। मुरादाबाद सीट पर भाजपा से सर्वेश सिंह, सपा से रूचि वीरा व बसपा से इरफान सैफी हैं। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा से केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, सपा से हरेंद्र मलिक व बसपा से दारा सिंह प्रजापति चुनाव मैदान में हैं। कैराना सीट पर भाजपा से सांसद प्रदीप कुमार, सपा से इकरा हसना व बसपा से श्रीपाल सिंह अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। संजीव बालियान मुजफ्फरनगर से लगातार तीसरी बार लोकसभा जाने की तैयारी में जुटे हैं। कैराना के चर्चित हसन परिवार की बेटी इकरा हसन पर सभी की निगाह है।

# कीर्तिवर्धन के पास पिता से आगे जाने तो श्रेया के पास मौका बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने का

## राष्ट्रवाद-रामनाम बनाम कुर्मी, यादव व मुसलमान, भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी का सीधा मुकाबला, साधे जा रहे समीकरण

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा



कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा उम्मीदवार



श्रेया वर्मा, सपा उम्मीदवार

भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह चार बार सांसद रह चुके हैं। उनके पिता भी चार-चार बार के सांसद थे। कीर्तिवर्धन अब पांचवीं बार मैदान में हैं। क्या वह अपने पिता से आगे निकल पाने में सफल होंगे? वहीं दूसरी ओर सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के बाबा स्व. बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिर-आंखों पर बैठाया। केंद्र में इस्पात मंत्री बने थे। अब सवाल है कि क्या पौत्री श्रेया वर्मा अपने बाबा की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में सफल होंगी?

**अमृत विचार:** अप्रैल माह की चिलचिलाती धूप में चुनाव सरगर्मी भी तेज है। खासतौर पर भाजपा व सपा के घोषित प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में इस सरगर्मी को चरम पर पहुंचाने में जुटे हुए हैं। भाजपा उम्मीदवार सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के पास इस बार मौका जहां पांचवी बार जीतकर अपने पिता का रिकॉर्ड तोड़ देने का है वहीं, सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के पास मौका विजयी होकर अपने बाबा बेनी प्रसाद वर्मा की विरासत को आगे बढ़ाने का है।

बहरहाल, इस बीच उम्मीदवार अपनी और अपनी पार्टी की उपलब्धियों को जनता के बीच रखकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। राष्ट्रवाद से लेकर क्षेत्रवाद और जातिवाद को भी साधने की जुगत चल रही है। दिलचस्प यह कि रामनाम की धुन के बीच ईद की सेवईयां भी बांट रहीं हैं। कहीं, जातीय सहोदर होने की दुहाई दी जा रही तो कहीं विकास कराने का गुणगान हो रहा है। रामनाम का दुपट्टा भी ओढ़ाकर धर्म-जाति की अलख जगाने का भी प्रयास है।

गोंडा लोकसभा की पांच विधानसभा क्षेत्रों में करीब 25 लाख से अधिक आबादी है। इसमें करीब 18 लाख वोटरों को रिझाने की कसरत चल रही है। जिले की गोंडा सदर, मेहनौन, मनकापुर, गौरा तथा बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा में सभी भाजपा के ही विधायक हैं।

गोंडा सदर से प्रतीक भूषण शरण सिंह, मेहनौन से विनय कुमार द्विवेदी, मनकापुर से रमापति शास्त्री, गौरा से प्रभात कुमार वर्मा तथा उतरौला से राम प्रताप वर्मा सभी भाजपा के विधायक हैं। इन पांच विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम करीब 21 प्रतिशत, यादव 9 प्रतिशत, कुर्मी करीब 10 प्रतिशत हैं। इसके अलावा करीब 17 प्रतिशत ब्राह्मण, 9 प्रतिशत क्षत्रिय, अनुसूचित 18 प्रतिशत सहित कायस्थ, बनिया व अन्य जाति के लोग निवास करते हैं।

### पिता का रिकॉर्ड तोड़ने की भी होगी कसरत

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह चार बार सांसद रह चुके हैं। दो बार सपा से तो दो बार भाजपा से जीत हासिल कर चुके हैं। इसी तरह उनके पिता कुंवरआनंद सिंह भी कांग्रेस से चार बार सांसद रह चुके हैं। 1971 में वह पहली बार चुनाव जीते थे। कीर्तिवर्धन सिंह ने अपने पिता की बराबरी तो पूरी कर ली अब पांचवीं बार मैदान में हैं। वह अपने पिता से आगे निकल जाएंगे या बराबरी पर रह जाएंगे यह तो चुनाव बाद पता चलेगा।

### अपने बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने का जज्बा

2009 में गोंडा से कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिर आंखों पर बैठाया। महज 25-26 प्रतिशत वोट पाकर वह विजई हुए थे और केंद्र में इस्पात मंत्री बने थे। लेकिन अपने वादों को पूरा न कर पाने पर 2014 के चुनाव में उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। लेकिन उनकी पौत्री श्रेया वर्मा ने अपने बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वह विरासत बढ़ा पाएंगी या नहीं चुनाव तक इंतजार करना होगा।

### सपा को सजातीय तो भाजपा को उम्मीदवार पर भरोसा

समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम, यादव के साथ सजातीय समीकरण साधने के लिए कुर्मी विरादरी की श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा ने अपने पुराने कंडीडेट सांसद कीर्तिवर्धन सिंह पर ही भरोसा जताया है। भाजपा उम्मीदवार के पास बीते 10 सालों के विकास का लेखाजोखा है। राष्ट्रवाद का जज्बा है और रामनाम का सहारा है तो सपा उम्मीदवार के पास भी सपा शासनकाल में कराए गए विकास कार्यों का पुलिंदा है। सपा उम्मीदवार के बाबा स्व. बेनी प्रसाद वर्मा द्वारा गोंडा में किए गए कार्य हैं साथ ही मुस्लिम, यादव व सजातीय वोट कुर्मी के पाले में आने की उम्मीद है। वैसे, किस उम्मीदवार को कुल मतों का कितना हिस्सा मिलता है यह तो वक्त ही बताएगा?

### 52 प्रतिशत बरकरार रहेगा या घटेगा

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 52 प्रतिशत मत मिले थे। 48 प्रतिशत में अन्य सभी दलीय, निर्दलीय उम्मीदवार शामिल थे। रिकार्ड मतों से जीत हासिल कर संसद तक चौथी बार पहुंचने वाले भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह पांचवी बार अपना रिकार्ड तोड़ पाएंगे या फिर उतने पर या उससे कम पर पहुंचेंगे। समीक्षकों का मानना है कि 2019 का चुनाव मोदी के नाम पर था। यह चुनाव भी उन्हीं के नाम पर लड़ा जा रहा है लेकिन पिछला मत प्रतिशत इस बार नहीं होगा। इसमें कुछ कमी आएगी।

## चौथे चरण में 13 लोस सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए आज से नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 18 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इन सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे के बीच किये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में लोकसभा की शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव होगा। 13 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी व पांच सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। चौथे चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, बहराइच समेत 13 जिलों के अंतर्गत आते हैं। ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र शाहजहांपुर में आता है।

### स्नान के बाद शुरू हुआ दर्शन-पूजन, हनुमानगढ़ी में शाम तक रही कतार, तीन दिन और 19 घंटे तक खुला रहेगा मंदिर

# 15 लाख भक्तों ने किए रामलला के दर्शन, कनक भवन में उल्लास

अयोध्या कार्यालय

● भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला कौशल्या हितकारी पर झूम उठी रामनगरी, मंदिरों में शंखनाद

**अमृत विचार :** रामनवमी पर दोपहर में घड़ी की दोनों सुइयां 12 पर पहुंचते ही घंटों-घड़ियालों से मठ-मंदिर गूंज उठे। ढोल-नगाड़ों की थाप और शंखनाद के बीच मंदिरों में श्रीराम का जन्मदिन मनाया गया।

रामलला की आरती भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला पर रामनगरी पहुंचे श्रद्धालु झूम उठे। देर शाम तक मंदिरों का उल्लास देखते ही बन रहा था। आज बुधवार को 15 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। जिला प्रशासन की मानें तो शहर में तीन दिन तक भीड़ रहने की संभावना है, जिसे देखते हुए मंदिर लगभग 19 घंटे खुला रहेगा।

रामनवमी पर बुधवार तड़के सरयू स्नान के बाद अयोध्या में दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आकर्षण में रहने वाले कनक भवन मंदिर में जन्मोत्सव को लेकर बधाई गीत के साथ उत्सव का अद्भुत आयोजन संपन्न हुआ।

जनम लियो रघुरइया अवध मा बाजे बधइया समेत अन्य शोहर गाए जा रहे थे। ठीक 12 बजे जैसे ही जन्मोत्सव की आरती शुरू हुई तो मंजीरे, ढोल की थाप पर भक्त भावविभोर होकर थिरकने लगे। प्रमुख मंदिरों में जन्मोत्सव का उल्लास छाया रहा। मणिरामदास की छावनी, दशरथ महल, सियाराम किला, रंगमहल, जानकी घाट, हरिधाम गोपाल पीठ सहित अन्य मंदिरों में भी आरतियां हुईं और प्रसाद वितरित किया गया। राम मंदिर में जन्मोत्सव के आयोजन के दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास, राजा वीरेंद्र मोहन मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश चंद्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक मनोज कुमार ट्रस्ट के सहयोगी गोपाल जी राव, महंत धर्मदास, विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग परिसर में मौजूद रहे। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि रामनवमी पर अयोध्या में उल्लास छाया रहा। सुबह से शाम तक 15 लाख श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान व दर्शन-पूजन किया।


रामलला के दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़।

**दिन भर व्यवस्थाएं देखते रहे अधिकारी**

मेला क्षेत्र में मंडलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी राजकरण नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष शर्मा ड्यूटी स्थलों पर एवं क्षेत्रों में भ्रमण कर श्रद्धालुओं का हाल चाल लेते रहे थे। इलेक्ट्रिक बसों सहित बड़ी संख्या में हर तरफ जाने के लिए बसें तैनात कर थीं।

**कारसेवक पुरम में पका छप्पन भोग**

श्रीराम लला को भी छप्पन भोग लगाया गया। इन पकवानों को कारसेवकपुरम में ही शुद्धता के साथ तैयार कराया गया था। प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही।

- 11 बजे सुबह दूरदर्शन ने लाइव प्रसारण शुरू किया।
- 150 स्थानों पर एलईडी पर चला लाइव प्रसारण।
- 10 सेक्टर में सुरक्षा की दृष्टि से बटी थी अयोध्या।

# 500 साल बाद राम जन्म पर खासा बदला दिखा मौसम

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

● रामनवमी तिथि का संकेत, बदलनी होगी हमें अपनी प्रकृति

**अमृत विचार :** अयोध्या से राम नवमी तिथि का संकेत है कि हमें अपनी प्रकृति बदलनी होगी। राम जन्मोत्सव पर बुधवार को अतीत की तुलना में मौसम में खासा बदलाव दिखा। मौसम विज्ञानी से पयार्वरण विद तक इसे गंभीर मानते हैं। प्रकृति को मानव की अपेक्षा के अनुरुप बदलने के बजाए स्वयं को प्रकृति के अनुरुप बदलने की सलाह देते हैं।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला जन्मोत्सव था। लोगों की आस्था रामलला के प्रति हिलोंरे ले रही थी, श्रद्धा इतनी कि प्रकृति पर उनकी नजर नहीं थी, लेकिन जानकार इसके पीछे काल के कपाल पर लिखी जा रही नई इबारत को पढ़ने की कोशिश में थे। अध्यात्म से विज्ञान को जोड़कर इसके निहितार्थ खोज रहे थे। भविष्य में इससे उत्पन्न होने वाली स्थिति का आंकलन कर रहे थे। तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस, हवा के तेज झोंके। धूप तेज, श्रद्धालु परेशान थे लेकिन श्रद्धा उफान पर थी। यह मौसम चैत्र राम नवमी जैसा नहीं दिख रहा था। तुलना करते हैं 500 साल पहले किए गए चैत्र राम नवमी तिथि के चित्रण से। मौसम में खासा बदलाव दिखता है। लगभग 500 साल पहले बाबा तुलसी ने राम चरित मानस में श्रीराम लला के जन्मोत्सव का चित्रण किया है। कहा है कि नौमी तिथि मधु मास पुनीता, सुकल पच्छ अभिजित हरिप्रीता। मध्य दिवस अति सीत न घामा, पावन काल लोक बिश्रामा। सीतल मंद सुरभि बह बाउ, हरषित मन संतन मन चाउ।

## श्रीराम को अपशब्द कहने वाले आरोपी को मिली जमानत

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फेसबुक पर भगवान राम को अपशब्द कहने के आरोपी की बिना शर्त माफी को ध्यान में रखते हुए उसे जमानत दे दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने जौनपुर निवासी रियाज अलियास ओवैसी को सशर्त जमानत देते हुए पारित किया। आरोपी के खिलाफ पुलिस स्टेशन सुरेरी, जौनपुर में आईपीसी की विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट के तहत फेसबुक अकाउंट पर भगवान राम को कथित रूप से अपशब्द कहने के आरोप में कार्यवाही की गई थी। याची की ओर से तर्क दिया गया था कि वह निर्दोष है। किसी और ने कथित पोस्ट करने के लिए उसके अकाउंट का उपयोग किया है। वह देश के कानून का पालन करने वाला नागरिक है और मुस्लिम होने के बावजूद हिंदू धर्म में आस्था रखता है। जब उसे पोस्ट के बारे में पता चला तो उसने संबंधित पुलिस स्टेशन के सामने बिना शर्त माफी मांगी। अंत में न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक इतिहास नहीं है और उसे कथित अपराधों में अधिकतम 3 साल की सजा हो सकती है।

# पॉक्सो एक्ट मामलों में पीड़िता की आयु के संबंध में निर्देश जारी

### गलत तरीके से पीड़िता को नाबालिग दिखाना अनुचितः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के मामलों में गलत तरीके से पीड़िता को नाबालिग दिखाकर अदालती प्रक्रिया का दुरुपयोग करने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कई मामलों में पीड़िता की उम्र का चिकित्सकीय निर्धारण जानबूझकर नहीं किया जाता है, क्योंकि इससे पीड़िता के वयस्क होने की पुष्टि हो जाएगी और अभियोजन पक्ष का मामला खारिज हो जाएगा। पीड़िता को गलत तरीके से नाबालिग दिखाकर आरोपी व्यक्तियों को पॉक्सो एक्ट के तहत अनुचित रूप से फंसाया जाता है, जिससे उन्हें अनिश्चितकाल के लिए जेल में डाला जा सके।

कोर्ट ने आगे कहा कि पॉक्सो मामलों में पीड़िता की उम्र में विसंगतियां आरोपी के अधिकारों और स्वतंत्रता को काफी हद तक प्रभावित करती हैं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकल पीठ ने अमन उर्फ वंश को जमानत देते हुए पारित किया। मामले के अनुसार याची के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम के तहत थाना शालीमार गार्डन, गाजियाबाद में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उक्त आदेश की एक प्रति सरकारी वकील द्वारा अनुपालन के लिए पुलिस महानिदेशक, उप्र. और महानिदेशक (स्वास्थ्य) उत्तर प्रदेश सरकार, को भेजने का निर्देश भी दिया।

मुख्य रूप से कोर्ट ने अपने आदेश में कुछ मुकदमों की सूची भी संलग्न की है जिसमें सरकार से उचित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। मौजूदा मामले में याची की गिरफ्तारी के समय पीड़िता की आयु निर्धारित करने के लिए मेडिकल जांच नहीं की गई थी। बाद में तैयार की गई रिपोर्ट में पीड़िता की आयु 17 साल बताई गई जबकि पॉक्सो के तहत याची को फंसाने के लिए एफआईआर में पीड़िता की उम्र 16 साल लिखवाई गई थी।

पॉक्सो एक्ट के तहत न्यायिक प्रक्रिया के ऐसे दुरुपयोग को देखकर पीठ ने कुछ निर्देश जारी किए। जैसे, पुलिस अधिकारी प्रत्येक मामलों में पीड़िता की आयु निर्धारण करने वाली मेडिकल रिपोर्ट शुरू में ही तैयार करेंगे और सीआरपीसी की धारा 164-ए के तहत बिना देरी कोर्ट में प्रस्तुत करेंगे। पीड़िता की आयु निर्धारित करने वाली मेडिकल रिपोर्ट कानून की स्थापित प्रक्रिया के अनुसार और नवीनतम वैज्ञानिक मापदंडों और 11 मेडिकल प्रोटोकॉल के अनुपालन में बनाई जाएगी। इसके साथ ही महानिदेशक (स्वास्थ्य) यह सुनिश्चित करेंगे कि मेडिकल बोर्ड में शामिल डॉक्टर विधिवत प्रशिक्षित हों और ऐसे मामलों में पीड़िता की आयु निर्धारित करने के लिए स्थापित मेडिकल प्रोटोकॉल और वैज्ञानिक मापदंडों का पालन करें, साथ ही नवीनतम वैज्ञानिक विकास के अनुरूप रिपोर्ट तैयार करने के लिए इस क्षेत्र में लगातार शोध किए जाएं।

## एसटीएफ ने बायोमैट्रिक कंपनी के फील्ड मैनेजर को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस-2023 की सीधी भर्ती की आफलाइन लिखित परीक्षा में खेल करने वाले बायोमैट्रिक कंपनी के फील्ड मैनेजर को गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ पर बताया कि वह बायोमैट्रिक (गेट पर बायोमैट्रिक कराती है) कम्पनी का फील्ड मैनेजर है। उसने ही परीक्षार्थी को बायोमैट्रिक एजेन्सी का कार्ड बनाकर दिया तथा परीक्षा केन्द्र के गेट पर उसकी ड्यूटी लगा दी थी।

एसटीएफ उपाधीक्षक धर्मेश शाही ने बताया कि उप्र. सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर में वांछित अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह द्वारा जानकारी एकत्रित की जा रही थी। 16 अप्रैल को सूचना मिली कि अभियुक्त आकाश राव गोरखनाथ पुल की तरफ से धर्मशाला की तरफ जा रहा है। इस दौरान एसटीएफ द्वारा गोरखपुर पुलिस को साथ लेकर गोरखनाथ ओवर ब्रिज के पास से आकाश राव को गिरफ्तार कर लिया गया।

# योगी ने कन्याओं के पांव धोकर उतारी आरती

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्र की नवमी तिथि पर बुधवार को गोरखपुर पहुंचकर गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। नवमी तिथि के अनुष्ठान की कड़ी में गोरखनाथ मंदिर के नव भोजनालय में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री योगी एवं गोरक्षपीठाधीश्वर ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत आदि का तिलक लगाया। चुनरी ओढ़ाकर एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से आरती भी उतारी। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया।


नवरात्र की नवमीं पर पूजन के बाद कन्याओं के साथ मुख्यमंत्री योगी।

● कन्या पूजन कर की मातृ शक्ति की आराधना

## स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड वन के डॉक्टरों को मिलेगी प्रोन्नति

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** नौ वर्ष बाद स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड वन के डॉक्टरों का प्रमोशन होगा और उन्हें ग्रेड टू में पदोन्नति मिलेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने ग्रेड वन के 5384 डॉक्टरों का प्रस्ताव शासन में भेज दिया है, अनुमोदन मिलते ही, संभवतः ग्रेड वन में करीब 2196 पद रिक्त हो जायेंगे और नई नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

स्वास्थ्य विभाग में 2012 में और बाद में नियुक्त होने वाले चिकित्सकों को प्रोन्नति नहीं मिली, विभाग में ग्रेड वन के डॉक्टरों के प्रमोशन 2015 में अंतिम बार हुए थे। जिसमें 2011 तक नियुक्ति पाने वाले डॉक्टरों को प्रोन्नति मिल गई थी। विभागीय लापरवाहियों की वजह से नियुक्ति पाने वाले चिकित्सकों को विभाग में वरिष्ठता क्रम तक नहीं जारी हो सके। लिहाजा ग्रेड वन के प्रमोशन रूक गये। इतना ही नहीं साल 2018 में विभाग की नई नियमावली बनने के बाद तकनीकी दिक्कतें बढ़ गईं और चिकित्सकों को चार साल की नौकरी के बाद मिलने वाली पदोन्नति नहीं मिली।

**ग्रेड वन में 3620 पद**

विभाग में चिकित्सकों के 19011 पद हैं, ग्रेड वन में 3620, ग्रेड टू में 7240 (3620 विशेषज्ञ), ग्रेड तीन में 5199, ग्रेड चार में 2825, ग्रेड पांच में 105, ग्रेड छह में 19 और ग्रेड सात में तीन पद हैं। विभाग में नियुक्ति के बाद चार साल की नौकरी करने के बाद ग्रेड वन से ग्रेड टू में प्रोन्नति का प्रावधान है।

## आयुर्वेद, होम्योपैथ व यूनानी विभाग को मिला नया बजट

**लखनऊ, अमृत विचार :** आयुष विभाग अंतर्गत आयुर्वेद विभाग, यूनानी व होम्योपैथी विभागों को नए वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट जारी कर दिया गया है। प्रमुख सचिव लीना जौहरी द्वारा आयुर्वेद विभाग को वेतन मद और विभिन्न मानक मदों के स्वीकृत बजट 12 अरब 97 करोड़ 59 लाख 49 हजार रूपये विभाग को भेज दिये गये हैं। साथ ही यूनानी विभाग को एक अरब 42 करोड़ 21लाख 51 हजार रूपये, दिये गये हैं। आयुष विभाग द्वारा होम्योपैथी के स्वीकृत बजट से प्रयागराज स्थित राजकीय लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज को मरम्मत आदि कार्यो के लिए बजट जारी किया गया है। अस्पताल की ओपीडी व शैक्षिक भवन आदि के लिए 15 करोड़ रूपयों की मांग हुई थी।

## रवि किशन को अपनी बेटी का पिता बताने वाली अपर्णा समेत 6 पर रिपोर्ट

संवाददाता, लखनऊ

● सांसद की पत्नी ने दी तहरीर, 20 करोड़ रंगदारी मांगने का आरोप

**अमृत विचार :** अभिनेता व गोरखपुर से बीजेपी सांसद रवि किशन को अपनी बेटी का पिता बताने वाली मुंबई निवासी अपर्णा ठाकुर समेत छह पर बुधवार को हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सांसद की पत्नी प्रीति शुक्ला ने दी तहरीर में अपर्णा पर 20 करोड़ रंगदारी मांगने का भी आरोप लगाया है।

सांसद पति के बचाव में उतरीं पत्नी प्रीति शुक्ला ने तहरीर में बताया अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर ने अपने संबंध अंडरवर्ल्ड माफिया से होने की धमकी दी। कहा यदि हमारी बात नहीं मानी तो तुम्हारे पति को दुष्कर्म के मामले में फंसा कर बदनाम कर दूंगी। प्रीति ने बताया कि अपर्णा द्वारा ब्लैकमेल कर 20 करोड़ रुपए रंगदारी मांगने के मामले में उन्होंने मुंबई में भी शिकायत की थी। लेकिन अपर्णा नहीं मानी और 15 अप्रैल को लखनऊ में रवि किशन पर झूठे आरोप लगाए। कहा अपर्णा लगभग 35 साल से शादी शुदा है। इसका पति राजेश सोनी, बेटी सालशीनोवा सोनी और एक बेटा भी है। प्रीति शुक्ला का आरोप है कि अपर्णा का परिवार सपा के नेता और कुछ अन्य संग मिलकर उनके परिवार के खिलाफ साजिश रच रहा है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया मामले में अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर, राजेश सोनी, सालशीनोवा सोनी, सौनक सोनी, विवेक कुमार पांडेय मीडिया प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता समाजवादी पार्टी, और खुर्शीद खान राजू न्यूज टाईम नेशन व अन्य अज्ञात शामिल हैं।

### वर्ग पहेली-43

**बाएं से दाएं**

3. इबादत करने की जगह, इबादतगाह, मस्जिद-मंदिर आदि।

5. 1. लिखे हुए अक्षर, लिखाई, लिखावट 2. लिखी हुई बात, किसी विषय या मुद्दे पर गद्य में लिखित विचार आदि 3. निबंध, मज़मून।

6. 1. वर्णन 2. कथन।

7. 1. स्त्रियों द्वारा पैर में पहना जाने वाला एक प्रकार का घुंघरू वाला ज़ेवर, पाज़ेब, नूपुर 2. बांस की सीढ़ी।

9. प्रेस या छापेख़ाने में कंपोज़ की गई सामग्री रखने के लिए निर्मित धातु की एक लंबी आयताकार तश्तरी।

10. स्वर्ग का कुंड या हौज़।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विनिमय; अदला-बदली 2. हेर-फेर 3. परिवर्तन।


2. 1. एक रूप से दूसरे रूप में आना, परिवर्तन 2. आवागमन।

4. 1. घोड़े का खड़े खड़े पैर पटकते जाना, ज़मीन खूंदना 2. लांघना, छलांगना, कूदना 3. किसी कार्य या सेवा का प्रतिफल न मिलना, विवश होकर देखते रह जाना। (मु.) टापते रह जाना : वंचित रह जाना।

6. 1. घर, मकान 2. अंतरिक्ष, आकाश 3. (रामायण) एक वानर का नाम जो रामचंद्र की सेना का एक सेनापति था 4. (महाभारत) एक राजर्षि का नाम जिनकी कथा द्रोण पर्व में है 5. एक असुर का नाम 6. गया नामक तीर्थ।

7. 1. एक प्राचीन भाषा पालि

8. 1. घुमाव, चक्कर 2. परिवर्तन, बदलना 3. क्रम, सिलसिला 4. चालाकी से भरी हुई, चाल या युक्ति 5. धोखे में रखना 6. घाटा सहना, नुकसान 7. दिशा, ओर 8. उलझन, झंझट



**वर्ग पहेली -42 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 यू | थ | ■ | ■ | 2 इ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 प | र | का | र | ■ |
| 4 ढी | ■ | ■ | ■ | रां | ■ | 5 दु |
| 6 ठ | कु | 7 रा | ई | त | ■ | नि |
| ■ | ■ | ज | ■ | ■ | ■ | या |
| 8 ख़ | री | दा | री | ■ | ■ | दा |
| ■ | ■ | न | ■ | 9 ह | ज़ा | री |

**सुडोकू -122**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | | | 5 | | | | |
| | 1 | | | | 9 | | | |
| | | 5 | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 4 | | | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 2 | | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | | | 4 | | | 9 | |
| | | | 7 | | | | 1 | |
| | 6 | | | 9 | 2 | | 8 | 4 |

**सुडोकू -121 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 1 | 9 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 4 | 7 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 17 .31 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष** – आज मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा। अटके हुए कार्यों में तेजी आयेगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ रहेगा। नए काम की शुरुआत करने का विचार बनायेंगे। सन्तान की सफलता से उत्साहित रहेंगे।

**वृष** – आज मानसिक तनाव का असर आपके काम और पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए संसाधन जुटाने में कठिनाई होगी। प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। घर के छोटे-छोटे काम को आज प्राथमिकता देंगे।

**मिथुन** – आज वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बौद्धिक कार्यों में आप काफी ध्यान देंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। करियर में आप बड़ा बदलाव कर सकते हैं। बहुमूल्य वस्तुओं की ख़रीदारी कर सकते हैं।

**कर्क** – आज करियर को लेकर नई दिशा प्राप्त हो सकती हैं। जीवनसाथी से परामर्श लेना लाभकारी होगा। वैचारिक मतभेदों को अपने व्यक्तिगत संबंधों पर हावी न होने दें। जो काम आप काफी दिनों से टाल रहे थे, वो आपको आज करना पड़ सकता है।

**सिंह** – आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कला जगत से जुड़े लोगों की उन्नति होगी। मित्रों से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ेगी। अनावश्यक धन के अपव्यय पर नियन्त्रण करने में सफलता मिलेगी।

**कन्या** – आज का दिन सामान्य फलदायी रहेगा। दैनिक कार्यों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। आसपास के लोगों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें। कब्ज और गैस की समस्या बढ़ेगी। परिजनों के साथ बैठकर गम्भीर मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

**तुला** – आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। शारीरिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। पुराने रोगों की बाधा समाप्त होगी। पूजा-पाठ और सत्संग में आप भाग लेंगे। अपनी जीवनशैली को आप काफी ऐश्वर्यशाली कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज घर में बुजुर्ग आपके विचारों से सहमत रहेंगे। विपरीत लिङ्ग के जातकों के प्रति आप आकर्षित रहेंगे। लोगों से आपकी जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। अपनी कार्यशैली में सुधार ला सकते हैं। अपने मित्रों से सलाह अवश्य लें।


**धनु** – आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी की अहमियत को समझें। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कर्ज और उधार चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। लोगों की अपेक्षाओं पर आप खरे उतरेंगे। अपने विचारों को लेकर स्वयं ही भ्रमित हो सकते हैं।

**मकर** – आज आपकी परिस्थितियां काफी कमजोर रहने वाली हैं। पेट के विकार परेशान कर सकते हैं। ईर्ष्यालु लोग आपके विषय में गलत बातें फैलायेंगे। आय में कमी होने से आत्मविश्वास में कुछ कमी हो सकती है। आपका स्वभाव थोड़ा अड़ियल भरा हो सकता है।

**कुंभ** – आज आप काफी आध्यात्मिक प्रभाव में हो सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति बहुत ही अच्छा रहेगा। अपनी सफलता का भरपूर आनंद उठायेंगे। मित्र आपकी हर कार्य में सहायता देंगे।

**मीन** – आज आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों की परेशानियां दूर होंगी। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनेगी। वैवाहिक जीवन में सामन्जस्य का कुछ अभाव हो सकता है। अपनी प्रशन्सा स्वयं करने से बचें।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 07 .57 तक तत्पश्चात मघा।

### आज की फिल्में

B4U Movies: तेरी कसम — सुबह : 10 .41; ताल — रात : 09 .25

&pictures: 12th फेल — सुबह : 09 .01; द लेडी किलर — रात : 09 .03

Sony Pix: लाइट आउट — सुबह : 09 .33; स्पाइडर मैन 2 — रात : 08 .38

Zee Cinema: वो सात दिन — सुबह : 11 .30; राधे श्याम — रात : 08 .45

Colors Cineplex: मीरा — सुबह : 11 .23; आवारा पागल दीवाना — शाम : 05 .58

**आज की सुपरहिट फिल्म**



जी सिनेमा पर रात : 08 .45 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

टीचर- चिंटू से परेशान थे,
टीचर- चिंटू अपने बैग से सारी किताबें निकालो...
चिंटू- निकाल लीं सर! टीचर-ये वाली किताब किसकी है?
चिंटू-कागज की है सर, टीचर- ये तो मुझे भी पता है कागज की है।
चिंटू- तो फिर क्यों पूछ रहे हैं?
टीचर बेहोश है...

चिंटू : तुम्हें पता है तुम मोबाइल से पैसे कमा सकते हो!
मिंटू : अरे वाह! जल्दी बताओ कैसे?
चिंटू : मोबाइल बेचकर।
चिंटू की बात सुनकर मिंटू सन्न रह गया...

## एक नजर



### वायुसेना ने दो रोगियों को विमान के जरिए करगिल से श्रीनगर पहुंचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के एएन-32 विमान के जरिए दो रोगियों को बुधवार को करगिल से श्रीनगर ले जाया गया, जिन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी। वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में विमान और उन्हें ले जाए जाने की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में लिखा था कि वायुसेना के एक एएन-32 से आज सुबह दो रोगियों को करगिल से श्रीनगर पहुंचाया गया। रोगियों को तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी और उन्होंने स्थानीय प्रशासन के जरिए वायुसेना से मदद मांगी थी। करगिल केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में काफी ऊंचाई पर है।

### अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर कार ने ट्रक में टक्कर मारी, 10 मौत

**नाडियाड (गुजरात)।** गुजरात के खेडा जिले में नाडियाड कस्बे के समीप अहदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार को एक तेज रफ्तार कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार 10 लोगों की मौत हो गई। नाडियाड देहात थाने के निरीक्षक किरीट चौधरी ने बताया, कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी कि तभी एक्सप्रेस वे पर वाहन ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों को एक एम्बुलेंस में पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। नाडियाड से विधायक पंकज देसाई ने कहा कि ऐसी संभावना हो सकती है कि कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण ट्रक को एक्सप्रेसवे की बाईं ओर रोका गया हो और कार चालक को ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिला, जिसकी वजह से हादसा हो गया।

### साथियों की रिहाई की मांग कर रहे किसानों का रेल पटरियों पर धरना

**चंडीगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान बुधवार को पंजाब एवं हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेल पटरियों पर बैठ गए। वे लोग हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे थे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के धरने के कारण कई रेलगाड़ियों के मार्ग में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि 30 से अधिक रेलगाड़ियों की आवाजाही प्रभावित हुई और उनके मार्ग में परिवर्तन किया गया या उन्हें रद्द कर दिया गया। रामनवमी के अवसर पर रेलगाड़ियों का परिचालन बाधित होने से यात्रियों को भी परेशानी हुई।

### कांकेर मुठभेड़ में मारे गए 29 माओवादियों में से नौ की पहचान हुई

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सलियों में से नौ की पहचान कर ली गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि मुठभेड़ के बाद मंगलवार को दो नक्सलियों की पहचान की गई थी, लेकिन आज शाम तक सात और नक्सलियों की पहचान कर ली गई है। सुंदरराज ने बताया कि मारे गए नक्सली जिनकी पहचान की गई है उनमें डिवीजनल कमेटी सदस्य शंकर राव और ललिता, उत्तर बस्तर डिवीजन की सदस्य माधवी आदि हैं।

# कांग्रेस की ईस्ट नीति को भाजपा ने एक्ट ईस्ट में बदला: प्रधानमंत्री मोदी

## कहा- त्रिपुरा ने भाजपा की सरकार में अभूतपूर्व बदलाव दिखाई दिए

**अगरतला, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ने 'लूट ईस्ट' नीति अपना रखी थी, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया। प्रधानमंत्री ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिपुरा ने भाजपा सरकार के शासन में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं।

मोदी ने कहा कि भगवान राम का जन्मोत्सव अयोध्या में उनके ही मंदिर में 500 साल के बाद मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने अगरतला की रैली में कहा कि कांग्रेस ने 'लूट ईस्ट' की नीति अपना रखी थी, वहीं भाजपा ने इसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए आवास बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा के लोगों को इससे बहुत फायदा मिलने जा रहा है।उन्होंने कहा कि 500 साल के लंबे इंतजार के बाद रामलला अंततः तंबू की जगह एक भव्य मंदिर में विराजित हैं।



अगरतला में मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मोदी। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उत्तर-पूर्व में 'कनेक्टिविटी' बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। मोदी ने कहा कि राज्य में राजमार्गों के उन्नयन के लिए 3,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले, राज्य में मोबाइल टॉवर ठीक से काम नहीं करते थे, लेकिन अब 5जी कनेक्टिविटी में सुधार के लिए काम किया जा रहा है। यह मोदी सरकार है जिसने मोबाइल बिल को कम करके लगभग 400-500 रुपये प्रति माह तक ला दिया है। अगर कांग्रेस सत्ता में होती तो, आपका मोबाइल बिल 4,000 रुपये से 5,000 रुपये रहता। कांग्रेस और माकपा पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जांच एजेंसियों के इस्तेमाल को लेकर आलोचना करने वाले कांग्रेस के युवराज अब भ्रष्टाचार के आरोप में केरल के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। किसी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# भारत की 144 करोड़ जनसंख्या में से 24 फीसदी 0-14 वर्ष आयु वाले : यूएनएफपीए

**नई दिल्ली, एजेसी**

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की अनुमानित जनसंख्या 144 करोड़ हो चुकी है, जिसमें 24 प्रतिशत लोग 0 से 14 साल के उम्र के हैं। यूएनएफपीए की विश्व जनसंख्या 2024 रिपोर्ट इंटरवॉवन लाइव्स, थ्रेड्स ऑफ होप एंडिंग इनइक्वैलिटीज इन सैक्सुअल एंड रिप्रॉडक्टिव हेल्थ एंड राइट में अनुमान लगाया गया है कि भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 144.17 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या के साथ विश्व स्तर पर सबसे आगे है, जबकि चीन को दूसरा स्थान प्राप्त है। वहां 142.5 करोड़ की आबादी है। भारत में साल 2011 में की गई जनगणना के दौरान यहां 121 करोड़ आबादी थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत की करीब 24 प्रतिशत आबादी 0-14 वर्ष की हैं, जबकि 17 प्रतिशत 10-19 वर्ष के भीतर है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि 10-24 साल के 26 प्रतिशत लोग हैं जबकि 68 फीसदी 15-64 आयु वर्ग के हैं। भारत की सात प्रतिशत आबादी 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष है।



**77** वर्षों में दोगुनी हो जाएगी भारत की जनसंख्या, 68 फीसदी लोग 15-64 की आयु वाले

रिपोर्ट में पाया गया कि यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में 30 वर्षों की प्रगति ने दुनिया भर में सबसे वंचित समुदायों को नजरअंदाज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में साल 2006-2023 के बीच 23 प्रतिशत लोगों का बाल विवाह कराया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में मातृ मृत्यु में काफी गिरावट आई है, जो दुनिया भर में होने वाली ऐसी सभी मौतों का 8 प्रतिशत रह गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सफलता का श्रेय अक्सर किफायती, गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के साथ-साथ स्वास्थ्य परिणामों पर लैंगिक भेदभाव के प्रभाव को दूर करने के प्रयासों को दिया जाता है।

## 'भगवा पोशाक' को लेकर विवाद के बाद स्कूल के अफसरों पर मामला दर्ज

**हैदराबाद, एजेंसी**

मंचेरियल जिला पुलिस ने कन्नेपल्ली गांव में स्कूल में 'हनुमान दीक्षा पोशाक' पहनकर आने वाले कुछ छात्रों पर कथित रूप से आपत्ति जताने के लिए स्कूल के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दांडेपल्ली पुलिस के अनुसार, छात्रों के माता-पिता की शिकायत के आधार पर मंगलवार को प्रधानाध्यापक समेत स्कूल अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ब्लेस्ड मदर टेरेसा हाई स्कूल प्रबंधन ने बताया कि दो दिन पहले, प्रधानाध्यापक ने छात्रों को पोशाक के बजाय भगवा कपड़े में देखने के बाद उन्हें अपने माता-पिता को बुलाने के लिए कहा। बाद में लोगों के एक समूह ने मंगलवार को स्कूल में तोड़फोड़ की।

## तृणमूल कांग्रेस के घोषणापत्र में सीएए निरस्त करने का वादा

**कोलकाता, एजेंसी**

तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें केंद्र की सत्ता में आने पर कई सामाजिक कल्याणकारी कदमों के साथ ही नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को रद्द करने का वादा किया गया है।

राज्यसभा में तृणमूल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने यहां पार्टी मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करते हुए कहा, ''ये वे वादे हैं जिन्हें हम 'इंडिया' समूह के हिस्से के तौर पर पूरा करेंगे, जब समूह की अगली सरकार बनेगी।'' पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित मित्रा ने कहा, ''हम मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना के जरिए पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने का वादा करते हैं। हम नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द करने और देश में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) कवायद को रोकने का भी वादा करते हैं।

## पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से 427 अग्निवीरों का सफल प्रशिक्षण

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से बुधवार को तीसरे बैच के 427 अग्निवारों ने 24 सप्ताह का कठिन भर्ती प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस मौके पर परेड का आयोजन किया गया। इसमें 427 अग्निवीरों ने अनुकरणीय अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। कर्नाटक और केरल उप-क्षेत्र के जनरल ऑफीसर कमांडर मेजर जनरल रवि मुरुगन अग्निवीरों की परेड का निरीक्षण किया और उन्हें संबोधित किया। उन्होंने अग्निवीरों को ईमानदारी, वफादारी, बहादुरी के मूल्यों को कायम रखने के महत्व पर जोर दिया और रंगरूटों की त्रुटिहीन सहनशक्ति, टर्नआउट और ड्रिल के लिए सराहना की। मेजर जनरल मुरुगन ने अग्निवीरों के माता-पिता को बधाई दी, जिनका राष्ट्र सेवा के लिए अपने बच्चों को कठिन प्रशिक्षण में भेजना समर्थन और योगदान है।

## सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित केरल की सारिका ए. के. ने उत्तीर्ण की सिविल सेवा परीक्षा

**कोझिकोड (केरल), एजेंसी**

उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले की रहने वाली महिला सारिका ए. के. ने गंभीर बीमारी सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्ति होने के बावजूद सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण की। सेरेब्रल पाल्सी (सीपी) एक जन्मजात बीमारी है, जो किसी व्यक्ति की चलने-फिरने, संतुलन बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित करती है।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को जारी किए गए परिणामों के अनुसार, सारिका ने अपने दूसरे प्रयास में सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 922 रैंक हासिल की। वह अपने दाहिने हाथ का उपयोग नहीं कर पाती हैं और मोटर चालित व्हील-चेयर को नियंत्रित करने के लिए अपने बाएं हाथ का इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में वह नतीजे से हैरान थीं। सारिका ने कहा मुझे यह उम्मीद थी कि मैं परीक्षा उत्तीर्ण कर लूंगी। मुझे खुशी है कि मैंने यह कर दिखाया। मेरे पास अपनी खुशी जाहिर करने के लिए शब्द नहीं हैं। सारिका ने स्नातक होने के बाद सिविल सेवा की परीक्षा देने का फैसला किया था। अपने परिवार, दोस्तों और शिक्षकों के समर्थन की बदौलत वह इसमें सफल भी हो गईं। उन्होंने अमेरिका की एक महिला जेसिका कॉक्स का भी जिक्र किया जो हाथ नहीं होने के बावजूद एक लाइसेंस प्राप्त पायलट बन गई थीं।

## भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित

**कासरगोड(केरल)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अपने पड़ोसियों के साथ भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता सिंह ने कांग्रेस के इस आरोप के स्पष्ट संदर्भ में यह बयान दिया कि चीन ने लगभग 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है जिसमें लद्दाख में 65 गश्त बिंदुओं में से 26 पर कब्जा किया जाना और अरुणाचल प्रदेश के 50-60 किमी अंदर गांव बनाना शामिल है। सिंह कन्नूर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा में बोल रहे थे।

## हिरासत में मौत मामले में पुलिस पर रिपोर्ट, न्यायालय ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है, जिनकी हिरासत में हरियाणा के फरीदाबाद जिले में एक 32 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह मामला 2013 का है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने मृतक के भाई आनंद राय कौशिक की याचिका पर हरियाणा सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई के लिए सूचीबद्ध की। आनंद कौशिक ने वकील राहुल गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी याचिका में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पिछले साल 28 नवंबर को पारित आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने आपराधिक मामला दर्ज करने और जांच को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो या किसी अन्य जांच एजेंसी को स्थानांतरित करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उनके भाई सतेंद्र कौशिक की 25 जुलाई 2013 को फरीदाबाद के एनआईटी पुलिस थाने में हिरासत के दौरान मौत हो गई थी।

# कारोबार

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1850, राज श्री 1340, फ़ॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1810, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1435, सचिन 1610, सूरज 1460, अवसर 1710, राग गोल्ड 1710, गृहणी 1610, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1730, आशीर्वाद मस्टर्ड 1730, स्वास्तिक 1820 ।किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल -( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 ।दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7175-7700, मलका छॉटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14300, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16500 ।चीनी-डालमियां 4060, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010 (नयी), बहेड़ी 4020 ( नयी )।

## मेंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक-1005, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1180

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 85800 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75875 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56550-56750 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74300 |
| सिल्वर ( पक्की) | 830 (अनुमानित) |

## स्पाइसजेट की उड़ान यात्रियों का सामान लिए बिना बागडोगरा पहुंची

**नयी दिल्ली/ बागडोगरा।** स्पाइसजेट एयरलाइन के कई यात्रियों को बुधवार को पश्चिम बंगाल के बागडोगरा हवाई अड्डे पर उस समय असुविधा का सामना करना पड़ा जब उन्हें पता चला कि उनका सामान दिल्ली में ही छूट गया है। स्पाइसजेट ने इस असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि दिल्ली में छूट गए यात्रियों के सामान को अगली उड़ानों के जरिये बागडोगरा लाया जाएगा। यह मामला उस समय सामने आया जब नोएडा निवासी एक यात्री ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। राजेश कुमार ने 'एक्स' पर लिखा, ''आज दिल्ली से बागडोगरा की उड़ान एसजी8841 में हमारा सामान खो गया और गलत जगह रख दिया गया। कर्मचारियों के पास इसका कोई जवाब नहीं है।'' दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से यह उड़ान दोपहर 12.30 बजे बागडोगरा के लिए रवाना हुई थी। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने इस प्रकरण पर कहा, ''स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 8841 को परिचालन कारणों से भार-वहन संबंधी बंदिशों का सामना करना पड़ा।

# 2047 तक 34.7 लाख करोड़ डॉलर की होगी भारतीय अर्थव्यवस्था : पीएचडीसीसीआई

## विकसित भारत की ओर जाने के लिए 10 प्रमुख कारकों की लगात कम करने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने वर्ष 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए आज 10 प्रमुख कारकों की घोषणा की जिनमें व्यापार करने में आसानी, पूंजी, बिजली, लॉजिस्टिक्स, भूमि की लागत जैसी व्यापार करने की लागत को कम करना शामिल है।

पीएचडीसीसीआई ने '2047 तक विकसित भारत' का रूपरेखा पेश करते हुये कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद कोविड महामारी के बाद मजबूती से आगे बढ रही है। उसने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 21000 डॉलर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। संगठन के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा हमने 10 प्रमुख कारको की पहचान की है जो अर्थव्यवस्था को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रहे हैं। फैक्ट्री स्तर पर व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना। पूंजी की लागत, कच्चे माल की लागत, भूमि की लागत और भूमि की उपलब्धता, श्रम की लागत और कुशल श्रम की उपलब्धता तथा अनुपालन की लागत सहित व्यवसाय करने की लागत को कम करना पहला और बुनियादी प्रमुख क्षेत्र है जिस पर सरकार का ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

### भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का नहीं उठा रहा फायदा : पूर्व गवर्नर रघुराम राजन

**वाशिंगटन।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। जनसांख्यिकीय लाभांश से तात्पर्य कार्यबल अधिक होने और आश्रितों की संख्या कम होने से उत्पादता बढ़ने और इसी क्रम में तेज आर्थिक वृद्धि से है। राजन ने इस बात पर जोर दिया कि मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। राजन ने यहां जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में 2047 तक भारत को एक उन्नत अर्थव्यवस्था बनाना इसके लिए क्या करना होगा विषय पर चर्चा में कहा मुझे लगता है कि हम इसके (जनसांख्यिकीय लाभांश) बीच में हैं, लेकिन समस्या यह है कि फायदा नहीं उठा रहे हैं।

### भारतीय अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5% बढ़ने का अनुमान

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत की अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में कहा गया कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही हैं, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार व विकास (यूएनसीटीएडी) ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत 2023 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा और 2024 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

# अप्रैल के पहले पखवाड़े देश में बिजली की खपत 10 % बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**70.66** अरब यूनिट सालाना खपत, आर्थिक गतिविधियों में हो रहा है सुधार

देश में बिजली की खपत इस साल अप्रैल के पहले पखवाड़े में सालाना आधार पर करीब 10 प्रतिशत बढ़कर 70.66 अरब यूनिट रही। यह आर्थिक गतिविधियों में सुधार को दर्शाता है।

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल में एक से 15 तारीख के बीच बिजली खपत 70.66 अरब यूनिट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 64.24 अरब यूनिट थी। किसी एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग यानी अधिकतम आपूर्ति अप्रैल के पहले पखवाड़े में 218 गीगावाट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 206 गीगावाट थी। बीते वर्ष एक दिन में बिजली की अधिकतम आपूर्ति अप्रैल में सर्वाधिक करीब 216 मेगावाट रही थी। मंत्रालय ने बिजली की अधिकतम मांग इस साल गर्मियों (अप्रैल-जून) में 260 गीगावाट रहने का अनुमान जताया है। पिछले साल सितंबर में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट रही जो अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

### पावरग्रिड बॉन्ड से जुटाएगी 12,000 करोड़

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष में बॉन्ड जारी कर 12,000 रुपये जुटाने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। पावरग्रिड ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि बॉन्ड पर गठित निदेशकों की समिति ने 17 अप्रैल, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान गैर-परिवर्तनीय, गैर-संचयी, प्रतिदेय, कर-योग्य बॉन्ड जारी करने को मंजूरी दी।

## अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 8,339 करोड़ रुपये का किया निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**70.3%** हुई बढ़कर कुल हिस्सेदारी विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

उद्योगपति गौतम अडाणी के परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे उसकी हिस्सेदारी 70.3 प्रतिशत हो गई। इस कदम से सीमेंट कंपनी की विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

कंपनी ने कहा कि अडाणी परिवार ने इससे पहले 18 अक्टूबर 2022 को कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इस नवीनतम निवेश के साथ उसने 20,000 करोड़ रुपये की योजना पूरी कर ली है। कंपनी के प्रवर्तक अडाणी परिवार ने कंपनी में 8,339 करोड़ रुपये का निवेश करके वारंट कार्यक्रम का पूर्ण अभिदान हासिल कर लिया है। कुल निवेश 20,000 करोड़ रुपये का हुआ है। नवीनतम निवेश से अडाणी परिवार की अंबुजा सीमेंट में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़ गई है। कुल मिलाकर अंबुजा सीमेंट में इसकी हिस्सेदारी 63.2 प्रतिशत से बढ़कर अब 70.3 प्रतिशत हो गई है।

## ब्रिटेन में मुद्रास्फीति सबसे निचले स्तर पर

**लंदन।** ब्रिटेन की मुद्रास्फीति मार्च में ढाई साल में सबसे निचले स्तर पर आ गई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट इसकी मुख्य वजह रही।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च तक उपभोक्ता कीमतों में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो सितंबर 2021 के बाद यह सबसे कम है। फरवरी में यह 3.4 प्रतिशत से कम थी। हालांकि वार्षिक दर में गिरावट अर्थशास्त्रियों के अनुमान के मुताबिक नहीं है जिन्होंने इसके मार्च में 3.1 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

## दुलर्भ खनिजों के वैज्ञानिकी खनन को कानूनी उपाय सुझाएगी समिति

- कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को बनाएगी रणनीति

**नई दिल्ली।** सरकार ने महत्वपूर्ण खनिज को लेकर समिति गठित की है। समिति दुर्लभ खनिजों के व्यावहारिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सिफारिश करेगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

खान मंत्रालय के आधिकारिक ज्ञापन के अनुसार, नीति आयोग के सदस्य वी के सारस्वत की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय समिति कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सुझाव देगी। समिति राज्यों के बीच खनन सुधारों के प्रभाव को लोकप्रिय बनाने के लिए रणनीति भी बनाएगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। पिछले साल भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने जम्मू-कश्मीर के सलाल-हैमाना क्षेत्र में 59 लाख टन लिथियम के अनुमानित संसाधन स्थापित किए थे।

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| सुनील नरेन (कोलकाता) | 06 | 276 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

## खेल डायरी

### करुआना से भिड़ेंगे गुकेश, नाकमुरा से प्रज्ञानानंदा

**टोरंटो।** रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी गुकेश कैंडिडेट्स शतंरज टूर्नामेंट के 11वें दौर में जब यहां अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो करूआना से भिड़ेंगे तो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होंगी। आर प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा। टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी है और भारत के इन दोनों किशोर खिलाड़ियों 17 साल के गुकेश और 18 साल के प्रज्ञानानंदा के पास अच्छा मौका है।

### झेंग ने स्टुटगार्ट में कस्र्टी को हराया

**स्टुटगार्ट।** चीन की झेंग किनवेन ने लंबे सफर के बाद पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में सोराना कस्र्टी को सीधे सेट में शिकस्त दी। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 76 मिनट में 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। झेंग पहले बीजिंग से चांगशा और फिर वहां से फ्रैंकफर्ट गईं, जहां से वह स्टुटगार्ट पहुंचीं। बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स ने कड़े मुकाबले में तात्याना मारिया को 6-1, 4-6, 6-0 से हराया। वह दूसरे दौर में दो बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से भिड़ेंगी। स्वियातेक 2012-14 में मारिया शारापोवा के बाद स्टुटगार्ट में खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं।

### जतिवाल दूसरे दौर के बाद शीर्ष पर बरकरार

**नूंह (हरियाणा)।** चंडीगढ़ के राजीव कुमार जतिवाल गुड़गांव ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद बुधवार को तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। एक करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस आयोजन के पहले दिन उन्होंने 66 का कार्ड खेला था, जिससे उनका कुल स्कोर 11 अंडर 133 का है। बेंगलुरु के एम धर्मा ने 69 का कार्ड खेला और वह कुल नौ अंडर 135 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है। तेज हवा के कारण स्थानीय खिलाड़ी सुनहित बिश्नोई और दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने भी 66 का शानदार कार्ड खेला।

### पलक और सुरभि ओलंपिक ट्रायल्स की सूची में

**नयी दिल्ली।** रियो डि जिनेरियो में पेरिस कोटा जीतने वाली युवा निशानेबाज पलक गुलिया को गुरुवार से यहां कर्णी सिंह रेंज में शुरू होने वाले ओलंपिक ट्रायल्स के लिए पांच महिला 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजों में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए टीम का चयन करने के लिए मार्च में पिस्टल और राइफल ट्रायल्स के लिए निशानेबाजों की सूची की घोषणा की थी लेकिन महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नाम की घोषणा नहीं की थी क्योंकि रियो में अंतिम ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैम्पियनशिप अप्रैल के मध्य में होनी थी।

### दूसरे चरण में पीएसजी चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल में

**बार्सीलोना (स्पेन)।** एक घंटे से अधिक समय तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल रहे पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) ने दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। काइलियान एमबापे ने दो गोल दागे जिससे पीएसजी ने मंगलवार को 4-1 से जीत दर्ज की और घरेलू मैदान पर पहले चरण में हार के बावजूद 6-4 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल में जगह बनाई। बार्सीलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को 29वें मिनट में ब्रेडली बार्कोला के खिलाफ फाउल के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।



विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश कुमार। • एजेंसी



गुजरात टाइटन्स के अभिनव मनोहर की स्टंपिंग की अपील करते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत। • एजेंसी

# दिल्ली ने गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से हराया

## कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाज चमके, मुकेश कुमार तीन, ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने दो-दो विकेट झटके

अहमदाबाद, एजेंसी

• **गुजरात ने आईपीएल सत्र 2024 का सबसे कम स्कोर बनाया, 8.5 ओवर में ही दिल्ली ने लक्ष्य को हासिल कर लिया**

दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां कम स्कोर वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए गुजरात टाइटन्स को 17.3 ओवर में 89 रन पर ढेर कर दिया जो इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर है। गुजरात टाइटन्स का यह आईपीएल में अब तक का सबसे कम स्कोर भी था।

पिछले कुछ मैचों में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज असरदार नहीं रहे थे लेकिन आखिरकार इस मैच में जलवा दिखाने में सफल रहे। मुकेश कुमार सबसे ज्यादा सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इशांत शर्मा ने आठ रन देकर दो और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने एक ओवर में दो विकेट हासिल किये। गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही, उसके लिए केवल तीन खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंचे जिसमें से राशिद खान ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाये, जिन्होंने टीम की पारी का एकमात्र छक्का भी लगाया। दिल्ली कैपिटल्स ने यह लक्ष्य महज 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर हासिल कर लिया, जिससे उसके रन रेट में भी इजाफा हुआ। पंत की कप्तानी लाजवाब रही, जिन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को लगाने के अलावा स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन किया और फिर 11 गेंद में नाबाद 16 रन बनाकर जीत दिलायी। यह विकेटकीपर बल्लेबाज विकेट के पीछे काफी फुर्तीला रहा, उन्होंने विकेट के पीछे कैच लपकने के अलावा शानदार स्टंपिंग भी की और टी20 विश्व कप को देखते हुए उनका प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेक फ्रेजर मैकगुर्क ने 20 रन, शाई होप ने 19 रन और अभिषेक पोरेल ने 15 रन का योगदान दिया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान शुभमन गिल (08) ने खलील अहमद की गेंद पर पारी का पहला शॉट लगाया। गिल ने फिर इशांत की गेंद को ऑफ साइड पर गैप से निकालकर चौका लगाया। लेकिन अगली ही फुल लेंथ गेंद पर गिल सीधे कवर पर पृथ्वी साव को कैच देकर आउट हो गये। साई सुदर्शन (12) ने लगातार दो चौके से शुरूआत की जिसमें एक्स्ट्रा कवर पर एक बेहतरीन चौका भी शामिल था। पंत ने इशांत के बजाय मुकेश कुमार को गेंदबाजी के लिए लगाया। इस गेंदबाज ने अपने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर ऋद्धिमान साहा (02) का विकेट झटक लिया। चोटिल डेविड वार्नर की जगह खेल रहे सुमित कुमार ने शानदार क्षेत्ररक्षण का नमूना पेश किया और नॉन-स्ट्राइकर छोर पर सीधे थ्रो से सुदर्शन को रन आउट कर दिया। तीन विकेट लेने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज अच्छी लय में आ गये और कप्तान पंत ने भी दो कैच और दो स्टंप आउट कर उदाहरण पेश किया। पंत ने इशांत की गेंद पर खतरनाक डेविड मिलर (02) का कैच लपककर गुजरात टाइटन्स को चौथा झटका दिया। पांच ओवर के बाद घरेलू टीम का स्कोर चार विकेट पर 30 रन था। इशांत ने मिलर को बायीं ओर के कोण लेती गेंद फेंकी जिस पर पंत ने कैच लिया लेकिन जोरदार अपील के बावजूद अंपायरों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी। पंत ने हालांकि रिव्यू करने का फैसला किया और अल्ट्राएज में पता चला कि मिलर ने बल्ला गेंद से छुआया था। इसके बाद गुजरात टाइटन्स की मुसीबत बढ़ती ही जा रही थी।

पंत ने स्टब्स को गेंदबाजी के लिए लगाया जिन्होंने पहले अभिनव मनोहर को और फिर शाहरूख खान को आउट किया। बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की गेंद राहुल तेवतिया के पैड पर लगी और इस गेंदबाज की अपील के बाद अंपायर ने अपनी उंगली उठा दी। तेवतिया ने रिव्यू लिया लेकिन फैसला बरकरार रहा। गुजरात टाइटन्स ने 12वें ओवर में महज 66 रन पर अपना सातवां विकेट खो दिया। खलील अहमद ने फिर मोहित शर्मा को आउट किया। इससे पहले राशिद खान ने कुलदीप यादव पर लांग आफ में पारी का पहला और एकमात्र छक्का लगाया। कुलदीप कोई विकेट नहीं ले सके लेकिन उन्होंने किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर में 16 रन दिये। मुकेश कुमार ने फिर राशिद की पारी समाप्त कर दी।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.074 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -1.303 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

**गुजरात 89/10** — 17.3 ओवर, अतिरिक्त : 12

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा बो मुकेश कुमार | 02 | 10 | 0/0 |
| शुभमन गिल का शॉ बो शर्मा | 08 | 06 | 2/0 |
| साई सुदर्शन रन आउट (सुमित) | 12 | 09 | 2/0 |
| डेविड मिलर का पंत बो शर्मा | 02 | 06 | 0/0 |
| अभिनव मनोहर स्ट पंत बो स्टब्स | 08 | 14 | 1/0 |
| राहुल तेवतिया पगबाधा बो पटेल | 10 | 15 | 1/0 |
| शाहरूख खान स्ट पंत बो स्टब्स | 00 | 01 | 0/0 |
| राशिद खान का पंत बो मुकेश कुमार | 31 | 24 | 2/1 |
| मोहित शर्मा का सुमित कुमार बो अहमद | 02 | 14 | 0/0 |
| नूर अहमद बो मुकेश कुमार | 01 | 07 | 0/0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-1-18-1, इशांत 2-0-8-2, मुकेश कुमार 2.3-0-14-3, कुलदीप 4-0-18-0, ट्रिस्टन स्टब्स 1-0-11-2, अक्षर पटेल 4-0-17-1

**दिल्ली 92/4** — 8.5 ओवर, अतिरिक्त : 6

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ का जॉनसन बो वॉरियर | 07 | 06 | 1/0 |
| जेक फ्रेजर का मनोहर बो जॉनसन | 20 | 10 | 2/2 |
| अभिषेक पोरेल बो वॉरियर | 15 | 07 | 2/1 |
| शाई होप का मोहित बो राशिद | 19 | 10 | 1/2 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 16 | 11 | 1/1 |
| सुमित कुमार नाबाद | 09 | 09 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** संदीप वॉरियर 3-0-40-2, स्पेंसर जॉनसन 2-0-22-1, राशिद खान 2-0-12-1, नूर अहमद 1.5-0-14-0

## पैरा तीरंदाज शीतल ने सक्षम खिलाड़ियों के बीच पदक जीता

नयी दिल्ली, एजेंसी

एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं।

डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, ''इस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।''

## ओलंपिक में भारत करेगा न्यूजीलैंड खिलाफ अभियान की शुरुआत

नयी दिल्ली, एजेंसी

सौ दिन बाद पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्वर्ण पदक की उम्मीद के साथ 27 जुलाई को न्यूजीलैंड खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस बार पेरिस ओलंपिक हॉकी के पूल ए में जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान फ्रांस है। वहीं पूल बी में भारत को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, और आयरलैंड की चुनौती का सामना करना है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। उसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना और फिर 30 जुलाई आयरलैंड और एक अगस्त बेल्जियम से भिड़ेगी। भारतीय टीम अपना आखिरी ग्रुप स्टेज गेम दो अगस्त को शक्तिशाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

ओलंपिक की उलटी गिनती के साथ ही भारतीय टीम के मुख्य क्रेग फुल्टन, "हम अभी ऑस्ट्रेलिया के गहन दौरे से लौटे हैं, एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक शुरू होने में केवल 100 दिन बचे हैं और टीम में उत्साह बढ़ रहा है। स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर हमारी टीम की एकजुटता के साथ बढ़ रही है।" भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि हर दिन मायने रखता है, हर अभ्यास, हर अभ्यास - यह सब ओलंपिक मंच पर उस पल की ओर बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, हम भूखे हैं, हम केंद्रित हैं और हम चमकने के लिए तैयार हैं। उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने भी कहा, "ऑस्ट्रेलिया परीक्षण ने उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला है जिनमें हमें सुधार करने की आवश्यकता है और शिविर में लौटने पर हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए समय रहते किसी भी शेष मुद्दे को सुलझा लें।

## धीमी ओवर गति के लिए अय्यर पर 12 लाख का जुर्माना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर की टीम मंगलवार को यहां रॉयल्स से दो विकेट से हार गई, जिसमें जोस बटलर ने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।''

## पंजाब किंग्स का सामना मुंबई इंडियंस से आज

मुल्लांपुर, एजेंसी

पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस निचले हाफ में चल रही दो टीम की जंग में गुरुवार को जब आमने-सामने होंगे तो दोनों इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लड़खड़ाते अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगे। छह-छह मैचों के बाद दोनों टीमों के समान चार अंक हैं। दोनों की नेट रन देकर में दशमलव अंकों का अंतर है।

पंजाब माइनस 0.218 के नेट रन रेट से सातवें जबकि मुंबई इंडियंस (माइन 0.234) आठवें स्थान पर है। पंजाब और मुंबई दोनों ने चार-चार मैच गंवाए हैं। दोनों ने अपने पिछले मैच हारे हैं और इस मैच में जीत के साथ वापसी करने की कोशिश करेंगे। पंजाब के लिए अपने शीर्ष क्रम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की चुनौती बढ़ गई है क्योंकि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 'सात से 10 दिन' के लिए बाहर हो गए हैं। इस सत्र में पंजाब की टीम के लिए अंजान भारतीय खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन ये दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और उन्होंने एक से अधिक बार शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन की भरपाई की है। प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन चिंता का विषय है।

# बॉलीवुड हलचल

## अक्षय कुमार की पहली तेलुगु फिल्म कनप्पा की शूटिंग शुरू



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली पहली तेलुगु फिल्म कनप्प की शूटिंग शुरू हो गयी है। अक्षय कुमार फिल्मकार विष्णु मांचू की फिल्म कनप्पा के जरिए तमिल सिनेमा में एंट्री करने जा रहे हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसकी जानकारी विष्णु मांचू ने पोस्ट साझा कर दी है। विष्णु मांचू ने सोशल मीडिया पर अक्षय के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, कन्नप्पा का सफर और भी रोमांचक हो गया है। हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में स्वागत करते हैं। हम ''कनप्पा के साथ तेलुगु फिल्म में अक्षय कुमार की शुरुआत की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हैं। एक रोमांचक अनुभव के लिए तैयार हो जाइए जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। विष्णु मांचू की एक्शन एडवेंचर पैन इंडिया फिल्म ''कन्नप्पा'' में अक्षय कुमार ,प्रभास के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। उनके अलावा मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी फिल्म का हिस्सा हैं। इनके अलावा नुपुर सेनन, नयनतारा और मोहन बाबू भी नजर आएंगे। यह फिल्म भगवान शिव के एक अटूट भक्त ''कन्नप्पा'' की सच्ची कहानी पर आधारित है।

## जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म ''उलझ'' का टीजर रिलीज हो गया है। जाह्नवी कपूर ने फिल्म उलझ में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित है, जो एक यंग डिप्लोमैट सुहाना (जाह्नवी कपूर) के इर्द- गिर्द घूमती है। फिल्म में सुहाना देश और अपने खिलाफ हो रही साजिश के बीच उलझती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर की शुरुआत सारे जहान से अच्छा की धुन से होती है। इसके बाद जाह्नवी कपूर के किरदार की एंट्री होती है, जिसकी पोस्टिंग विदेश में है। वहीं, ब्रैकग्राउंड में एक शख्स की आवाजा सुनाई देती है, जो अपने देश के साथ गद्दारी करने के लिए उसे मैन्यूपुलैट करने की कोशिश करता है। टीजर के अंत में जाह्नवी कपूर एक्शन मोड में भी नजर आती हैं। उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन सुधांशू सरिया ने किया है। जंगली पिक्चर्स के बैनर तले बन रही फिल्म उलझ को अमृता पांडे और विनीत जैन ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 05 जुलाई को रिलीज होगी।

## चीन में रिलीज होगी विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल चीन में रिलीज होगी। विधु विनोद चोपड़ा की लिखी और निर्देशन में बनी 12वीं फेल अनुराग पाठक की इसी नाम की किताब पर आधारित है। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है। विक्रांत मैसी ने इस फिल्म में मनोज शर्मा की मुख्य भूमिका निभायी है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के अलावा, मेधा शंकर की भी अहम भूमिका है। फिल्म ''12वीं फेल'' 27 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। फिल्म 12वीं फेल ने सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। यह फिल्म अब चीन में भी रिलीज होगी। विक्रांत मैसी ने बताया, 12वीं फेल अब चीन में भी रिलीज होने जा रही है। वहां हिंदी सिनेमा की बहुत ज्यादा डिमांड है। फिल्म को चीन में करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह फिल्म के चीन में रिलीज होने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्हें यदि मौका मिला तो वे चीन में जाकर फिल्म को प्रमोट करेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# पहाड़ों में बारिश और मैदान में लू का प्रकोप

शिमला, एजेंसी

- हिमाचल में पहाड़ियों पर बारिश और तलहटी में लू
- आईएमडी ने दस जिलों में जारी किया ऑरेंज अलर्ट

हिमालय के बीच स्थित, हिमाचल प्रदेश में मौसम संबंधी विरोधाभास का अनुभव हो रहा है। एक ओर पहाड़ियों पर बारिश हो रही है और वहीं तलहटी में लू ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। यह संयोजन राज्य के परिदृश्य को मौसम के विभिन्न रंगों के साथ चित्रित करता है। प्रदेश में तापमान में भिन्नता एक विविध कहानी बताती है। जहां केलांग में 0.3 डिग्री की ठंडक दर्ज की गई, वहीं कल्पा में मामूली 3.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

एक लोकप्रिय पर्यटन केंद्र, मनाली में आरामदायक पांच डिग्री का अनुभव होता है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में तापमान में 8.2 से 18.5 डिग्री तक उतार-चढ़ाव होता है, जिससे एक थर्मल मोजेक बनता है। सड़कों पर एक अलग ही कहानी सामने आती है। राज्य में 107 से अधिक सड़कें बर्फ से ढकी हुई हैं, जो हाल ही में हुई भारी हिमपात के अवशेष हैं। लाहौल स्पीति, चंबा और किन्नौर जैसे जिले बर्फ की चादर से ढके हुए हैं, और हिमस्खलन अपने निशान छोड़ रहे हैं। मौसम कार्यालय ने और अधिक वर्षा की भविष्यवाणी की है। आगामी 19 अप्रैल को कई स्थानों पर बारिश होने की उम्मीद है जबकि 20 अप्रैल को बौछारें पड़ सकती हैं। वहीं 18 और 22 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ के कारण चुनिंदा स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। आईएमडी ने दस जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है, जिसमें बिजली, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के साथ तूफान की चेतावनी दी गई है। ये अलर्ट 18 और 19 अप्रैल तक बढ़ाए गए हैं, इसके बाद 20 और 22 अप्रैल को 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है, जिसमें एहतियाती कदम उठाने का आग्रह किया गया है। हाल ही में हुई हल्की बारिश ने हिमाचल प्रदेश के कोनों को धीरे-धीरे छू लिया है, जिससे एक ताजगी भरी राहत मिली है। हालाँकि, गर्मी का असर तलहटी इलाकों में है, खासकर ऊना, हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में नारकंडा, मंडी और किन्नौर के कल्पा जैसे पर्यटन स्थलों को मिला है, जिससे प्राकृतिक सुंदरता बढ़ गई है।

## तेलंगाना में अगले तीन दिनों तक लू चलने के आसार, सात दिनों हो सकती है बारिश

**हैदराबाद।** तेलंगाना के कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर अगले 24 घंटों के दौरान लू चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को बताया कि तेलंगाना के मंचेरियल, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, सूर्यापेट और महबुबाबाद जिलों में अलग-अलग हिस्सों में लू चलने के आसार व्यक्त किए गए हैं। मौसम विभाग ने 20 को कई जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएँ चलने का अनुमान जताया है। राज्य भर में अलग-अलग स्थानों पर अगले सात दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं।

## जम्मू कश्मीर में बारिश, हिमपात के आसार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के तापमान में गिरावट के मद्देनजर अगले दो दिनों तक यहां बारिश और हिमपात के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने गुरुवार और शुक्रवार को ज्यादातर स्थानों पर गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश तथा ऊंचाई वाले इलाकों में हल्के हिमपात का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार 21 से 25 अप्रैल तक आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है, लेकिन दोपहर में गरज के साथ बारिश हो सकती है। बुधवार को कश्मीर घाटी में रात का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया।

## महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश से एक सप्ताह में गई 10 की जान

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में नौ अप्रैल के बाद एक सप्ताह में बेमौसम बारिश के कारण 10 लोगों और 150 पशुओं की मौत हो गई। राज्य के राजस्व विभाग द्वारा तैयार की गई एक प्राथमिक रिपोर्ट में यह



जानकारी दी गई है। मराठवाड़ा क्षेत्र में आठ जिले आते हैं, जिनमें छत्रपति शिवाजी नगर, जालना, बीड, परभणी, लातूर, नांदेड़, धाराशिव और हिंगोली शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मराठवाड़ा के विभिन्न हिस्सों में नौ अप्रैल से कई बार बेमौसम बारिश हो चुकी है, जिससे लोगों और पशुओं की मौत हुई है, बारिश और ओले गिरने से क्षेत्र के 481 गांवों में 450 मकानों को नुकसान हुआ है। बेमौसम बारिश और ओले गिरने से 9,127 किसानों की 5,256 .86 हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसल को नुकसान हुआ है। नौ अप्रैल के बाद से बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने 10 लोगों की जान ले ली, जबकि कई अन्य घायल हो गए। बीड जिले में सबसे ज्यादा तीन लोगों की मौत हुई, इसके बाद छत्रपति संभाजीनगर, परभणी और लातूर जिलों में दो-दो जबकि हिंगोली में एक व्यक्ति की मौत हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि बेमौसम बारिश में 117 दुधारू पशुओं समेत 152 पशुओं की मौत हो गई।

# मुइज्जू पर भ्रष्टाचार के आरोप की रिपोर्ट लीक, मालदीव में विवाद

माले, एजेंसी

- राजनीति से जुड़े व्यक्तियों के साथ संलिप्तता और गबन को छिपाने के लिए कॉर्पोरेट संस्थाओं के उपयोग का रिपोर्ट में खुलासा

मालदीव में संसदीय चुनाव से ठीक पहले, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के 2018 से किए गए कथित भ्रष्टाचार की रिपोर्ट लीक होने के बाद विपक्षी दलों ने मामले की जांच और उन पर महाभियोग की मांग शुरू कर दी है, वहीं राष्ट्रपति ने आरोप को खारिज कर दिया है।

मालदीव में मजलिस (संसद) के लिए रविवार को चुनाव होने हैं और मुख्य विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है। स्थानीय मीडिया की खबरों में कहा गया है कि देश में राजनीतिक तूफान सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक गुमनाम हैंडल हसन कुरुसी द्वारा एक किए गए एक पोस्ट से शुरू हुआ। पोस्ट में मालदीव पुलिस सेवा और मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण की वित्तीय खुफिया इकाई द्वारा तैयार किए गए दस्तावेजों सहित खुफिया रिपोर्ट लीक कर दी गई, जो कथित तौर पर राष्ट्रपति मुइज्जू से संबंधित है। समाचार पोर्टल मालदीव रिपब्लिक के अनुसार 2018 की इन रिपोर्ट में राष्ट्रपति मुइज्जू के निजी बैंक खाते में धन अंतरण में अनियमितताओं का दावा किया गया है। समाचार पोर्टल ने कहा कि इन संकेतकों से राजनीति से जुड़े व्यक्तियों के साथ संलिप्तता, गबन, रकम के लेनदेन को छिपाने के लिए कॉर्पोरेट संस्थाओं के उपयोग आदि का पता लगता है।

## एक नजर



### सोलोमन द्वीप के संसदीय चुनाव लिए हुआ मतदान, 334 उम्मीदवार मैदान में

**होनियारा।** सोलोमन द्वीप के संसदीय चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हो रहा है। संसदीय चुनाव में 50 सीटों के लिए कुल 334 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदाता संयुक्त चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिनमें राष्ट्रीय और प्रांतीय दोनों चुनाव शामिल होंगे। प्रांतीय विधानसभाओं में पदों के लिए कुल 816 उम्मीदवार और होनियारा सिटी काउंसिल के लिए 89 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

### बोलीविया में हादसा, बस गहरी खाई में गिरी, पांच लोगों की मौत, 35 घायल

**ला पाज।** पूर्वी बोलीविया में एक बस के राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होकर 20 मीटर से अधिक गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 35 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना मंगलवार को घटित हुई। आपातकालीन विभाग और पुलिस कर्मियों को सांता क्रूज़ विभाग, क्वीन शहर में दुर्घटनास्थल पर भेजा गया था। बस संचालित करने वाली परिवहन कंपनी के अनुसार, बस सोमवार को अपराह्न में दक्षिण-पश्चिम में पोटोसी विभाग से सांता क्रूज क्रूज डे ला सिएरा शहर के लिए रवाना हुई थी।

### चीन के अंतरिक्ष यान, वाहक रॉकेट लॉन्चिंग में स्थानांतरित

**बीजिंग।** चीन के मानवयुक्त शेह्जहोउ-18 चालक दल वाले अंतरिक्ष यान और लॉन्ग मार्च-2एफ वाहक रॉकेट के संयोजन को प्रक्षेपण के लिए लॉन्चिंग क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने बुधवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम चीन में अंतरिक्ष यान और वाहक रॉकेट को जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर पर पहुंचाया गया और यहां सुविधाएं तथा इसके उपकरण बेहतर स्थिति में हैं। इसे भविष्य में लॉन्च करने से पहले फंक्शन जांच और संयुक्त परीक्षण योजना के अनुसार किए जाएंगे।

### जापान में लोगों की जान के लिए खतरा बने भालुओं को मारने की अनुमति

**टोक्यो।** जापान सरकार ने देश में काले भालुओं को छोड़कर लोगों की जान के लिए खतरा बने अन्य भालुओं को मारने की अनुमति दे दी है। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023 से मार्च के दौरान 19 प्रान्तों में भालू के हमलों का शिकार हुए 219 लोगों में से छह की मौत हो गई। मंत्रालय ने घोषणा की है कि नामित प्रबंधन वन्यजीव की सूची में पश्चिम जापान के शिकोकु में विचरण करने वाले काले भालुओं को जोड़ा जाएगा।

### स्वीडन की संसद ने लिंग परिवर्तन को आसान बनाने के लिए कानून पारित

**स्टॉकहोम।** स्वीडन की संसद ने बुधवार को एक कानून पारित कर कानूनी रूप से अपना लिंग परिवर्तन कराने वाले लोगों के लिए आवश्यक आयु सीमा 18 साल से घटाकर 16 साल कर दी। कानून के अनुसार, 18 वर्ष से कम आयु के युवाओं को लिंग परिवर्तन कराने के लिए एक अभिभावक, एक डॉक्टर और राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं कल्याण बोर्ड की मंजूरी की आवश्यकता होगी। विधेयक के पक्ष में 234 और विरोध में 94 वोट पड़े।

# ईरान ने गलत किया, संयम रखें नेतन्याहू: सुनक

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोले- अलग-थलग पड़ गया है ईरान, हमले पर कार्रवाई का निर्णय ले रहा इजराइल

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ईरान के मिसाइल हमलों के मद्देनजर अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से संयम बरतने को कहा है। उधर, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन बुधवार को वार्ता के लिए तेल अवीव पहुंचे।



सुनक ने फोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय स्थिरता के लिए ब्रिटेन के दृढ़ समर्थन को दोहराया और इजराइली नेता से कहा कि ईरान ने गलत तरह से कदम उठाया है और परिणामस्वरूप वह वैश्विक मंच पर अलग-थलग पड़ गया है। ऐसा माना जाता है कि नेतन्याहू ने शनिवार को इजराइल पर ईरान के अभूतपूर्व प्रत्यक्ष हमले की स्थिति में ब्रिटेन को उसके मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय-सह-आवास डाउनिंग स्ट्रीट की ओर से मंगलवार शाम को फोन कॉल की जानकारी दी गई। इसमें बताया गया प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि ईरान ने बहुत खराब तरीके से गलत अनुमान लगाकर कदम उठाया है और वैश्विक मंच पर वह अलग-थलग पड़ गया है। गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष पर सुनक ने नेतन्याहू से कहा कि वह गहराते मानवीय संकट को लेकर बहुत चिंतित हैं।



इजरायली हवाई हमले के बाद अबो अल हनूद परिवार की आवासीय इमारत पर लोगों की तलाश करते फिलिस्तीनी।

### इजराइली हमले में तीन की मौत

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी शहर शेहाबिया में इजरायल की ओर से किए गए हमले में हिजबुल्लाह के दो लड़ाके और एक अमल मूवमेंट सदस्य की मौत हो गई और तीन नागरिक घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने कहा कि इजरायली ड्रोन ने मंगलवार शाम को हवा से सतह पर मार करने वाली तीन मिसाइलें दागीं, जिससे कई दुकानें और 22 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। सूत्रों के मुताबिक, इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के इलाकों में छह हवाई हमले किए और कई कस्बों और गांवों पर गोले दागे। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कई इजरायली साइटों पर हमला किया। एक लेबनानी सैन्य सूत्र ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि अपराह्न में लेबनान से उत्तरी इजरायल की ओर 100 से अधिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से कुछ को इजरायली आयरन डोम मिसाइलों द्वारा रोक दिया गया। इससे पहले दिन में, दक्षिणी लेबनानी गांव ऐन बाल में एक नागरिक कार पर इजरायली हमले में हिजबुल्लाह का एक स्थानीय नेता मारा गया था। पीड़ित की पहचान शेहबिया शहर के अबू जाफ़र बाज़ के रूप में की गई।

### सख्त भी हो और संघर्ष भी न बढ़े ऐसी कार्रवाई की उम्मीद: कैमरन

**यरूशलम।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने बुधवार को कहा कि सप्ताहांत में ईरान द्वारा किए गए मिसाइल और ड्रोन हमले के जवाब में इजराइल कार्रवाई करने का निर्णय ले रहा है। इस बीच, ईरान ने चेतावनी दी कि उसके क्षेत्र में किसी छोटे से हमले का भी कठोर जवाब दिया जाएगा। इजराइल ने ईरान के अभूतपूर्व हमले का जवाब देने का संकल्प लिया है लेकिन इस बारे में कुछ नहीं कहा है कि कार्रवाई कब और कैसे की जाएगी। कैमरन ने कहा कि यह स्पष्ट है कि इजराइल ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय ले रहा है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह इसे इस तरह अंजाम देगा जो सख्त भी हो और इससे ज्यादा संघर्ष भी न बढ़े।

### अमेरिका ईरान के मिसाइल, ड्रोन कार्यक्रमों पर लगाएगा नए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान पर उसके मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों सहित अन्य मुद्दे पर नए प्रतिबंध लगाएगा। सुलिवन ने मंगलवार को कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान को निशाना बनाते हुए उसके मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों सहित अन्य मामलों में नए प्रतिबंध लगाएगा। साथ ही इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और ईरान के रक्षा मंत्रालय का समर्थन करने वाली संस्थाओं के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिका पूरे पश्चिम एशिया में वायु और मिसाइल रक्षा प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के एकीकरण को मजबूत और विस्तारित करता रहेगा।

# यूक्रेन के चेर्निहाइव में रूसी मिसाइल हमला, 17 की मौत

**कीव।** रूस की तरफ से दागी गई तीन मिसाइल बुधवार को उत्तरी यूक्रेन के चेर्निहाइव में आठ मंजिला इमारत पर गिरीं जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने बताया कि हमले में दो बच्चों सहित कम से कम 61 लोग घायल हो गए। चेर्निहाइव राजधानी कीव से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर में, रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है और इसकी आबादी लगभग 2,50,000 है।

- 61 लोग घायल पश्चिमी देशों से सैन्य मदद न मिलने से कमजोर पड़ रहा यूक्रेन
- पिछले दिनों यूक्रेन के एक सबसे बड़े बिजली संयंत्र को रूस ने कर दिया था नष्ट

पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को अतिरिक्त सैन्य साजो सामान मुहैया नहीं कराए जाने से रूस के खिलाफ युद्ध में उसकी स्थिति कमजोर पड़ती जा रही है। युद्ध के तीसरे वर्ष में प्रवेश करने के साथ रूस यूक्रेन में लगातार बढ़त बना रहा है। हालांकि, सर्दियों के महीनों के दौरान, रूस युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर कोई प्रगति नहीं कर पाया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से उनके देश को और अधिक वायु रक्षा प्रणालियां प्रदान करने का अनुरोध किया है। उन्होंने चेर्निहाइव हमले के बारे में कहा कि अगर यूक्रेन को पर्याप्त वायु रक्षा उपकरण मिले होते और रूसी आतंक का मुकाबला करने के लिए दुनिया का दृढ़ संकल्प होता, तो ऐसा नहीं होता। जेलेंस्की ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि मिसाइल और ड्रोन हमले से बचाव करते हुए यूक्रेन के पास वायु रक्षा मिसाइलें खत्म हो गई हैं।

## पाकिस्तान में 63 हुई बारिश से मरने वालों की संख्या

**पेशावर।** पाकिस्तान में बिजली गिरने और भारी बारिश की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पिछले चार दिनों से जारी बेहद खराब मौसम के कारण कम से कम 63 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।


आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता खुर्शीद अनवर ने बताया कि ज्यादातर मौतें पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम में स्थित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई हैं। प्रांत में इमारत के ढहने से 32 लोगों की मौत हो गयी, जिसमें 15 बच्चे और पांच महिलाएं शामिल थीं। अनवर ने बताया कि उत्तर पश्चिम में दर्जनों लोग घायल हुए हैं और 1370 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बिजली गिरने और मकान ढहने की घटनाओं में 21 लोगों की मौत गयी।

# यूएई में रिकॉर्ड बारिश, दुबई हवाई अड्डे में भरा पानी

दुबई, एजेंसी

रेगिस्तानी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई, जिससे अधिकतर क्षेत्रों में लोगों को भारी जलभराव का सामना करना पड़ा। भारी बारिश के चलते दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में बाढ़ जैसे हालात बनने से बड़े पैमाने पर उड़ानें प्रभावित हुईं।

सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के मुताबिक, मंगलवार को हुई बारिश एक ऐतिहासिक मौसमी घटना है, जो 1949 में डेटा संग्रह की शुरुआत के बाद से दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है। बहरीन, ओमान, कतर और सऊदी अरब में भी बारिश हुई। हालांकि, पूरे संयुक्त अरब अमीरात में तेज बारिश देखी गई। माना जा रहा है कि क्लाउड सीडिंग भारी बारिश का कारण बनी क्योंकि सरकार ने कृत्रिम बारिश के प्रयास के तहत



छोटे विमान तैनात किए थे। कई रिपोर्ट में राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानियों के हवाले से कहा गया है कि बारिश से पहले छह या सात 'क्लाउड सीडिंग' उड़ानें भरी गई थीं। यूएई अपने घटते, सीमित भूजल को बढ़ाने के लिए 'क्लाउड सीडिंग' का सहारा लेता है। दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकत्र किए गए मौसम संबंधी आंकड़ों के अनुसार, बारिश सोमवार देर रात से शुरू हुई जिसके बाद लगभग 20 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण दुबई की सड़कों पर जलभराव हो गया। इसके बाद मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजे के आसपास तेज आंधी आई और फिर ये पूरे दिन जारी रही। इसके साथ ही भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। मंगलवार के अंत तक, 24 घंटों में 142 मिलीमीटर से अधिक बारिश ने दुबई में बाढ़ जैसे हालात बना दिए। एक दंपति ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बुधवार को बताया कि हवाई अड्डे पर स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि आपको टैक्सी नहीं मिल सकती। मेट्रो स्टेशन पर लोग सो रहे हैं। हवाई अड्डे पर लोग सो रहे हैं।

### यूएई में बारिश ने तोड़े 75 वर्षों के सारे रिकॉर्ड

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को 75 वर्षों में एक दिन में सबसे अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। मूसलाधार बारिश के कारण व्यापक बाढ़, यात्रा में व्यवधान और क्षति हुई। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 1949 में रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बाद 75 वर्षों में यह सबसे अधिक बारिश हुई है। अल ऐन में 24 घंटों के भीतर 254 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो दो साल की औसत वर्षा के बराबर है।

## पाकिस्तानी कोर्ट ने दो सीटों पर निर्वाचन किया रद

**लाहौर।** पाकिस्तान में लाहौर उच्च न्यायालय की अलग-अलग पीठों ने पंजाब प्रांत की दो संसदीय सीटों गुजरांवाला और लोधरान से पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएलएन) के दो उम्मीदवारों की नेशनल असेंबली में हुई जीत की अधिसूचना को रद्द कर दिया है। ऐसे पार्टी ने दोनों सीटों को गंवा दिया है।

डॉन न्यूज की खबर के मुताबिक, मंगलवार को लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शाहिद करीम ने नेशनल असेंबली 81 (गुजरांवाला) से जीते अजहर कय्यूम नाहरा के खिलाफ एक आदेश पारित किया। न्यायाधीश ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अगुवाई वाली पीटीआई द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार चौधरी बिलाल इजाज की याचिका पर यह फैसला सुनाया।

## नवनियुक्त भारतीय दूत ने रूसी विदेश मंत्री से की मुलाकात

**मॉस्को।** भारत और रूस ने उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता से पहले समसामयिक क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बुधवार को चर्चा की। इस वार्ता से दोनों देशों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ टेलीफोन पर अलग-अलग बातचीत करने के कुछ दिन बाद रूस में भारत के नव नियुक्त राजदूत विनय कुमार ने यहां रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। मॉस्को में भारतीय मिशन के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर किए गए पोस्ट में कहा गया है राजदूत विनय ने विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से शिष्टाचार भेंट की। सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं ने कहा कि वे मोदी को शांतिदूत के रूप में देखते हैं।

# भारत के साथ साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है अमेरिका : सुलिवन

वाशिंगटन, एजेंसी



- राष्ट्रपति जो बाइडन के शीर्ष सुरक्षा सलाहकार ने की कई मुद्दों पर बातचीत

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने नई दिल्ली की अपनी यात्रा रद्द करने की घोषणा के एक दिन बाद कहा है कि वह भारत के साथ परिणामी और बहुआयामी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध हैं। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सुलिवन की भारत यात्रा इस साल दूसरी बार मंगलवार को स्थगित कर दी गई। इस बार इजराइल और ईरान के बीच जारी हुए संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में बदलती परिस्थितियों के कारण उनकी यात्रा स्थगित की गई है। सुलिवन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं और वह अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के साथ अन्य मुद्दों के अलावा इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज (आईसीईटी) के कार्यान्वयन में प्रगति पर व्यापक बातचीत करने वाले थे। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, एनएसए सुलिवन अगली संभावित तारीख पर आईसीईटी वार्षिक समीक्षा आयोजित करने के लिए उत्सुक हैं और भारत के साथ हमारी गहन परिणामी और बहुआयामी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध हैं। आईसीईटी अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक व्यक्तिगत पहल है। दोनों नेताओं ने पहली बार मई 2022 में इस पहल

## रक्षा सहयोग में मील का पत्थर होगी आईटी प्रयोगशाला: पांडे

**नई दिल्ली।** थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को उज्बेकिस्तान की यात्रा के दौरान उज्बेक सशस्त्र बल अकादमी में एक अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

भारतीय सेना के सूत्रों ने कहा कि सितंबर 2018 में रक्षामंत्रियों की बैठक के दौरान की गई प्रतिबद्धता के बाद यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग में मील का एक पत्थर है। जनरल पांडे द्विपक्षीय सैन्य सहयोग के नए रास्ते तलाशने के लिए 15 से 18 अप्रैल तक उज्बेकिस्तान की यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्रालय ने पूर्व में एक बयान में कहा था कि जनरल पांडे का कई रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा करने के अलावा मध्य एशियाई राष्ट्र के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक बातचीत करने का कार्यक्रम है।

## अनोखी खोज

### किसी पिंड द्वारा प्रलयंकारी घटना से ह्रदय की आकृति की संरचना बनी

# प्लूटो के सीने में भी धड़कता है दिल...

अमृत विचार, नैनीताल:

नन्हा ग्रह प्लूटो के सीने में भी दिल धड़कता है। नासा के न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने प्लूटो के दिल की आश्चर्यजनक खोज की है। वैज्ञानिकों का मानना है कि किसी पिंड द्वारा प्रलयंकारी घटना से प्लूटो में ह्रदय की आकृति की संरचना हुई होगी।

प्लूटो सौर मंडल का ऐसा ग्रह है, जो अक्सर विवादों में घिरा रहता है। हालाकि अब यह बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल हो गया है, लेकिन वैज्ञानिकों एक वर्ग आज भी इसे बौना न मानकर ग्रह की संज्ञा ही देता है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों के बीच जबरदस्त बहस आज भी जारी है। लिहाजा प्लूटो पर मिलने वाली कोई भी खबर सोशल मीडिया पर एकदम ट्रोल होने लगती है। अब जो खबर आई है , वह चौकाने वाली है। वैज्ञानिकों ने इस बौने ग्रह के सीने में दिल ढूंढ निकाला । नासा के न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने पहली बार प्लूटो के दिल की जासूसी 2015 में की थी। प्लूटो की दुनिया बहुत छोटी है। जिसकी संरचना



का पता लगाने में अंतरिक्ष यान को अधिक समय नही लगा और दिल के आकार की इस जगह खोज निकाला।

वैज्ञानिकों ने अपनी सुविधा के लिए इस दिलनुमा जगह का नाम टॉमबॉघ रेजियो रख दिया। प्लूटो के अतीत की बात करें तो 1930 मे इसकी खोज हुई । 2006 तक यह ग्रह की श्रेणी में गिना जाता था। मगर 2006 में ग्रह की परिभाषा बदल जाने के बाद इसे बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल कर दिया गया। तब से इस पर शुरू हुई बहस आज तक थम नही पाई है। इधर प्लूटो पर स्थित ह्रदय ने अपने अनोखे आकार, भूवैज्ञानिक संरचना और ऊंचाई की स्थिति को लेकर वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। इसके दिल की संरचना का पता लगाने के लिए वैज्ञानिकों ने संख्यात्मक सिमुलेशन का उपयोग किया। तब यह पता चला कि एक पिंड की प्रलयंकारी घटना से प्लूटो के ह्रदय का निर्माण हुआ, जो 650 किमी व्यास से थोड़ा अधिक बड़ा व्यास का है।

### पहले की धारणा से भिन्न है प्लूटो की संरचना

**नैनीताल:** पूर्व में समझा जाता कि इसकी संरचना समतल है, लेकिन नई जानकारी पहले से जुदा है। जिसमें संभवत: जल भी है। शायद समुद्र भी हो। स्विट्जरलैंड के बर्न विश्वविद्यालय और टक्सन, एरिजोना विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने प्लूटो के रहस्य से पर्दा उठाया है। विज्ञान पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।